दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

■ Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 246 | जयपुर | गुरुवार ,10 जुलाई, 2025 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 10

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


## वोटर वेरिफिकेशन के विरोध में महागठबंधन का बिहार बंद

### 7 शहरों में ट्रेनें रोकीं, 12 नेशनल हाईवे जाम; ईसी ऑफिस नहीं पहुंच सके राहुल-तेजस्वी

बढ़ता राजस्थान

**पटना ( एजेंसी )।** बिहार में बुधवार को महागठबंधन ने चुनाव आयोग के वोटर वेरिफिकेशन के विरोध में बंद का आह्वान किया। इस दौरान 7 शहरों में ट्रेनें रोकीं गईं और 12 नेशनल हाईवे जाम किए गए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी विरोध में शामिल होने के लिए दिल्ली से पटना पहुंचे और यहां विरोध रैली में शामिल हुए। उनके साथ तेजस्वी यादव और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी भी शामिल हुए। इनकम टैक्स चौराहे से राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और दीपांकर भट्टाचार्य एक गाड़ी पर सवार होकर प्रदर्शन करते चुनाव आयोग के ऑफिस के लिए निकले। पुलिस ने सभी नेताओं को सचिवालय थाने के पास बैरिकेडिंग कर रोक दिया। उन्हें यहां से आगे जाने की परमिशन नहीं दी गई। यहीं से कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के बाद सभी नेता लौट गए। यहां से चुनाव आयोग का ऑफिस करीब 150 मीटर दूर था।



**7 जगह ट्रेनें रोकीं, 12 नेशनल हाईवे जाम किए**

बिहार बंद के दौरान 12 नेशनल हाईवे जाम किए गए। समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, बेगूसराय, कटिहार, सुपौल, मधेपुरा, मोतिहारी, वैशाली, पटना और औरंगाबाद में लोग घंटों जाम में फंसे रहे। दरभंगा, भोजपुर, सुपौल, जहानाबाद, पटना, मुंगेर, अररिया रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों को रोका गया। बिहार में हो रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई को तैयार हो गया है। 10 जुलाई को मामले की सुनवाई होगी। 5 जुलाई को गैर सरकारी संस्था एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने स्ट्ष्ट में याचिका दाखिल कर बिहार में वोटर लिस्ट पुनरीक्षण के चुनाव आयोग के आदेश को रद्द करने की मांग की है।

### राहुल बोले- महाराष्ट्र की तरह बिहार चुनाव में चोरी की कोशिश

राहुल गांधी ने कहा, चुनाव आयोग मैं आपको साफ बोल रहा हूं। मैं बिहार और हिन्दुस्तान की जनता को स्पष्ट कह रहा हूं कि महाराष्ट्र का चुनाव चोरी किया गया था और वैसे ही बिहार को चुनाव चोरी करने की कोशिश की जा रही है। उन्हें पता है कि हमने महाराष्ट्र मॉडल समझ लिया इसलिए वे बिहार मॉडल लाए हैं। ये गरीबों के वोट छीनने का तरीका है। ये बिहार है और बिहार की जनता ये नहीं होने देगी। हमारे लोग चुनाव आयोग से जाकर मिले। मैं नहीं जा पाया था। इलेक्शन कमीशन बीजेपी और आरएसएस नेताओं की तरह बात कर रहे हैं। वो भूल गए कि वो भाजपा नेता नहीं हैं। मैं कहता हूं आपको जो करना है करिए, लेकिन बाद में कानून आप पर हावी होगा। बिहार बंद में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी), कांग्रेस, वाम दल, वीआईपी पार्टी और जन अधिकार पार्टी (पप्पू यादव) समेत महागठबंधन के 6 से ज्यादा दल शामिल हैं।

## राजस्थान में 11 हजार कर्मचारी हड़ताल पर

### राष्ट्रव्यापी हड़ताल के तहत प्रदेशभर में प्रदर्शन; बीमा, डाक, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं पर भी असर




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध समेत 17 मांगों को लेकर देशभर के बैंक कर्मचारी बुधवार को हड़ताल पर है। प्रदेशभर के लगभग 11 हजार बैंक कर्मचारी और अधिकारी कामकाज से दूर रहेंगे। राजस्थान प्रदेश बैंक कर्मचारी यूनियन के महासचिव महेश मिश्रा ने बताया- इस राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल में सार्वजनिक, निजी, विदेशी, सहकारी और ग्रामीण बैंकों के कर्मचारी-अधिकारी शामिल है।इसके चलते बुधवार को उदयपुर में बैंक कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। टाउन हॉल रोड पर बैंक कर्मियों ने प्रदर्शन कर अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की।यह हड़ताल केंद्र सरकार की श्रम विरोधी नीतियों और बैंकों के निजीकरण के खिलाफ है। बैंककर्मी पुरानी पेंशन योजना लागू करने, आउटसोर्सिंग पर रोक, पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था और कॉर्पोरेट लोन की वसूली जैसे मुद्दों को लेकर एकजुट हो रहे हैं।

**निजीकरण, कॉन्ट्रैक्ट भर्ती और आउटसोर्सिंग के खिलाफ मोर्चा**

राजस्थान प्रदेश बैंक एम्प्लॉयज यूनियन के सचिव और पीएनबी एम्प्लॉयज यूनियन के अध्यक्ष टी सी झालानी ने बताया- यह हड़ताल सिर्फ बैंकिंग सेक्टर तक सीमित नहीं है। बल्कि बीमा, डाक, आयकर, बीएसएनएल, कोयला, रक्षा, आंगनबाड़ी, आशा, मिड-डे मील, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव, खेत-मजदूर और फैक्ट्री कर्मचारियों सहित कई क्षेत्रों के कामगार इसमें शामिल होंगे।

उन्होंने बताया- इस हड़ताल के जरिए सरकारी संस्थानों के निजीकरण और विनिवेश पर रोक, सभी सेक्टर्स में पर्याप्त भर्ती, आउटसोर्सिंग और संविदा व्यवस्था बंद करने, कॉर्पोरेट से एनपीए वसूली और बीमा प्रीमियम पर त्रस्ज्ञ हटाने की मांग की जा रही है।

## राजस्थान के चूरू में वायुसेना का जगुआर लड़ाकू विमान क्रैश

### पायलट और को-पायलट की मौत, शवों के टुकड़े मिले; गांव में बिखरा प्लेन का मलबा

बढ़ता राजस्थान

**चूरू ( नि.स. )।** राजस्थान के चूरू में भारतीय वायु सेना का जगुआर फाइटर जेट क्रैश हो गया है। इस हादसे में विमान के पायलट और को-पायलट शहीद हो गए हैं। जिस जगह प्लेन क्रैश हुआ, वहां बड़े इलाके में फाइटर जेट का मलबा बिखरा पड़ा है।यह हादसा बुधवार (9 जुलाई) को दोपहर 12 बजकर 40 मिनट पर हुआ। भारतीय वायु सेना ने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी गठित की है।चूरू एसपी जय यादव ने बताया- राजलदेसर थाना क्षेत्र के गांव भाणूदा में प्लेन क्रैश हुआ है। इसमें दो लोगों की मौत हुई है। मलबे के पास से बुरी तरह क्षत-विक्षत शव के टुकड़े मिले हैं। बताया जा रहा है कि हादसे से पहले तकनीकी कारणों से पायलट इजेक्ट नहीं कर पाए। पिछले 5 महीनों में देश भर में तीन जगुआर क्रैश हो चुके हैं।



## गुजरात में पुल टूटा, चलती गाड़ियां नदी में गिरीं

### 11 लोगों की मौत, 8 को बचाया; मध्य गुजरात का सौराष्ट्र से संपर्क टूटा

बढ़ता राजस्थान

**वडोदरा ( एजेंसी )।** हादसे के समय ब्रिज से गाड़ियां गुजर रही थीं। पुल टूटने पर दो ट्रक, दो कार और एक रिक्शा कुल पांच गाड़ियां नदी में गिर गईं। एक टैंकर टूटे सिरे पर फंस गया। हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 8 को स्थानीय लोगों ने बचाया। दो लोग लापता हैं। फायर ब्रिगेड की तीन टीमें रेस्क्यू में जुटी हैं। 45 साल पुराना यह ब्रिज मध्य गुजरात को सौराष्ट्र से जोड़ता है।पुल टूट जाने से भरूच, सूरत, नवसारी, तापी और वलसाड जैसे दक्षिण गुजरात के शहरों से सौराष्ट्र पहुंचने में ज्यादा समय लगेगा। अब इसके लिए अहमदाबाद होते हुए लंबा रास्ता लेना पड़ेगा। हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है और (प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष) से मृतकों के परिजनों को 2 लाख और घायलों को 50,000 की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है।

हादसे के बाद तुरंत ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और लोगों को रेस्क्यू किया। एक स्थानीय युवक ने बताया, %हम सुबह से ही बचाव अभियान चला रहे हैं। अब तक 9 शव बरामद हुए हैं, जिनमें से एक बच्चा है और एक बच्चा लापता है। इस दौरान हमें प्रशासन और अधिकारियों से कोई मदद नहीं मिली है।



इनका कहना है कि 45 साल पुराने इस पुल की मरम्मत के लिए प्रशासन को कई बार सूचित किया जा चुका है। प्रशासन की तरफ से कोई कार्रवाई न किए जाने के कारण आज यह हादसा हुआ है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस हादसे के लिए पूरी तरह से प्रशासन ही जिम्मेदार है।

**बाइक के साथ मैं और मेरा दोस्त नदी में गिरे-** हादसे में घायल राजूभाई अठिया ने बताया, मैं और मेरा दोस्त द्वारका से अंकलेश्वर जा रहे थे। हम पुल पर थे तभी वह अचानक ढह गया और हम बाइक समेत नदी में गिर गए। मैं पानी से बाहर निकला और एक गाड़ी के ऊपर चढ़कर बैठ गया। मेरा दोस्त लापता है। थोड़ी देर बाद लोग नाव लेकर मदद के लिए आए।

**बाइक के पंक्चर होने से जान बच गई-** ब्रिज से गुजर रहे महेशभाई परमार (उम्र 23) भी इस घटना में बाल-बाल बच गए। महेश ने बताया, हम दो दोस्त काम पर जा रहे थे। पुल के पास ही बाइक पंक्चर हो गई। पंक्चर ठीक करवाने के बाद हम ब्रिज पर जैसे ही पहुंचे, तभी अचानक पुल टूट गया। हम तीन-चार गाड़ियों के पीछे थे। देखा तो एक इको कार, एक पिकअप और एक ट्रक पुल से नीचे गिर गए थे। नीचे चीख-पुकार मची थी।



गाड़ियां गिरते ही मैंने ब्रेक लगाया॰ हादसे के चश्मदीद 25 साल के संजयभाई सोमाभाई चावड़ा ने बताया कि हम तीन दोस्त बाइक से काम पर जा रहे थे। तभी अचानक मुझे ब्रेक लगाना पड़ा, क्योंकि पुल बीच में से टूट गया था। ब्रेक नहीं लगाते तो हम भी हादसे का शिकार हो गए थे।

एक महिला डूबती दिखी, हमने उन्हें बचा लिया॰ स्थानीय अतुल पढियार ने कहा कि हादसे की खबर मिलते ही मैं और मेरे एक साथी तुरंत रिक्शा लेकर वहां पहुंचे। हमने देखा कि लोग मदद के लिए चिल्ला रहे थे।

## मोदी को नामीबिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**विंडहोक ( एजेंसी )।** नामीबिया की राष्ट्रपति डॉ. नेटुम्बो नंदी-नदैतवाह ने मोदी को ऑर्डर ऑफ द मोस्ट एंशिएंट वेल्वित्चिया मिराबिलिस अवॉर्ड दिया। नामीबिया की राष्ट्रपति डॉ. नेटुम्बो नंदी-नदैतवाह ने मोदी को ऑर्डर ऑफ द मोस्ट एंशिएंट वेल्वित्चिया मिराबिलिस% अवॉर्ड दिया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बुधवार को नामीबिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ द मोस्ट एंशिएंट वेल्वित्चिया मिराबिलिस से सम्मानित किया गया। नामीबिया की राष्ट्रपति डॉ. नेटुम्बो नंदी-नदैतवाह ने उन्हें यह सम्मान दिया।

## जेपी नड्डा ने मंडी के आपदा प्रभावित इलाकों का किया दौरा

बढ़ता राजस्थान

**शिमला ( एजेंसी )।** जेपी नड्डा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में लगभग 51 स्थानों पर प्राकृतिक आपदाओं के कारण गंभीर त्रासदी हुई है, जान-माल का नुकसान हुआ है। मैं अपनी और पार्टी की ओर से गहरा दु:ख व्यक्त करना चाहता हूँ। इससे हिमाचल के लोगों का दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। यहाँ राहत कार्य तेज़ी से चलाए जा रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंडी ज़िले के थुनाग में बादल फटने और भारी बारिश से प्रभावित लोगों से मुलाकात की और इलाकों का दौरा किया। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर भी मौजूद रहे।

## भारतीय मूल के सबीह खान एपल में सीओओ बने

### पिचाई और नडेला जैसे लीडर्स की लिस्ट में शामिल, टिम कुक बोले- सबीह एक शानदार स्ट्रैटजिस्ट

बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन( एजेंसी )।** 1995 में सबीह ने एपल में अपने करियर की शुरुआत की। शुरुआत में वो कंपनी के प्रोक्योरमेंट ग्रुप में शामिल हुए। पिछले 30 सालों में उन्होंने एपल के कई अहम रोल निभाए हैं।एपल ने भारतीय मूल के सबीह खान को कंपनी का नया चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर बनाया है। वो इस महीने के अंत में जेफ विलियम्स की जगह लेंगे। जेफ 2015 से इस पद पर हैं।सबीह ने मुरादाबाद जैसे छोटे शहर से निकलकर टेक्नोलॉजी की दुनिया में ये मुकाम हासिल किया है। 2019 में वो एपल के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट ऑफ ऑपरेशंस बने थे।सबीह खान गूगल के ष्टश्वह सुंदर पिचाई और माइक्रोसॉफ्ट के ष्टश्वह सत्या नडेला जैसे भारतीय मूल के उन ग्लोबल लीडर्स की लिस्ट में शामिल हो गए हैं।



**ग्लोबल सप्लाई चेन को मैनेज करते हैं सबीह**

सबीह खान एपल की ग्लोबल सप्लाई चेन को मैनेज करते हैं। इसका मतलब है कि वो प्रोडक्ट की क्वालिटी, प्लानिंग, खरीद, मैन्युफैक्चरिंग, लॉजिस्टिक्स और प्रोडक्ट डिलीवरी जैसे कामों की जिम्मेदारी संभालते हैं।






## ट्रंप का सर लाने वाले को 20 करोड़ का ईनाम

### ईरान के धर्मगुरुओं ने जारी किया फतवा

बढ़ता राजस्थान

**तेहरान ( एजेंसी )।** ईरान के कट्टरपंथी नेता ने ट्रंप की हत्या पर ईनाम रखा है। अमेरिकी राष्ट्रपति के सिर पर 20 करोड़ रुपए के इनाम का ऐलान किया गया है। ईरान के पश्चिम अजरबैजान प्रांत के एक प्रमुख धार्मिक नेता मंसूर इमामी ने एक सभा में कहा है कि जो कई भी ट्रंप का सिर लाएगा उसे हम 100 अरब डोमान देंगे।

ईरान के आंखों की दो ही किरकिरी हैं। एक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तो दूसरे इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू। अब इन दोनों ही नेताओं पर कभी ईरान के धर्मगुरुओं की तरफ से फतवे जारी किए जाते हैं तो कभी इनकी मौत पर इनाम की घोषणा की जाती है। अब ईरानी अधिकारी ने चेतावनी दी है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अब अपने फ्लोरिडा स्थित आवास, मार-ए-लागो में सुरक्षित नहीं हैं, और संकेत दिया है कि धूप सेंकते समय भी उन्हें निशाना बनाया जा सकता है। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के करीबी सलाहकार और एक प्रमुख राजनीतिक हस्ती जावेद लारीजानी ने एक टेलीविज़न साक्षात्कार में कहा कि ट्रम्प के कार्यों ने उन्हें निशाने पर ला दिया है। लारीजानी ने कहा कि ट्रम्प ने कुछ ऐसा कर दिया है कि अब वे मार-ए-लागो में धूप सेंक नहीं सकते। जब वे वहाँ पेट के बल धूप में लेटे होंगे, तो कोई छोटा ड्रोन उनकी नाभि में जा सकता है। यह बहुत आसान है।



सिर लाने पर 20 करोड़ रुपएका इनाम

ईरान के कट्टरपंथी नेता ने ट्रंप की हत्या पर ईनाम रखा है। अमेरिकी राष्ट्रपति के सिर पर 20 करोड़ रुपए के इनाम का ऐलान किया गया है। ईरान के पश्चिम अजरबैजान प्रांत के एक प्रमुख धार्मिक नेता मंसूर इमामी ने एक सभा में कहा है कि जो कई भी ट्रंप का सिर लाएगा उसे हम 100 अरब डोमान देंगे। मंसूर इमामी इस्लामी प्राचर संगठन प्रांतिय निदेशक हैं और ये बयान उन्होंने अजरी भाषा में दिया है। वहीं एक ईरानी वेबसाइट पर पब्लिक फंड रेजिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें दावा किया जा रहा हैकि ट्रंप की हत्या के लिए 20 मिनियन डॉलर तक एकट्ठा हो चुका है।

ईरानी धर्मगुरुओं ने जारी किया फतवा

इससे पहले ईरान के दो शिया धर्मगुरुओं ने ट्रंप और नेतन्याहू के खिलाफ मौत का फतवा जारी किया था।


**सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर( राज. )** 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, नि[illegible]बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

## दुलेरी के राजकीय विद्यालय में किया पौधारोपण



बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** कस्बे के निकटवर्ती गांव दुलेरी के राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय में पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। बुधवार को विद्यालय में हुए पौधारोपण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रभारी लक्ष्मीनारायण उपाध्याय (वृक्ष मित्र) ने बताया कि हरियालों राजस्थान अभियान व एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विद्यालय परिसर में 151 पौधे लगाए गए तथा इनकी सार संभाल की जिम्मेदारी ली गई। इसके साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों और उनके अभिभावकों को भी 150 पौधे वितरित किए गए। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक सुभाष चंद्र पचार, मोहनलाल सिहाग, भंवरलाल शर्मा, ओमवीर वर्मा, अनीता, सरोज, संजू , माधोसिंह, शिवसिंह, बजरंग सिंह, पवन सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन विद्या कुमारी तेतरवाल ने किया।

## एम.बी. हॉस्पीटल में आज से रोगी व तिमारदारों को शाम को भी मिलेगा नि:शुल्क भोजन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** महाराणा भूपाल चिकित्सालय परिसर में निशुल्क भोजन वितरण सेवा समिति की आज एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें समिति द्वारा अनवरत रूप से प्रतिदिन चलायी जा रही नि:शुल्क भोजन सेवा के क्रम में 20 जुलाई गुरू पूर्णिमा से एम बी हॉस्पीटल में बाहर से आने वाले रोगियों व तिमारदारों को अब प्रतिदिन शाम को मूंग की दाल चावल मूंग की दाल की खिचड़ी भोजन के रूप में प्रारम्भ करने का निर्णय लिया गया। संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष केदारनाथ दादीस ने बताया कि बाहर गांव से आए रोगी और उनके परिजनों के शाम को होने वाली भोजन की समस्या को ध्यान में रखते हुए संस्थान की भोजशाला में प्रतिदिन 10 जुलाई गुरु पूर्णिमा से साय 6:00 बजे मूंग की दाल चावल, मूंग की दाल की खिचड़ी भोजन के रूप में प्रारम्भ की जायेगी और इसी के साथ रोटी बनाने की मात्रा बढ़ाने के लिए एक और मशीन लगाने के लिए सभी के समर्थन में जमकर सहमति जताई।अभी तक समिति की ओर से सुबह का तो भोजन चलाया जा रहा है। सस्थान के महासचिव महावीर नागदा जैन ने सभी सदस्यों एवं जन समूह से अपील की कि इस नेक कार्य करने के लिए अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करावें और इस सेवा कार्य को आज से ही क्रियान्वित रूप लाने में उचित कार्रवाई पर लग जाए और अपना भरपूर और हर साथी पूर्ण सहयोग देने का प्रयास करें। जिला अध्यक्ष राजकुमार सचदेव ने बताया कि किस कार्यक्रम के दौरान संस्थान के सभी सेवासाथी संरक्षक शंकर लाल तेजवानी, संरक्षिका रुचिका चौधरी, संरक्षक बसंत भट्ट, सरक्षक अशोक परिहार, राकेश चौधरी, रियाज अली, भोजनशाला सेवा प्रबंधन घनश्याम माली, मैनेजर स्वीटी जैन, प्रियंका माली शांति स्वरूप, विनीत तलेसरा, हेमंत कसारा, हेमंत दसोड़ा, सानू माली, सुनील सेन, हरिओम सेन, प्रहलाद सेन, पुरूषोत्तम माली, राजकुमार सांगानेरिया, सुनीता जैन, कैलाश बोराणा, दिनेश कसारा और उपस्थित रहे।

## राजकीय कार्यालयों में लापरवाही उजागर : राज्य स्तरीय निरीक्षण दल ने की छापेमारी, अनुपस्थित मिले 66 प्रतिशत अधिकारी व 43 प्रतिशत कर्मचारी



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग के निर्देश पर गठित राज्य स्तरीय निरीक्षण दल ने बुधवार सुबह जिला मुख्यालय ब्यावर के विभिन्न राजकीय कार्यालयों में आकस्मिक निरीक्षण कर भारी अनियमितताओं का पर्दाफाश किया। निरीक्षण दल का नेतृत्व सूर्य बहादुर वर्मा, उप शासन सचिव एवं अतिरिक्त निदेशक (निरीक्षण) ने किया। उनके साथ सहायक शासन सचिव सुनील कुमार शर्मा, अनुभाग अधिकारी महेन्द्र कुमार सरावता एवं सहायक अनुभाग अधिकारी चेना राम भदाला उपस्थित रहे। सुबह 9.45 बजे शुरू हुए निरीक्षण में जिले के विभिन्न सरकारी विभागों की उपस्थिति पंजिकाएं जांची गईं। इस दौरान कुल 54 उपस्थिति पंजिकाएं मौके पर ही जब्त की गईं। चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए — कुल 69 राजपत्रित अधिकारियों में से 46 अधिकारी अनुपस्थित पाए गए, जो कि 66.67प्रतिशत अनुपस्थिति दर को दर्शाता है। वहीं, 385 अराजपत्रित कर्मचारियों में से 167 कर्मचारी ड्यूटी पर अनुपस्थित मिले, जो कि 43.37प्रतिशत अनुपस्थिति को दर्शाता है। निरीक्षण दल ने सभी अनुपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की अनुशंसा करते हुए रिपोर्ट उच्च स्तर पर प्रस्तुत कर दी है। यह निरीक्षण प्रशासनिक जवाबदेही और अनुशासन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया था। प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि इस तरह की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी ऐसे औचक निरीक्षण जारी रहेंगे।

# स्व. रामदास अग्रवाल की जयन्ती पर उदयपुर में हुआ 306 यूनिट रक्तदान

### अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की उदयपुर इकाई द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के संस्थापक स्व.रामदास अग्रवाल की जयन्ती पर 1 से 10 जुलाई तक देश में चलाये जा रहे रक्तदान शिविर की श्रृखंला में बुधवार को उदयपुर जिला वैश्य महासम्मेलन द्वारा मेवाड़ मोटर्स गली स्थित वासुपूज्य महाराज मन्दिर का ट्रस्ट में आयोजित रक्तदान शिविर में 306 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इसमें लायंस क्लब उदयपुर एलीट, ऐ यू बैंक एवं श्री सक्षम सोसायटी सहयोगी रहे। उदयपुर जिलाध्यक्ष अनिल नाहर ने बताया कि शिविर में पुरूष, युवाओं, युवतियों सहित महिलाओं की बढ़चढ़ की हुई भागीदारी के कारण इन 306 यूनिट में 51 महिलाओं ने भी रक्तदान किया। शिविर में दिनेश चोर्डिया ने 88 वीं बार,दीपक खण्डेलवाल ने 79 एवं विजय सेठिया ने 54 वीं बार एवं आर जे अर्पित ने भी रक्तदान कर दूसरों के लिये प्रेरणा दी। शिविर में एमबी हॉस्पीटल के ब्लड बैंक एवं सरल ब्लड बैंक की भी भागीदारी रही। नाहर ने बताया कि देशभर में आयोजित किये जा रहे 10 दिवसीय रक्तदान शिविर के दौरान रक्तदान कराकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम भेजा जायेगा। मुख्य संरक्षक के के गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल, सकल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष शांतिलाल वेलावत, पूर्व उप महापौर पारस सिघंवी, वासुपूज्य महाराज मन्दिर का ट्रस्ट के अध्यक्ष राज लोढ़ा,एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक के क्षेत्रीय प्रबन्धक गजेन्द्र सिंह शेखावत, भाजपा जिलाध्यक्ष गजपालसिंह राठौड़ की गरिमामय उपस्थिति रही। शिविर में महामंत्री मदनलाल अग्रवाल, कोष्ज्ञाध्यक्ष हितेष भदादा, कार्यक्रम सूत्रधार प्रदीप विजयवर्गीय, कार्यक्रम संयोजक संजय अग्रवाल, संजय विजयवर्गीय, प्रकाश चेचाणी, राजकुमार खण्डेलवाल, दिनेश वेलावत, युवाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, महिलाध्यक्ष किरण विजयवर्गीय, महिला विंग की कार्यकारी अध्यक्ष पिंकी माण्डावत, युवा शाखा के महामंत्री आशीष हरकावत, महिला महामंत्री नीलम पेडिवाल सहित अनेक सदस्य व पदाधिकारी मौजूद थे। नाहर ने बताया कि सभी रक्तदाताओं को उपरना ओढ़ाकर एवं सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया। शिविर प्रात: 8 से दोपहर 3 बजे तक चला।

## ब्यावर जिले में 46 क्विंटल डोडा पोस्त, स्मैक, एमडीएमए, गांजा व अफीम के पौधे जलाकर नष्ट किये

**न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई, वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी के साथ नष्टीकरण**



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार ब्यावर जिले में विभिन्न थानों पर जब्त अवैध मादक पदार्थों का बुधवार को नियमानुसार नष्टीकरण (भस्मीकरण) किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक ब्यावर के नेतृत्व में गठित नष्टीकरण समिति की देखरेख में यह कार्रवाई की गई, जिसमें 38 प्रकरणों से संबंधित मादक पदार्थों को नष्ट किया गया। इस दौरान कुल 46 क्विंटल डोडा पोस्त, 2383 अफीम के पौधे, 26 ग्राम स्मैक, 125 ग्राम एमडीएमए तथा 27 किलोग्राम गांजा को न्यायालय से अनुमति प्राप्त कर ब्यावर शहर के बाहर स्थित श्री सीमेंट फैक्ट्री परिसर में जलाकर नष्ट किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक श्यामसिंह ने बताया कि पुलिस मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों के तहत एन.डी.पी.एस. एक्ट की धारा 52-ए की प्रक्रिया पूर्ण कर न्यायालय से आदेश लेने के बाद यह नष्टीकरण किया गया। इस कार्रवाई में अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक, पुलिस निरीक्षक (अपराध सहायक), सभी थानाधिकारी तथा गठित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। पूरे नष्टीकरण की विडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी करवाई गई, ताकि प्रक्रिया की पारदर्शिता बनी रहे। यह कार्रवाई न केवल मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम कसने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि समाज में नशे के खिलाफ सख्त संदेश भी देती है। जिला पुलिस द्वारा यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि जिले को नशा मुक्त बनाया जा सके।

## जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय द्वारा वीर सेवा संस्थान के हेलमेट लगाओ जान बचाओ बैनर का किया विमोचन

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी/ करौली ( अंशु गुप्ता )।** जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा अभियान के तहत वीर सेवा संस्थान के हेलमेट लगाओ जान बचाओ बैनर का विमोचन पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपाध्याय ने संस्थान की पहल की सराहना की और कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए इस तरह के प्रयास प्रेरणादायक हैं।इस मौके पर वीर सेवा संस्थान हिंडौन के अध्यक्ष तरुण जैन एवं सचिव विपिन जैन द्वारा बताया गया कि यह अभियान सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। हमारा उद्देश्य है कि जिले में 500 से अधिक बैनर लगाकर लोगों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया जाए। इस मौके पर वीर सेवा संस्थान के पदाधिकारी विपिन जैन, तरुण जैन, उम्मेद सिंह मीना, सुरेंद्र जैन, प्रदीप जैन, अमित जैन व प्योर इंडिया ट्रस्ट से खुश बिहारी व्यास मौजूद रहे।

## फतेहपुरा खुर्द में आरोह फाउंडेशन का महत्वपूर्ण जागरूकता अभियान, डिजिटल धोखाधड़ी से बचने के उपाय बताये

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** फतेहपुरा खुर्द में भारतीय रिजर्व बैंक से जुड़े आरोह फाउंडेशन ने एक महत्वपूर्ण जागरूकता अभियान चलाया। फाउंडेशन के वित्तीय सलाहकार अमित यादव ने बुधवार को विशेष कैंप का आयोजन कर ग्रामीणों को डिजिटल धोखाधड़ी से बचने के गुर सिखाए। अमित यादव ने बताया कि वर्तमान में मोबाइल के जरिए कई तरह की धोखाधड़ी हो रही है। धोखेबाज आवास योजना, पेंशन और राशन कार्ड के नाम पर लोगों को ठग रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों को सचेत करते हुए कहा कि किसी अनजान व्यक्ति को अपना बैंक खाता नंबर, आधार नंबर, पैन नंबर या ओटीपी कभी न बताएं। साथ ही बिना जाने कहीं अंगूठा न लगाएं और अपने बैंक खाते को मोबाइल से अवश्य लिंक करें, जिससे लेन-देन की जानकारी मिलती रहे। अमित यादव ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना आदि के बारे में ग्राम वासियों को समझाया। सेंट्रल बैंक मैनेजर अशोक कुमार ने केसीसी के बारे में किसान कृषि संबंधी जरूरतों के बारे में जानकारी दी और खाते में नॉमिनी दर्ज करने के महत्व के बारे में बताया। कनिष्ठ लिपिक कमलेश ने साइबर फ्रॉड से बचने के तरीकों के बारे में बताते हुए साइबर फ्रॉड हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साइबर फ्रॉड से बचने के लिए हमें सतर्क रहना होगा और किसी भी अनजान लिंक या कॉल पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा नहीं करनी होगी। इस दौरान सत्येंद्र लखेरा, बैंक बीसी सुरेश कुमार, नरेंद्र सिंह एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

## भोमिया बाबा मंदिर में धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव समारोह

### हजारों श्रद्धालुओं ने उठाया भंडारे का लुप्त

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे के टसकोला रोड़ स्थित सेवा दास महाराज के सान्निध्य में पावटा जोहड़ वाले प्राचीन भोमिया बाबा मंदिर में बुधवार को विशाल जागरण व वार्षिकोत्सव समारोह बड़े ही धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। इस मौके पर गुरू पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर आयोजित विशाल भण्डारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की और भोमिया बाबा के धोक लगाकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में हरि मासी एंड पार्टी, कान्हा गुजरी और मुकेश पटेल ने अपनी प्रस्तुतियों से समा बांध दिया। सुप्रसिद्ध नेहड़े कलाकार हरिराम मासी ने भौमिया बाबा पर आधारित कथा का प्रसंग सुनाया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु जय-जयकार करने लगे। कमेटी सदस्यों ने सभी आगंतुक अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर 31 क्विंटल आंटे की बाटियों का चूरमा और 07 क्विंटल दाल समेत अन्य सामग्री का उपयोग किया गया और देशी घी का बना चुरमा भक्तों को परोसा गया। कार्यक्रम में मंदिर कमेटी के सदस्य काशीराम लंबूरा, श्रीराम यादव, महेश घोघड़, रामकरण राठी, विक्रम जितरवाल, सुरेश मेहता, मुकेश राठी, मालीराम उपसरपंच, सुरेश मेहता, पप्पू घोंघड़, रामेश्वर यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। सभी ने भोमिया बाबा की जय-जयकार की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से करौली कोर्ट मे कार्यरत बाबू मदन मोहन सैन की मौत

### मदनमोहन वर्मा की सडक़ दुर्घटना मे मृत्यु होने एक पुत्र व दो पुत्री से पिता का साया छीन गया

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी/करौली ( अंशु गुप्ता )।** करौली बायपास मार्ग पर पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास बुधवार सुबह करीब 8.45 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से वर्धमान नगर निवासी एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक मदन मोहन वर्मा (55) पुत्र बच्चन सैन है।मृतक करौली डीजे कोर्ट में यूडीसी के पदपरकार्यरतहैकोतवाली थाना के एएसआई बच्चू सिंह ने बताया कि सुबह करीब 9 बजे सूचना मिली कि हिंडौन -करौली बाइपास मार्ग के पास सड़क दुर्घटना में स्कूटी चालक के घायल होने की जानकारी मिली। मौके पर 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे वहां प्राथमिक उपचार के दौरान डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। कोतवाली थाने के एएसआई बच्चूसिह ने पोस्टमार्टम कार्यवाही के लिए शव मोर्चरी में रखवा। दुर्घटना में मदन मोहन वर्मा के मौत होने की जानकारी मिलने पर काफी संख्या में परिजन व परिचित पहुंच गये। एएसआई बच्चूसिह ने परिजनों की मौजूदगी मे अस्पताल के मैडीकलज्यूरिष्टडा. ओ.पी.मीना से पोस्टमार्टम कराके परिजनों को शव परिजनों को सुपर्द कर दिया। इस मामले परिजनों को ओर से घटना का कोई मामला दर्ज नही कराया हैं। वर्धमान नगर निवासी करौली डीजे कोर्ट के यूडीसी मदनमोहन वर्मा की सडक़ दुर्घटना मे मृत्यु होने एक पुत्र व पुत्री से पिता का साया छिन गया। एक विवाहिता पुत्री हैं। भूपेश 23,व पुत्री रचना, 21 हैं। विवाहिता पुत्री सुरभी हैं। डीग निवासी पत्नी शशीवाला की मांग का सिंदूर उजड गया। बता दें पत्नी शशीवाला, सूरौठ मे आगंनबाड़ी मे सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत है। पुत्र भूपेश वर्मा जोधपुर एयरलाइंस मे ईंजनियर के पद कार्यरत हैं। मृतक की एक विवाहित पुत्री सहित एक पुत्र और एक अविवाहित पुत्री भी है।

## प्रागपुरा में युवक का अपहरण और मारपीट : पीड़ित परिवार ने लगाई न्याय की गुहार



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** प्रागपुरा थाना इलाके में एक युवक के अपहरण और मारपीट का मामला सामने आया है। ग्यारसी लाल पुत्र प्रभात यादव निवासी किराडोद ने पुलिस थाना प्रागपुरा में शिकायत देते हुए बताया कि उनका पुत्र विकास यादव 03 जुलाई 2025 की रात करीब 10 बजे पावटा आया था, जहां अज्ञात बदमाशों ने उसका अपहरण कर लिया और बुरी तरह से मारपीट की। पीड़ित परिवार के अनुसार, बदमाशों ने विकास को मृत समझकर प्रागपुरा कस्बा स्थित नारायणपुर रोड़ पर साइड में फेंक दिया। राहगीरों ने पीड़ित परिवार को सूचना दी, जिसके बाद विकास को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल कोटपूतली में भर्ती करवाया। चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने के कारण जयपुर रेफर कर दिया, जहां विकास का निम्स हॉस्पिटल में इलाज जारी है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। विकास के पिता ग्यारसी लाल ने बताया कि उनका बेटा सदमें में है और वह फिलहाल कुछ बता पाने की स्थिति में नहीं है।

## प्रधान डाकघर में आईटी-2.0 का शुभारंभ, डाक सेवाओं में आएगी और अधिक तेजी

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर प्रधान डाकघर में आज भारतीय डाक विभाग के नवनिर्मित आईटी-2.0 सिस्टम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर ब्यावर डाकघर मंडल के अधीक्षक कमलेश प्रजापत एवं डाक निरीक्षक घनश्याम कलवानी उपस्थित रहे। इस तकनीकी उन्नयन के तहत ब्यावर प्रधान डाकघर सहित समस्त उप और शाखा डाकघरों का सफलतापूर्वक माइग्रेशन पूरा कर लिया गया है। अब डाक विभाग के सभी कार्य रियल टाइम डाटा सिंक्रोनाइजेशन की सुविधा से जुड़ चुके हैं, जिससे बुकिंग, डिलीवरी और ट्रैकिंग से संबंधित सभी गतिविधियां तुरंत अपडेट होंगी। राजस्थान के तीन रीजन में से अजमेर रीजन के अंतर्गत ब्यावर डाकघर को आईटी-2.0 परियोजना के पायलट फेस हेतु चुना गया है। इस नई प्रणाली से विभागीय कार्यों में तीव्रता आएगी और आमजन को बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी। पूरी तरह वेब-बेस्ड इस सॉफ्टवेयर के जरिए अब उपभोक्ताओं को डाक सेवा ऐप के माध्यम से विभिन्न सेवाएं सहजता से मिल सकेंगी। फॉरेन आर्टिकल्स की ट्रैकिंग और फर्स्ट माइल स्कैनिंग की सुविधा अब और अधिक सुलभ हो गई है। इस सॉफ्टवेयर को भारतीय डाक विभाग की तकनीकी इकाई द्वारा अत्याधुनिक तकनीक के साथ विकसित किया गया है, जो भविष्य में डिजिटल इंडिया के सपनों को और गति प्रदान करेगा।

# फोर्टी और पुलिस कमिश्नरेट के बीच एमओयू :आपराधिक घटनाओं में पीड़ित निराश्रित बच्चियों का किया जाएगा पुनर्वास

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** सामाजिक सरोकार के लिए फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री ( फोर्टी)और पुलिस प्रशासन एक मंच पर साथ आए हैं। आपराधिक मामलों में पीड़ित बच्चियों के पुनर्वास के लिए फोर्टी और पुलिस कमिश्नरेट के बीच एमओयू साइन हुआ है। समझौते पर फोर्टी की ओर से अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल और पुलिस की ओर से कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ ने हस्ताक्षर किए। इस मौके पर एडिशनल कमिश्नर पुलिस कुंवर राष्ट्रदीप और इस मुहिम की पहल करने वाले डीसीपी अमित बुडानिया, फोर्टी के मुख्य संरक्षक सुरजाराम मील, सरंक्षक आईसी अग्रवाल, मुख्य सचिव नरेश सिंघल, गिरधारी खंडेलवाल, वुमन विंग अध्यक्ष नीलम मित्तल, यूथ विंग अध्यक्ष




सुनील अग्रवाल के साथ फोर्टी के सभी पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। समझौते के तहत फोर्टी के पदाधिकारियों की ओर से दुष्कर्म पीड़िता बच्चियों और सजायाफ्ता अपराधी माता-पिता के निराश्रित छोटे बच्चों को गोद लेकर उनका पालन- पोषण, शिक्षा, रोजगार और शादी तक उनकी जिम्मेदारी उठाई जाएगी। पहले चरण में 8 बर्चचियों को फोर्टी के 10 पदाधिकारियों ने ने गोद लिया है। इनमें मुख्य संरक्षक सुरजाराम मील, संरक्षक आईसी अग्रवाल, अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, यूथ विंग अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, सलाहकार जुगल डेरेवाला, पेस्ट प्रेसिडेंट आत्माराम गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष पीडी गोयल,

उप उपाध्यक्ष विकास जैन, उप उपाध्यक्ष नरेश चौपड़ा, उपाध्यक्ष यूथ विंग अभिषेक गोयल शामिल हैं। इन सभी पदाधिकारियों को पुलिस कमिश्नर की ओर से सम्मानित किया गया। फोर्टी की ओर से पुलिस कमिश्नर को इन बर्चचियों के नाम एफडीआर की कॉपी सोंपी गई। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ का कहना है कि डीसीपी अमित बुडानिया की इस पहल को फोर्टी के भामाशाहों की ओर से अच्छा प्रौत्साहन मिला है। इसे देखकर अब इस मुहिम को पूरे राज्य में पहुंचाया जाएगा । कुंवर राष्ट्रदीप ने कहा कि पुलिस अपराधियों को सजा दिलाने के साथ इस तरत भी सामाजिक सरोकार की जिम्मेदारी निभा सकती है, लेकिन इसके लिए फोर्टी जैसे संगठनों का साथ मिलना आवश्यक है। डीसीपी अमित बुडानिया का कहना है कि न्याय की लडाई तब तक अधुरी है, जब तक कि पीड़ित को सामाजिक सुरक्षा नहीं मिले। इस लिए फोर्टी के साथ इस मुहिम की शुरुआत की गई है। फोर्टी अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल और यूथ विंग अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने बताया कि दुष्कर्म पीडित छोटी बर्चचियों या फिर ऐसे छोटे बच्चे जिनके पिता या संरक्षक को अपराध में सजा मिल चुकी होती हैं। ऐसे निराश्रित बच्चों को अपराध की दुनिया से बचाने और समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए फोर्टी ने डीसीपी अमित बुडानिया की पहल को आगे बढ़ाया है।

# जेडीए ने किया आवासीय योजनाओं में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

## भूखण्ड मालिकों ने लगाये वृक्ष, मौके पर जारी किये गये कब्जा पत्र वितरण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन - 12 के क्षेत्राधिकार में स्थित अटल विहार एवं रघुनाथ विहार आवासीय योजनाओं में मौके पर कब्जा पत्र एवं वृक्षारोपण आयोजित कर सफल आवेदकों को मौके पर कब्जा पत्र जारी किये और भूखण्ड मालिकों से वृक्षारोपण करवाया गया।

जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी ने बताया कि जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जयपुर शहर को हराकृभरा बनाने की दिशा में राजस्थान की मुहिम को



बढावा देते हुए जोन - 10 एवं जोन - 12 के क्षेत्राधिकार में स्थित आवासीय योजनाओं के सफल आवेदकों को कब्जा पत्र जारी करने और वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत बुधवार से शुरूआत की गई। जेडीए द्वारा जुलाई एवं अगस्त माह में आयोजित किये जायेंगे।

उपायुक्त जोन-12 के नेतृत्व में, संबंधित जोन के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित थे। सफल आवेदकों को कब्जा पत्र जारी करने की प्रक्रिया सफल रही। इसके साथ ही वरिष्ठ उद्यानविज्ञ अपनी टीम के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थित रहें। यह कार्यक्रम न केवल आवासीय योजनाओं के सफल आवेदकों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी जेडीए की ओर से एक महत्वपूर्ण कदम है। जेडीए का ध्येय है कि आमजन के साथ मिलकर जयपुर शहर को हरा-भरा बनाना है।जेडीए द्वारा जोन - 12 में 10.07.2025 को रजत विहार, जोन-10 में 16.07.2025 को गोविन्द विहार एवं 12.08.2025 को पटेल नगर में आयोजित किये जायेंगे।

# जेडीए ने दो बीघा भूमि पर अवैध कॉलोनी को किया ध्वस्त

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-8 में ग्राम जोतड़ावाला में रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-13 में निजी खातेदारी करीब 02 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी का पूर्णतः ध्वस्त किया गया। महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया को जोन-08 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम जोतड़ावाला में करीब 01 कि.मी. एरिया में रोड़ सीमा पर अतिक्रमण कर अत्यधिक लम्बाई में बनाये गये चबूतरें, रैम्प व टीनशेड़, मिट्टी, मलबा, पत्थर डालकर अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-08 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त करवाया जाकर रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बस्सी, गुढ़ाचक, मैन हाईवे के पास, जिला जयपुर में करीब 02 बीघा कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़के, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्ष चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, तृतीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-08, 13 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई। प्रवर्तन प्रकोष्ठ जविप्रा द्वारा वर्ष 2024 में 383 व वर्ष 2025 में 219 आज तक कुल 602 नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयासों को विफल किया गया।

# शुद्ध आहार अभियान के तहत कोटपूतली में निरीक्षण

**भगवान सहाय समोसे वाले के ठेले व गोदाम का औचक निरीक्षण, समोसे, चटनी और तेल के लिए मौके पर ही हुई जांच, मिठाई दुकानों से मावा और कलाकंद के सैम्पल लिए गए, सभी विक्रेताओं को खाद्य लाइसेंस डिस्प्ले करने के निर्देश, बिना लाइसेंस व्यापार करने पर होगी सख्त कार्रवाई**

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** राज्य सरकार की ओर से चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत बुधवार को कोटपूतली शहर में खाद्य सुरक्षा विभाग ने सघन निरीक्षण अभियान चलाया। यह कार्रवाई आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रक तथा जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी एवं एडीएम ओमप्रकाश सहारण के निर्देशन में की गई।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी(सीएमएचओ) डॉ. आशीष सिंह शेखावत के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी नेहा शर्मा द्वारा मैन चौराहे पर स्थित भगवान सहाय समोसे वाले के गोदाम और ठेले का निरीक्षण किया गया। मौके पर ही मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब से




समोसे, चटनी और तेल के सैम्पल की जांच की गई, जो सही पाए गए। हालांकि साफ-सफाई में कमी मिलने पर विक्रेता को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जैसे ढक्कनदार डस्टबिन का उपयोग और खाद्य सामग्री को ढक कर रखने की हिदायत। इसके साथ ही कोटपूतली के मिष्ठान भंडारों और उनके गोदामों का निरीक्षण भी किया गया। इस दौरान मैसर्स राधे राधे स्वीट्स (आजाद चौक) से मावा, गोवर्धन स्वीट्स से कलाकंद, और जोधपुर स्वीट्स होम के गोदाम से मावा मिठाई के सैम्पल लिए गए, जिन्हें जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं को अपने प्रतिष्ठान में खाद्य लाइसेंस व पंजीयन प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही चाट भंडारों और ठेला व्यवसायियों को पंजीयन प्रमाण पत्र ठेले पर चस्पा करने के लिए कहा गया। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि बिना लाइसेंस कारोबार करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जयपुर के फागी में साकार हुई पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े की संकल्पना

## जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के नेतृत्व में प्रशासन के प्रयास लाए रंग, सवाई जयसिंहपुरा के बूकनी में 70 साल पुराने भूमि विवाद का हुआ सुखद अंत ,59 खातेदारों के बीच 28 खसरों की 192 बीघा भूमि का सहमति से हुआ बंटवारा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की संवेदनशील पहल के तहत जयपुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजत शिविर सुशासन की दिशा में मील का पत्थर साबित हुए हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण देखने को मिला फागी उपखण्ड के सवाई जयसिंहपुरा पंचायत का बकूनी गांव में। जहां जिला प्रशासन की पहल से बुधवार को 59 खातेदारों के बीच 70 साल पुराने 28 खसरों की 192 बीघा भूमि विवाद का सुखद अंत हुआ।

उपखण्ड अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में पंडित दीनदयाल



उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविरों का आयोजन किया गया। जिसके तहत सवाई जयसिंहपुरा के बूकनी गांव में 70 सालों से चले आ रहे भूमि विवाद के निस्तारण के लिए प्रशासन ने लगातार 8 दिनों तक पक्षकारों से समझाइश कर सहमति के लिए प्रेरित किया।

सहमति प्रदान करने के बाद उपखण्ड अधिकारी राकेश कुमार ने तहसीलदार रवि शेखर चौधरी को बंटवारे हेतु रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिये। राजस्व दल ने एक ही दिन में बंटवारा रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत की। जिसके बाद 28 खसरों की कुल 192 बीघा भूमि का 59 खातेदारों के बीच सफलतापूर्वक बंटवारा किया गया। बंटवारे के बाद 59 खातेदारों के 300 से ज्यादा परिजन खुश नजर आए, उन्होंने इन शिविरों के आयोजन के लिए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा एवं उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा का आभार जताया।

**आमजन को मिली मौके पर ही राहत**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत जयपुर जिले में 8 जुलाई 2025 तक आयोजित 466 शिविरों में कुल 46 लाख 16 हजार 586 तरह के कार्यों का सफलतापूर्वक संपादन किया गया। जिसके अंतर्गत राजस्व विभाग के 20 हजार 951, ग्रामीण विकास विभाग के 3 लाख 98 हजार 711, पंचायती राज विभाग के 4 लाख 54 हजार 632, विद्युत विभाग के 68 हजार 736, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के 22 हजार 664, जल संसाधन विभाग के 64 हजार 972 कार्यों का संपादन किया गया है।

वहीं, कृषि विभाग के 68 हजार 301, वन विभाग के 17 लाख 79 हजार 671, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के 1 लाख 19 हजार 171, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के 6 लाख 99 हजार 889, पशुपालन विभाग के 5 लाख 4 हजार 357, जनजातीय विकास विभाग के 26, शिक्षा विभाग के 4 लाख 5 हजार 79, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के 9 हजार 426 एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के 9 हजार 967 कार्यों का सफलतापूर्वक संपादन कर लाखों आमजन तक राहत पहुंचाई गई है।

# स्थापना दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस पर बुधवार को कोटपूतली जिला की नगर ईकाई द्वारा बसन्त प्रभु आदर्श विद्या मंदिर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजय चेची व जिला संयोजक सचिन भरगड़, प्रधानाचार्य रामानंद ने अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान संयोजक दिनेश सैनी, नगर सहमंत्री करण सवाईका, प्रदीप गुर्जर, हिमांशु यादव, प्रदीप मेहरा, राधे नैनावत, घनश्याम कसाणा समेत अनेक छात्र मौजूद रहे।

# पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा कैम्प से ग्रामीणों को मिली राहतडॉक्टर यादव होंगे सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** पाटन निकटवर्ती राजकीय विद्यालय बेसरड़ा में पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल के अंतर्गत पखवाड़ा कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों को लाभ पहुंचाने के लिए अपनी सेवाएं दीं।इस कैम्प में चिकित्सा विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, विद्युत विभाग, जल विभाग सहित कई अन्य विभागों की सक्रिय भागीदारी रही। चिकित्सा विभाग में सिहोड़ चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. पंकज यादव की अगुवाई में टीम ने स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की। उनके साथ लेब टेक्नीशियन आनंद, फार्मासिस्ट के के सैनी, सीएचओ संदीप, नर्सिंग स्टाफ सावित्री,ईमरती एवं ममता ने भी शिविर में सक्रिय योगदान दिया।ग्रामीणों ने चिकित्सा जांच, दवाइयों का वितरण, कृषि परामर्श, पशुओं के टीकाकरण, महिला व बच्चों की पोषण जांच, बिजली व जल आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं का समाधान जैसे महत्वपूर्ण लाभ उठाए।इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण अंचलों तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुचाना तथा अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को राहत प्रदान करना था। कैम्प के दौरान ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया और उन्होंने शासन की इस पहल की सराहना की।विश्व जनसंख्या दिवस ।। जुलाई को खेतड़ी ब्लाक के खेतड़ी प.स. में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सिहोड़ के चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉक्टर पंकज यादव को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकरी झुंझुनु द्वारा सम्मानित किया जावेगा। स्थानीय लोगों ने प्रथम स्थान आने पर डॉक्टर यादव को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# राज्यपाल श्री बागडे आन्ध्रप्रदेश स्थित श्री सत्य साईं केन्द्रीय ट्रस्ट पहुंचे

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर,(का.स.)।** राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने बुधवार को आंध्र प्रदेश के श्री सत्य साईं ट्रस्ट जिले में स्थित प्रशांति निलयम में सामंजस्यपूर्ण जीवन के लिए मानव मूल्य% विषयक संगोष्ठी में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने श्री सत्य साईं केन्द्रीय ट्रस्ट की संगोष्ठी को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि सामंजस्यपूर्ण जीवन की नींव अध्यात्म की सुदृढ भारतीय परम्परा पर खड़ी है। भारतीय परम्परा में अपने लिए नहीं दूसरों के लिए जीवन जीने को महान कहा गया है। उन्होंने श्री सत्य साईं का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने अध्यात्म के उन मूल्यों को जिया जिसमें दीन दुखियों के लिए सोच रखकर कार्य करने को ही ईश्वर की सर्वोत्तम सेवा माना गया है। राज्यपाल ने कहा कि जब हम निस्वार्थ भाव से दूसरों की सेवा करते हैं, तभी हम ईश्वर के करीब आते हैं। उन्होंने अध्यात्म की भारतीय परम्परा पर चर्चा करते हुए कहा कि अध्यात्म धर्म नहीं है। अध्यात्म का अर्थ है अपने आपको जानना। उन्होंने कहा कि अध्यात्म मानवीय मूल्यों से और सेवा कार्य से जोड़ने की हमें सीख देता है।

# सीआरसी ने किया दिव्यांगजनों के लिए फिल्म सितारे ज़मीन पर का प्रदर्शन, समाज में दिया जागरूकता का संदेश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** समेकित क्षेत्रीय कौशल विकास, पुनर्वास एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण केंद्र (सीआरसी), जामडोली, जयपुर ने केन्द्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के निर्देशानुसार सितारे ज़मीन पर फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन बुधवार को पीवीआर सिनेमा में किया गया, जिसमें दिव्यांग बच्चों ने फिल्म का आनंद लिया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री एवं मुख्य अतिथि श्री अविनाश गहलोत ने कहा कि दिव्यांगजनों के प्रति समाज में स्वीकृति और समानता का भाव अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सीआरसी की इस अभिनव पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण और समावेशिता को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अतिरिक्त निदेशक श्री केसर लाल मीना ने सीआरसी द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं की प्रशंसा की और संस्थान को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।सीआरसी जयपुर के निदेशक श्री नीरज मधुकर ने बताया कि यह आयोजन केवल मनोरंजन नहीं बल्कि दिव्यांगता के प्रति जागरूकता, संवेदनशीलता एवं एक समावेशी समाज की दिशा में सार्थक प्रयास है।

**Goverament of Rajasthan**
Deputy Director Social Justice and Emprowenment Department.Tonk
Email_dlo.ton@rajasthan.gov.in, Mob.No.9414377915,7340281167
क्रमांक-ई-निविदा/लेखा/टोंक/2025-26/1591 दिनांक.3.7.2025

**E-NIT-01/2-25-26 (NIB-SOC2526A0076)**

Bids for job basis work (Rs 77-00 Lac) are invited from interested bidders upto date 14,7.2025 Time 06:00 PM particalars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.ni.in) of the state and social justice and Emppowerment Department website

UBN NO.SOC2526SLOB00077

**Deputy Director**
**SJED,Tonk**

**कार्यालय अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा टोंक**

**ई-निविदा सूचना संख्या 02/2025-26**

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर के पत्रांकः शिविरा-प्रा./बाल वाटिका/पीएमश्री विद्यालय/19543/2023/235 दिनांक 21.05.2025 की अनुपालना में सत्र 2025-26 में जिले के प्रथम चरण में चयनित 08 पीएमश्री विद्यालयों में 03 वर्षीय पूर्व प्राथमिक/बाल वाटिका कक्षाओं के संचालन हेतु शिक्षक व सहयोगी स्टाफ को लगाए जाने हेतु निम्नांकित सेवाओं के लिए श्रम विभाग में पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मो से मोहरबंद लिफाफे में निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

निविदा की शर्तें एवं निविदा प्रपत्र हेतु संबंधित वेबसाईट **https://eproc.rajasthan.gov.in** तथा **https://sppp.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है।

**NIB Code - RSE2526A0250, UBN is : RSE2526SLOB00335**

राज.संवाद/सी/25/5856 अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक

## सम्पादकीय

# जीएसटी की 12 प्रतिशत स्लेब में बदलाव से उद्योग और आमजन को मिलेगी राहत

जीएसटी अप्रत्यक्ष कर प्रणाली होने के साथ ही समूचे देश में कर की एकरुपता के लिए 1 जुलाई 2017 को जीएसटी लागू की गई थी। देष में असम पहला प्रदेश था जिसने सबसे पहले जीएसटी को अपनाया। अब तो समूचे देश में जीएसटी व्यवस्था लागू हो चुकी है।वस्तु एवं सेवा कर यानी कि जीएसटी की चार स्लेबों में से दूसरी 12 प्रतिशत की स्लेब को लेकर जिस तरह की चर्चाएं आम हो रही है उससे मध्य व निम्न वर्ग में आशा का संचार होने लगा है। दरअसल समाज का मध्यम और निम्न वर्ग सबसे अधिक प्रभावित जीएसटी की 12 प्रतिशत वाली स्लेब से ही हो रहे हैं। इन वर्गों से जुडी वस्तुएं या सेवाओं पर लगने वाला कर सीधा सीधा इन्हें प्रभावित करता है। इसका कारण भी साफ है कि दैनिक उपभोग की अधिकांश वस्तुएं इसी स्लेब में आती है। खाने-पीने की वस्तुओं के साथ ही जूते-चप्पल, कपड़े आदि भी इसी स्लेब में आते हैं। हांलाकि विशेषज्ञों के अनुसार 12 प्रतिशत की स्लेब पर निर्णय से सरकार पर 40 से 50 हजार करोड़ रुपए के राजस्व का असर पड़ेगा पर यह भी माना जा रहा है कि बाजार में इन वस्तुओं की मांग बढ़ेगी और मांग बढ़ने से काफी मात्रा में राजस्व पूर्ति हो सकेगी। वैसे भी फ्री बीज के नाम पर बहुत कुछ जा रहा है तो फिर यदि बड़ी आबादी को राहत और लोकहित में कोई निर्णय किया जाता है तो वह अधिक लाभकारी होता है। हालांकि इस निर्णय के भी बिहार सहित अन्य राज्यों में होने वाले चुनावों से जोड़कर राजनीतिक अर्थ निकाले जाएंगे पर इस तरह के निर्णयों पर राजनीति करना उचित नहीं कहा जा सकता। जानकारों के अनुसार जीएसटी काउंसिल की आगामी बैठक में 12 प्रतिशत वाली स्लेब को या तो विलोपित करने पर विचार किया जा सकता है या फिर इसमें से आम उपभोग की वस्तुओं को पांच प्रतिशत की स्लेब के दायरें में लाया जा सकता है। 12 प्रतिशत की स्लेब को विलोपित किया जाता है तो इसके दायरें में आ रही वस्तुएं या सेवाएं 5 प्रतिशत की स्लेब दायरें में आने की अधिक संभावना हैं। यदि विलोपित भी नहीं की जाती है और आज की प्रचलित चार स्लेबों 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत में से सीधे आम उपभोग की वस्तुओं और सेवाओं को नीचे वाली और शेष को अन्य स्लेबों में समायोजित किया जा सकता है। बढ़ती मंहगाई के कारण आम नागरिकों खासतौर से मध्य और निम्न मध्य वर्ग को राहत दिलाने के लिए इस पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। जीएसटी अप्रत्यक्ष कर प्रणाली होने के साथ ही समूचे देश में कर की एकरुपता के लिए 1 जुलाई 2017 को जीएसटी लागू की गई थी। देश में असम पहला प्रदेश था जिसने सबसे पहले जीएसटी को अपनाया। अब तो समूचे देश में जीएसटी व्यवस्था लागू हो चुकी है। अब तक जीएसटी काउंसिल की 57 बैठके हो चुकी है और इनमें अनवरत रुप से सुधार व बदलाव किया जाता रहा है। 12 प्रतिशत के बदलाव की चर्चा छेड़कर बैठक से पहले ही बहस छेड़ दी गई है। इसे सकारात्मक भी माना जाना चाहिए क्योंकि जीएसटी स्लेबों के निर्धारत में राज्यों की भी प्रमुख भूमिका होती है। जीएसटी काउंसिल में राज्यों के प्रतिनिधि भी हिस्सा लेते हैं और उसी में निर्णय किया जाता है।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 10 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1460 इंग्लैंड के रोसेस-किंग हेनरी VI के युद्ध को नॉर्थम्प्टन की लड़ाई में यॉर्कवादियों ने पकड़ लिया था।
- 1519 झू चेनहाओ ने मिंग राजवंश के सम्राट झेंगडे ऑसुपर की घोषणा की, जो निंग विद्रोह के राजकुमार की शुरुआत कर रहे थे, और उन्होंने अपनी सेना के उत्तर में नानजिंग पर कब्जा करने का प्रयास किया।
- 1553 इंग्लैंड की गद्दी लेडी जेन ग्रे ने संभाली थी। वह इंग्लैंड की एक रईस थी। वह उस समय के देश की सबसे ज्यादा सीखी जाने वाली महिलाओं में से एक थीं। उसे उन आदेशों के तहत अंजाम दिया गया था जिसमें कहा गया था कि रानी को जिंदा जला देना या रानी को मार देना
- 1553 अपने पूर्ववर्ती, एडवर्ड VI की मृत्यु के चार दिन बाद, लेडीजेन ग्रे को आधिकारिक रूप से इंग्लैंड की रानी घोषित किया गया, जिसकी शुरुआत उन्होंने द नाइन डेज क्वीन के रूप में की।
- 1645 इंग्लिश सिविल वॉर-द सांसदों ने लांगपोर्ट की लड़ाई में अंतिम विद्रोही क्षेत्र की सेना को नष्ट कर दिया, अंततः इंग्लैंड के पश्चिम पर नियंत्रण कर दिया।
- 1645 अंग्रेजी गृह युद्ध- सांसदों ने लैंगपोर्ट की लड़ाई में अंतिम रॉयलिस्ट फील्ड सेना को नष्ट कर दिया, अंततः इंग्लैंड के पश्चिम में संसद का नियंत्रण दिया।
- 1652 इंग्लैंड ने नीदरलैंड के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- 1739 स्पेन के खिलाफ समुद्री प्रतिशोध लेने के लिए किंग जॉर्ज द्वितीय ने एडमिरल्टी बोर्ड को अधिकृत किया।
- 1818 किसान के प्रथम संस्करण का पंचांग संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रकाशित हुआ।
- 1823 एलिजाबेथ के जेल सुधार अभियान के आधार पर यूनाइटेड किंगडम की संसद द्वारा गैल अधिनियम पारित किया गया।
- 1851 कैलिफ़ोर्निया के सांता क्लारा में कैलिफोर्निया वेस्लेयन कॉलेज के रूप में प्रशांत विश्वविद्यालय स्थापित किया गया।
- 1856 निकोला टेस्ला का जन्म हुआ था। वह एक सर्बियाई अमेरिकी इंजीनियर और आविष्कारक था। इलेक्ट्रॉनिक्स में उनका योगदान बहुत बड़ा है। उन्होंने वर्तमान प्रवाह को बारी-बारी से डिजाइन करने में प्रमुख भूमिका निभाई। महान वैज्ञानिक को सम्मानित करने के लिए फ्लक्स की मानक इकाई को टेस्ला का नाम दिया गया है।
- 1890 व्योमिंग 44 वें अमेरिकी राज्य के रूप में स्थापित किया गया।
- 1912 थॉमस मैकेन्ज़ी के इस्तीफे के बाद, विलियम मासी न्यूजीलैंड के 1 9 वें प्रधानमंत्री बने।
- 1913 यूरोपीय देश रोमानिया ने बुल्गारिया के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- 1913 कैलिफ़ोर्निया की डेथ वैली में हवा का तापमान 134 ए स्न (56.7 ° C) तक पहुँच गया, जो अब तक का सबसे अधिक पठन है।
- 1913 रोमानिया ने बल्गेरिया के खिलाफ युद्ध की घोषणा किया।
- 1921 आयरिश रिपब्लिकन आर्मी और ब्रिटिश बलों के बीच एक संघर्ष के एक दिन बाद, सोलह मृतकों में बेलफास्ट्रेसल में कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट के बीच हिंसा।

विशेष आलेख

# डी के शिवकुमार को 'सीएम इन वेटिंग' में रखने के पीछे खरगे का पुत्र मोह तो नहीं!



रामस्वरूप रावतसरे

**इधर सिद्धारमैया ने पत्रकारों से बातचीत में दो टूक कहा, हाँ, मैं मुख्यमंत्री बना रहूँगा। आपको क्यों शक है? उन्होंने भाजपा और जेडी(एस) पर नेतृत्व परिवर्तन की अफवाहें फैलाने का आरोप लगाया। दूसरी तरफ डीके शिवकुमार ने सिद्धारमैया के बयान के बाद कहा, मुख्यमंत्री के सामने मेरा कोई सवाल ही नहीं उठता। मैंने किसी से मेरे पक्ष में बोलने को नहीं कहा। डीके ने यह भी जोड़ा कि कॉन्ग्रेस हाईकमान का जो भी फैसला होगा, वह उसे मानेंगे।**

चिक्कबल्लापुर में मीडिया से बातचीत में कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने सीएम सिद्धारमैया के बारे में कहा, मेरे पास और क्या चारा है? मुझे उनके साथ खड़ा होना है और उनका साथ देना है। मुझे इसमें कोई ऐतराज नहीं है। पार्टी हाईकमान जो कहेगा, जो फैसला करेगा, वो पूरा होगा, मैं अभी इस पर कुछ बोलना नहीं चाहता। लाखों कार्यकर्ता इस पार्टी के साथ हैं।

कर्नाटक की सियासत में एक बार फिर डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार की उम्मीदों को तगड़ा झटका लगा है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने साफकर दिया है कि वह पूरे पाँच साल तक अपनी कुर्सी पर बने रहेंगे। इस बयान ने शिवकुमार और उनके समर्थकों के अरमानों पर पानी फेर दिया। शिवकुमार ने मजबूरी में सिद्धारमैया का साथ देने की बात कही, लेकिन उनके बयान में छिपी निराशा साफ झलक रही थी। राजनीतिक पंडितों की माने तो डीके शिवकुमार का यह कहना कि मेरे पास और कोई रास्ता नहीं, मुझे उनके साथ खड़ा होना ही है। यह बयान उनकी उस हताशा को दिखाता है, जो बार-बार हाईकमान के फैसलों से उपज रही है। दरअसल, कर्नाटक में कॉन्ग्रेस की सत्ता को मजबूत करने में शिवकुमार की मेहनत को कोई नकार नहीं सकता, फिर भी उन्हें बार-बार इंतजार करने को कहा जा रहा है। क्या वह हमेशा 'सीएम इन वेटिंग' बने रहेंगे या कोई बड़ा सियासी कदम भी उठा सकते हैं?

इधर सिद्धारमैया ने पत्रकारों से बातचीत में दो टूक कहा, हाँ, मैं मुख्यमंत्री बना रहूँगा। आपको क्यों शक है? उन्होंने भाजपा और जेडी(एस) पर नेतृत्व परिवर्तन की अफवाहें फैलाने का आरोप लगाया। दूसरी तरफ डीके शिवकुमार ने सिद्धारमैया के बयान के बाद कहा, मुख्यमंत्री के सामने मेरा कोई सवाल ही नहीं उठता। मैंने किसी से मेरे पक्ष में बोलने को नहीं कहा। डीके ने यह भी जोड़ा कि कॉन्ग्रेस हाईकमान का जो भी फैसला होगा, वह उसे मानेंगे। लेकिन उनके इस बयान में वह जोश और आत्मविश्वास नहीं दिखा, जो पहले उनके भाषणों में झलकता था। यह साफ है कि हाईकमान ने एक बार फिर सिद्धारमैया को प्राथमिकता दी है और शिवकुमार को इंतजार करने को कहा गया है।

साल 2023 के विधानसभा चुनाव में कॉन्ग्रेस की जीत के बाद शिवकुमार को उम्मीद थी कि उन्हें सीएम की कुर्सी मिलेगी। उनकी मेहनत और संगठन कौशल ने पार्टी को 135 सीटें दिलाई थीं। सूत्रों की मानें तो उस वक्त ढाई-ढाई साल के फॉर्मूले की बात हुई थी, जिसमें सिद्धारमैया और शिवकुमार बारी-बारी से सीएम बनते। लेकिन अब सिद्धारमैया ने साफकर दिया है कि वह पूरे कार्यकाल तक कुर्सी नहीं छोड़ेंगे और हाईकमान ने भी इस पर मुहर लगा दी है।

बताया जाता है कि कर्नाटक की सियासत में जाति का एंगल हमेशा से अहम रहा है। डीके शिवकुमार ताकतवर वोक्कालिगा समुदाय से आते हैं, जो कर्नाटक की राजनीति में बड़ा प्रभाव रखता है। उनके समर्थकों का मानना है कि पार्टी ने उनके साथ नाइंसाफी की है। हाल ही में वोक्कालिगा समुदाय के कुछ धर्मगुरुओं ने भी शिवकुमार के पक्ष में बयान दिए थे। दूसरी तरफ सिद्धारमैया पिछड़े वर्ग (कुर्मी) से हैं, और उनका सामाजिक आधार भी मजबूत है। कॉन्ग्रेस हाईकमान ने सिद्धारमैया को समर्थन देकर यथास्थिति बनाए रखने का फैसला किया।

कॉन्ग्रेस विधायक इकबाल हुसैन ने दावा किया था कि 100 से ज्यादा विधायक शिवकुमार को सीएम बनाने के पक्ष में हैं। उन्होंने कहा था कि अगर कॉन्ग्रेस को 2028 में सत्ता में वापसी करनी है, तो शिवकुमार को मौका देना होगा। लेकिन हाईकमान ने हुसैन को नोटिस थमाकर चुप करा दिया। यह दिखाता है कि पार्टी में अनुशासन की आड़ में शिवकुमार के समर्थकों को दबाया जा रहा है। कर्नाटक विधानसभा में कॉन्ग्रेस के 138 विधायक हैं, जिसमें से करीब 100 शिवकुमार के साथ माने जाते हैं। फिर भी हाईकमान ने सिद्धारमैया को प्राथमिकता दी।

कॉन्ग्रेस हाईकमान ने इस पूरे मामले में सधी हुई चाल चली। सूत्रों के मुताबिक, बिहार चुनाव तक सिद्धारमैया को बनाए रखने का बहाना बनाया गया। हाईकमान को डर है कि सिद्धारमैया को हटाने से बिहार में पिछड़े वर्ग के बीच गलत संदेश जाएगा और भाजपा इसे भुनाएगी। साथ ही शिवकुमार के खिलाफ चल रही सीबीआई जाँच को भी फैसले में शामिल किया गया। 2019 में मनी लॉन्ड्रिंग केस में उनकी जेल यात्रा को याद दिलाकर कहा गया कि अगर वह सीएम बने, तो भाजपा जाँच एजेंसियों को और सक्रिय कर सकती है, जिससे कॉन्ग्रेस को नुकसान हो सकता है। यही नहीं, मल्लिकार्जुन खरगे ने सिद्धारमैया के पक्ष में फैसला लेते हुए यह भी सुनिश्चित किया कि उनके बेटे प्रियांक खरगे का नाम भी सीएम की दौड़ में बना रहे। सूत्रों का कहना है कि सिद्धारमैया ने शिवकुमार के सामने प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी छोड़ने की शर्त रखी थी, लेकिन शिवकुमार ने इसे ठुकरा दिया। इसके बाद गेंद हाईकमान के पाले में गई और खरगे ने यथास्थिति बनाए रखने का फैसला किया।

जानकारों की माने तो शिवकुमार की स्थिति एमपी में ज्योतिरादित्य सिंधिया, छत्तीसगढ़ में टीएस सिंहदेव और राजस्थान में सचिन पायलट जैसी है, जिन्हें भी कॉन्ग्रेस ने लंबे समय तक इंतजार कराया। सिंधिया ने आखिरकार बगावत कर भाजपा का दामन थाम लिया, जबकि पायलट ने धैर्य रखा।

# गुरु पूर्णिमा विशेष: गुरु की कृपा से ही ईश्वर का साक्षात्कार संभव



राकेश शर्मा

**आदिगुरु परमेश्वर शिव दक्षिणामूर्ति रूप में समस्त ऋषि मुनि को शिष्यके रूप शिवज्ञान प्रदान किया था। उनके स्मरण रखते हुए गुरुपूर्णिमा मनाया जाता है। गुरु पूर्णिमा उन सभी आध्यात्मिक और अकादमिक गुरुजनों को समर्पित परम्परा है जिन्होंने कर्म योग आधारित व्यक्तित्व विकास और प्रबुद्ध करने, बहुत कम अथवा बिना किसी मौद्रिक खर्चे के अपनी बुद्धिमता को साझा करने के लिए तैयार हों।**

गुरु पूर्णिमा सनातन धर्म संस्कृति है। सनातन संस्कृति में आषाढ़ मास की पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा कहते हैं। हमारे धर्म ग्रंथों में गुरु मे गु का अर्थ अन्धकार या अज्ञान और रू का अर्थ प्रकाश (अन्धकार का निरोधक) । अर्थात् अज्ञान को हटा कर प्रकाश (ज्ञान) की ओर ले जाने वाले को गुरु कहा जाता हैं। गुरू की कृपा से ईश्वर का साक्षात्कार होता है गुरू की कृपा के बिना कुछ भी सम्भव नहीं है ।

आदिगुरु परमेश्वर शिव दक्षिणामूर्ति रूप में समस्त ऋषि मुनि को शिष्यके रूप शिवज्ञान प्रदान किया था। उनके स्मरण रखते हुए गुरुपूर्णिमा मनाया जाता है। गुरु पूर्णिमा उन सभी आध्यात्मिक और अकादमिक गुरुजनों को समर्पित परम्परा है जिन्होंने कर्म योग आधारित व्यक्तित्व विकास और प्रबुद्ध करने, बहुत कम अथवा बिना किसी मौद्रिक खर्चे के अपनी बुद्धिमता को साझा करने के लिए तैयार हों। इसको भारत, नेपाल और भूटान में हिन्दू, जैन और बौद्ध धर्म के अनुयायी उत्सव के रूप में मनाते हैं।

यह पर्व हिन्दू, बौद्ध और जैन अपने आध्यात्मिक शिक्षकों / अधिनायकों के सम्मान और उन्हें अपनी कृतज्ञता दिखाने के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व हिन्दू पंचांग के हिन्दू माह आषाढ़ की पूर्णिमा (जून-जुलाई) मनाया जाता है। इस उत्सव को महात्मा गांधी ने अपने आध्यात्मिक गुरु श्रीमद राजचन्द्र सम्मान देने के लिए पुनर्जीवित किया। ऐसा भी माना जाता है कि व्यास पूर्णिमा वेदव्यास के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है।

मां कामाख्या ज्योतिष शोध संस्थान सवाई माधोपुर के अध्यक्ष पंडित ताराचंद शास्त्री बताते हैं कि गुरु पूर्णिमा ज्ञान, श्रद्धा और समर्पण का पर्व है, जो आषाढ़ मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है।

भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान अत्यंत उच्च और पूजनीय माना गया है। 'गु' का अर्थ है अंधकार और 'रु' का अर्थ है प्रकाश। जो अज्ञान के अंधकार को मिटाकर ज्ञान का प्रकाश फैलाए, वही सच्चा गुरु होता है। गुरु हमें सही दिशा दिखाते हैं, जीवन को सार्थक बनाते हैं। गुरु पूर्णिमा का पर्व गुरु के प्रति श्रद्धा, समर्पण और कृतज्ञता व्यक्त करने का एक पावन अवसर होता है।

गुरु पूर्णिमा का महत्व

गुरु पूर्णिमा आषाढ़ मास की पूर्णिमा तिथि को मनाई जाती है। इसे व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है क्योंकि इसी दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था, जिन्होंने वेदों को चार भागों में विभाजित कर मानवता को ज्ञान का अमूल्य खजाना दिया। यही कारण है कि उन्हें सभी गुरुओं का गुरु माना जाता है।

आचार्य ताराचंद शास्त्री बताते हैं कि भारतीय परंपरा में यह दिन गुरु को प्रणाम करने, उनसे आशीर्वाद लेने और उनके उपदेशों को स्मरण करने का दिन होता है। यह पर्व अध्यात्म, शिक्षा, संस्कृति और संस्कारों से गहरे रूप से जुड़ा हुआ है।

## शख्सियत | बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं वरिष्ठ आईपीएस श्री अनिल कुमार टांक। 03 जनवरी सन 1966 को सीकर जिले में जन्में अनिल जी शुरू से ही ऊर्जावान और शानदार व्यक्तित्व के रहे हैं। एमकॉम के बाद राजस्थान पुलिस सेवा में आए और अनेकों जिलों में डिप्टी एसपी और एडिशनल एसपी पद पर रहकर शानदार पुलिसिंग निभाई। 28 जनू 2013 को आईपीएस में प्रमोट हुए और आज आईजी ओपन सोर्स इंटेलिजेंस और सोशल मीडिया विश्लेषण जैसे पद को सुशोभित कर रहे हैं। इससे पूर्व महानिरीक्षक पुलिस, कानून एवं व्यवस्था पुलिस मुख्यालय, जयपुर रहे। उससे पहले उप महानिरीक्षक पुलिस, भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड राजस्थान जयपुर। उप महानिरीक्षक पुलिस सीआईडी (अपराध शाखा) जयपुर । प्रधानाचार्य, राजस्थान पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र किशनगढ़, अजमेर (उप महानिरीक्षक पुलिस श्रृंखला में क्रमोन्नत पद पर) प्रधानाचार्य, पीटीएस किशनगढ, अजमेर। पुलिस अधीक्षक, भरतपुर। कमाण्डेन्ट स्टेट डिजास्टर रैस्पोन्स फोर्स, राजस्थान, जयपुर। पुलिस अधीक्षक, पाली। पुलिस अधीक्षक, बांसवाड़ा। पुलिस अधीक्षक, जालोर।

इसके अलावा इन पदों पर अतिरिक्त कार्यभार संभाला पुलिस महानिरीक्षक, जयपुर रेंज, जयपुर कमांडेंट, हादी रानी बटालियन, अजमेर। अपनी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए विभिन्न पदों व मैडलों से नवाजा भी गया है। जैसे माननीय केंद्रीय गृह मंत्री डिस्क और प्रशस्ति प्रमाण पत्र 30 जून 2021,डीजीपी डिस्क और प्रशस्ति प्रमाण पत्र उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ चुनावी आचरण पुरस्कार-24 .सितंबर 2021,
रा%य पुलिस नोडल अधिकारी, राजस्थान के रूप में सेवाएं-2024,प्रशंसा प्रमाण पत्र-2020। शानदार अधिकारी के रूप में इन्हें जाना जाता है। टीम बढ़ता राजस्थान आपके उजवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा



श्री अनिल कुमार टांक( आईपीएस )
( आईजी ओपन सोर्स इंटेलिजेंस और सोशल मीडिया विश्लेषण )

## संस्मरण

# सक्सेज और शोहरत पाने के बाद भी ताउम्र बेचैन रहे गुरुदत्त

फिल्म इंडस्ट्री के सबसे उम्दा कलाकारों में से एक गुरु दत्त का 09 जुलाई को जन्म हुआ था। गुरुदत्त एक काबिल-ए-तारीफ फिल्ममेकर, अभिनेता, राइटर और प्रोड्यूसर थे। उन्होंने अपने करियर में एक से बढ़कर एक बेहतरीन फिल्में दी थीं।बेहतरीन फिल्मों के जरिए भारतीय सिनेमा को गुलजार करने वाले फिल्ममेकर गुरुदत्त का 09 जुलाई को जन्म हुआ था। उन्होंने जिंदगी के हर रंग देख थे और अपने करियर में कई शानदार फिल्मों का निमार्ण करने के साथ एक्टिंग का भी लोहा मनवाया था। गुरुदत्त एक काबिल-ए-तारीफ फिल्ममेकर, अभिनेता, राइटर और प्रोड्यूसर थे। सब कुछ होने के बाद भी गुरुदत्त ताउम्र बेचैन रहे। तो आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी पर गुरुदत्त के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

जन्म और परिवार

बेंगलुरू में 09 जुलाई 1925 को गुरुदत्त का जन्म हुआ था। इनका असली नाम वसंत कुमार शिवशंकर पादुकोण था। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण वह 10वीं के आगे पढ़ाई नहीं कर पाए थे। लेकिन उनको शुरू से ही संगीत और कला में काफी दिलचस्पी थी। इस कारण उनको स्कॉलरशिप मिलने के बाद उदय शंकर इंडिया कल्चर सेंटर में एडमिशन ले लिया था। यहां पर गुरुदत्त ने डांस सीखा और कोरियोग्राफर बन गए।

फिल्मी करियर

भारतीय सिनेमा की मिसाल बन चुके गुरुदत्त एक ऐसे कलाकार थे, जिन्होंने न सिर्फ जीवन को सिनेमा का पर्दा समझा, बल्कि उसमें अपना सबकुछ झोंक दिया। उनके अंदर एक अजीब सी बेचैनी थी। गुरुदत्त के अंदर पर्दे पर कुछ अद्भुत और अद्वितीय रचने की बेचैनी थी। वह अपने आप में सिनेमा का महाविद्यालय थे। उनकी तीन क्लासिक फिल्में %प्यासा%, %साहिब बीवी और गुलाम% और %कागज के फूल को टेक्स्ट बुक का दर्जा प्राप्त है।

साल 1946 में गुरुदत्त ने प्रभात स्टूडियो की फिल्म हम एक हैं%से बतौर कोरियोग्राफर अपना फिल्मी करियर शुरू किया था। इसके बाद उनको फिल्म में एक्टिंग करने का भी मौका मिला था। साल 1951 में देवानंद की फिल्म %बाजी% के सक्सेज के बाद गुरुदत्त की मुलाकात गीता दत्त से हुई। इस फिल्म के दौरान गुरु और गीता करीब आए और उन्होंने साल 1953 में शादी कर ली।

अपनी शादीशुदा जिंदगी में गुरुदत्त काफी खुश थे और करियर में भी लगातार आगे बढ़ रहे थे। इसी दौरान गुरुदत्त की मुलाकात वहीदा रहमान से हुई। बताया जाता है कि वहीदा और गुरुदत्त एक-दूसरे के प्यार में पड़ गए। हालांकि गुरुदत्त पहले से शादीशुदा थे, ऐसे में वहीदा रहमान की वजह से गुरुदत्त और उनकी पत्नी गीता दत्त से आए दिन झगड़े होते रहते थे।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको किसी कानूनी मामले में भी जीत मिलेगी, इसलिए आप किसी बहसबाजी में ना पड़ें। यदि आपका धन व्यापार में कहीं फंसा हुआ था, तो उसके भी आपको मिलने की संभावना है।

### वृष
आज का दिन आपके लिए धनधान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। आप कोई निर्णय जल्दबाजी मे लेंगे, तो उसके लिए आपको बाद में पछतावा होगा।

### मिथुन
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। परिवार में किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। किसी नए मेहमान का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

### कर्क
आपको हर काम में सावधान रहने की जरूरत है. किसी दूसरे व्यक्ति की वजह से आपके काम में जरूरत से ज्यादा समय लग सकता है. कुछ आदतों में सुधार लाने से आपका दिन बेहतर हो सकता है. जीवनसाथी के साथ आपको प्यार से बात करनी चाहिए।

### सिंह
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। पार्टनरशिप में कोई डील फाइनल होने से आपको धोखा मिल सकता है। विद्यार्थी शिक्षा में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आप अपने पिताजी से पैतृक बिजनेस को लेकर सलाह ले सकते हैं।

### कन्या
आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आप अपने कामों में पूरी मेहनत से जुटेंगे, लेकिन आपका ध्यान फिर भी दूसरी जगह लगेगा। आपको अपने खर्चों पर भी थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है।

### तुला
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। जीवनसाथी से यदि आप कोई बात गुप्त रखे, तो वह उनके सामने उजागर हो सकती है।

### वृश्चिक
आज का दिन आपके लिए तरक्की के नए-नए मार्ग खोलेगा। आप किसी की बातों में आकर कोई निवेश संबंधित फैसला न लें। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है, क्योंकि साथी के साथ उनकी बॉन्डिंग अच्छी रहेगी।

### धनु
आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपके कुछ नए शत्रु उत्पन्न हो सकते हैं। आपको काम के सिलसिले में किसी यात्रा पर जाना पड़ सकता है। राजनीति में कार्यरत लोगों की कुछ नए लोगों से जान पहचान बढ़ेगी।

### मकर
आज का दिन आपके लिए उलझनों भरा रहने वाला है। आपका कोई काम समय से पूर्ण न होने के कारण आपके मन में निराशा बनी रहेगी। परिवार में भी लड़ाई झगड़े की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

### कुंभ
आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपको जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य भरपूर मात्रा में मिलेगा। स्वास्थ्य के मामले में आप लापरवाही बिल्कुल ना करें।

### मीन
आज कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का दबाव अधिक रहने से आप थोड़ा परेशान रहेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को उनकी मेहनत का फल मिलेगा, जिससे वह अच्छा लाभ कमाएंगे। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी। यदि आपका कोई काम लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह भी माता-पिता के आशीर्वाद से पूरा होता दिख रहा है।

# बूथ लेवल अधिकारी ही होते है चुनाव की एक महत्वपूर्ण कड़ी : अनीता खटीक



## घर-घर सर्वे करने के लिए बीएलओ ने किया लघु नाटिका का मंचन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** राजकीय पीमश्री उच्च माध्यमिक विद्यालय में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी व एसडीएम अनीता खटीक के सानिध्य में आयोजित प्रशिक्षण में बुधवार को बीएलओं ने घर-घर सर्वे करने के लिए एक लघु नाटिका का मंचन करके बीएलओं को प्रशिक्षण के लिए जागरूक किया। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी व एसडीएम अनीता खटीक ने कहा कि बूथ लेवल अधिकारी चुनाव की एक महत्वपूर्ण कड़ी होते है। उनका चुनाव करवाने में निर्वाचन आयोग व प्रशासन का पूर्ण सहयोग रहता है। उन्होंने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में संचालित भाग संख्या 201 से 284 के बूथ लेवल अधिकारियों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का अवलोकन करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में दिए गए निर्देशों की पालना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बूथ लेवल अधिकारी के पास बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है। जिनको वह ईमानदारी व पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वाचक नियमावलियों को अपडेट करते रहते है। प्रशिक्षण प्रभारी नायब तहसीलदार बीएल जांगीड़ ने कहा कि बूथ लेवल अधिकारी अपने संसाधनों से मतदाताओं से सतत संपर्क में रहकर निर्वाचन नामावलियों का अपडेट करें। उन्होंने कहा कि बीएलओ अपना कार्य ईमानदारी के साथ करें। उन्होंने बताया कि चुनाव में मतदाता सूची महत्वपूर्ण होती है। प्रशिक्षण में दक्ष प्रशिक्षक त्रिलोकचंद जैन, सीताराम शर्मा, डीएन गौतम, सुशील शर्मा, बनवारीलाल मिश्रा व राकेश अग्रवाल सहित कई प्रशिक्षकों ने बूथ लेवल अधिकारियों को विभिन्न तरीके व गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर प्रशिक्षण सह प्रभारी अमित जोशी, अजय मीणा, धर्मराज चौधरी, इंद्रजीत मीणा, चंद्र प्रकाश अजमेर, बंसीराम जाट, विष्णु लक्षकार व सौरभ माथुर सहित कई अधिकारी व बीएलओ मौजूद थे।

# डिग्गी पदयात्रा मेला 2025 की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड में, कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** राजस्थान के ऐतिहासिक और आस्था के प्रतीक डिग्गी कल्याणजी लक्खी पदयात्रा मेला की भव्यता इस वर्ष और अधिक बढ़ने जा रही है, क्योंकि 2025 की यह पदयात्रा 60वीं विशाल पदयात्रा के रूप में आयोजित होगी। 31 जुलाई से 4 अगस्त तक चलने वाले इस पांच दिवसीय धार्मिक आयोजन की तैयारियों को लेकर प्रशासन ने कमर कस ली है। इसी क्रम में बुधवार को जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में मालपुरा पंचायत समिति सभागार में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें मेला संचालन से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने साफ शब्दों में कहा कि इस बार मेला नगर पालिका डिग्गी द्वारा संचालित किया जा रहा है, जबकि पूर्व में यह जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की थी। अतः नगर पालिका को स्वच्छता के स्तर पर कोई कोताही नहीं बरतनी चाहिए। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी हंसराज चौधरी ने जानकारी दी कि मेले के लिए 40 सफाई कर्मचारी, 30 कचरा पात्र, 4 ऑटो टिपर, जेसीबी व ट्रैक्टर लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त बबूल की कटाई, आवारा पशुओं को नियंत्रित करने, धर्मशालाओं व भंडारों की निगरानी, व चल शौचालयों की सफाई सुनिश्चित करने की कार्ययोजना प्रस्तुत की गई। सड़क मरम्मत को लेकर पीडब्लूडी व अधिकारियों के बीच बैठक में आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति बन गई, जिसे कलेक्टर ने तत्काल सख्ती से रोका। कलेक्टर ने दोनों विभागों को निर्देश दिए कि मेले से पूर्व सभी मार्गों की मरम्मत प्राथमिकता से पूर्ण की जाए। आरएसआरडीसी अधिकारी द्वारा बजट की कमी जताने पर कलेक्टर ने फटकार लगाते हुए स्पष्ट किया कि मेला अवधि में कोई अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला कलेक्टर ने जलदाय विभाग के एक्शन संदीप बाटड़ को कहा कि मेले के दौरान पानी को लेकर कोई व्यवस्था नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने सीएमएचओ को निर्देश दिए कि कंट्रोल रूम, नुक्कड़, जयसिंहपुरा तिराहा, व कल्याण मंदिर जैसे प्रमुख स्थलों पर चिकित्सकों की टीम तैनात की जाए। इस बार विशेष रूप से सीनियर डॉक्टरों की टीम को सेवा में लगाया जाएगा ताकि कोई भी चिकित्सा सुविधा बाधित न हो। मालपुरा एसडीएम अमित चौधरी ने यह भी कहा कि पिछले साल जयसिंहपुरा तिराहा क्षेत्र में चिकित्सक की अनुपस्थिति की शिकायत आई थी, जिसे इस बार नहीं दोहराया जाएगा। फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट को निर्देश दिए गए कि वह मेले में स्थापित दुकानों, भंडारों और ठेलों से नियमित निरीक्षण कर खाद्य सैंपल लें और



किसी भी तरह की मिलावट या अस्वस्थ्यकर खाद्य सामग्री पर कार्रवाई करें।

### श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए खास व्यवस्था

विजय सागर तालाब में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लोहे की चेन लगाई जाएगी। साथ ही मेले से पहले डिग्गी कस्बे में हर रोज फॉगिंग करवाई जाएगी।

### मंदिर ट्रस्ट की भूमिका

मंदिर ट्रस्ट के आशुतोष पुजारी ने आग्रह किया कि मेले के दौरान परिक्रमा मार्ग बंद रखा जाए, तथा रसोई मार्ग से केवल पुजारियों को ही प्रवेश दिया जाए। मालपुरा राष्ट्रीय अमित कुमार चौधरी ने कहा कि दानपात्र मार्ग पर किसी भी प्रकार की रुकावट नहीं होनी चाहिए।

### पुलिस प्रशासन की चाक-चौबंद योजना

टोंक पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने जानकारी दी कि मेला क्षेत्र की सुरक्षा के लिए 700 से 750 पुलिसकर्मी तीन पारियों में तैनात किए जाएंगे। 32 स्थानों पर बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, एनसीसी व स्काउट्स की सहायता ली जाएगी। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि धक्का-मुक्की, चोरी व भगदड़ जैसी घटनाओं पर सख्त नियंत्रण रहेगा।

### शराब के ठेकों पर पूर्ण प्रतिबंध

मीडिया कर्मियों ने बैठक में पुरानी शिकायत को दोहराते हुए बताया कि पिछले साल शराब के ठेके बंद नहीं हुए थे, जबकि आदेश थे। इस पर जिला कलेक्टर व एसपी ने आश्वासन दिया कि इस बार मेला क्षेत्र में शराब के ठेके पूर्णतः बंद रखे जाएंगे और यदि किसी भी दुकान को चालू पाया गया तो संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक टोंक विकास सांगवान, एडीएम मालपुरा विनोद कुमार मीणा, उपखंड अधिकारी अमित चौधरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम बेनीवाल, पुलिस उप अधीक्षक अशीष प्रजापत, सीआई चेनाराम बेड़ा, डिग्गी थानाधिकारी सत्यनारायण सहित नगरपालिका, चिकित्सा, पीडब्ल्यूडी, जलदाय, विद्युत, आपदा प्रबंधन एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# रणथम्भौर : बाघों की रक्षा करेंगे अब वफादार श्वान, दी जा रही स्पेशल ट्रेनिंग

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** हर आदमी की यही धारणा होती है कि वफादार स्वान यानी कुत्ते सिर्फ घरों की ही रखवाली करने में मददगार साबित होते हैं! उनकी वफादारी का प्रमाण पुलिस और सेवा में भी देखा जाता है इनको स्पेशल रूप से वहां बता और समस्त सरकारी सुविधाओं के साथ इनका विशेष महत्व दिया जाता है! इसी को ध्यान में रखकर अब रणथम्भौर में बाघों की सुरक्षा के लिए अब नेशनल टाइगर कन्जर्वेशन अथॉरिटी (एनटीसीए) की ओर से नए कदम उठाने की तैयारी की जा रही है। वन विभाग सूत्रों के अनुसार रणथम्भौर में जल्द ही बेलिंगन मेनिडोस डॉग्स को तैनात किए जाएंगे। ये डॉग्स रणथम्भौर की स्पेशल क्राइम यूनिट को सौंपे जाएंगे। उल्लेखनीय है कि ये एक विशेष प्रजाति के डॉग्स है और अपनी खोजने की प्रवृति और सूंघने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं। जानकारी के अनुसार पूर्व में 2022 में मैनेजमेंट इफेक्टिव इवेलेशुन सर्वे के दौरान एनटीसीए की ओर से इस बात की अभिशंसा की गई थी। ऐसे में अब विभाग की ओर से इस अभिशंसा को अमली जामा पहनाने की कार्रवाई की जा रही है।

### शिकार की गतिविधियों को रोकने में कारगर

जैसा कि हाल ही के दिनों में देखने में आया है कि रणथम्भौर व उसके आसपास के क्षेत्रों में शिकारियों की गतिविधियों में लगातार इजाफा हो रहा है। गत दिनों में एमपी में पकड़े गए शिकारियों के पास तीन बाघों के अवशेष बरामद हुए। साथ ही पूर्व में रणथम्भौर के कुछ बाघ गायब हो गए थे। ऐसे में अब शिकार और अन्य गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए विभाग की ओर से इस प्रकार का कदम उठाया जा रहा है।



### पंचकुला में दिया जा रहा विशेष प्रशिक्षण

वन विभाग सूत्रों के अनुसार रणथम्भौर की स्पेशल क्राइम यूनिट को सौंपे जाने वाले डॉग्स का वर्तमान में आईटीबीपी यूनिट के हरियाणा के पंचकुला स्थित बेस में प्रशिक्षण का कार्यक्रम चल रहा है। यहां पर विशेषज्ञों की ओर से डॉग्स को प्रशिक्षित किया जा रहा है। ये बाघ व पैंथर सहित आदि वन्यजीवों की हड्डियों और खाल को सूंघकर उनकी पहचान करने में समक्ष होते हैं।

### तीन टाइगर रिजर्व में पहले से ही है ऐसी व्यवस्था

जानकारी के अनुसार देश के कई टाइगर रिजर्व में इस प्रकार का डॉग स्कवायड पहले से है। इनमें काजीरंगा, परियार और उत्तराखण्ड का जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क शामिल हैं। अब इन्हीं की तर्ज पर रणथम्भौर में भी यह व्यवस्था की जा रही है।

# सैलानी बाबा का सालाना उर्स : वतन फाउंडेशन ने मीठा शर्बत पिलाकर की जायरीनों की सेवा

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला मुख्यालय के आलनपुर कोतवाली के सामने स्थित दरगाह शेख सलीमुद्दीन चिश्ती उर्फ सैलानी बाबा का सालाना उर्स मंगलवार को कुरानखानी एवं चादर चढ़ा ने साथ संपन्न हुआ। उर्स में सैकड़ों की तादात में जायरीन शामिल हुए और अमन चैन की दुआ मांगी। वतन फाउंडेशन टीम के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी नरेन्द्र शर्मा ने बताया कि इस मौके पर वतन फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हुसैन आर्मी सहित टीम के सदस्यों ने उर्स में आने वाले हजारों जायरीनों को मीठा शरबत और ठंडा पानी पिलाकर सेवा कार्य किया। शर्मा ने बताया कि गत वर्ष भी वतन फाउंडेशन टीम द्वारा इस कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी सेवाएं देने का कार्य किया था। फाउंडेशन के संरक्षक राजेश शर्मा ने बताया कि वतन फाउंडेशन टीम हर सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रमों में आगे आकर अपनी सेवाएं देती है। आज भी उसी क्रम में सेवा कार्य को अंजाम दिया गया। वतन फाउंडेशन के उपाध्यक्ष कैलाश सिसोदिया ने बताया कि दरगाह शेख सलीमुद्दीन चिश्ती के सज्जादा नशीन काजी अहतशामुदीन ने वतन फाउंडेशन टीम के सभी लोगों का माला पहना कर एवं साफा बंधवाकर इस्तकबाल किया। इस अवसर पर एडवोकेट काजी इमामुद्दीन टीम वतन फाउंडेशन के संरक्षक राजेश शर्मा, प्रोफेसर रामलाल अध्यक्ष हुसैन आर्मी, उपाध्यक्ष कैलाश सिसोदिया, मुकेश जैन, विमल पांडे, आशीष मेहरा,आमीन, टीपू सुल्तान जाबिर खान, अली हुसैन सहित अनेक लोग शामिल थे।

# सवाई माधोपुर में युवक ने चलती सिटी बस पर की फायरिंग, एक युवक घायल

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** कोतवाली थाना क्षेत्र में मंगलवार रात फायरिंग की घटना से हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि किसी अज्ञात शख्स ने बजरिया से पुराने शहर जा रही सिटी बस पर गोली चला दी, जो एक युवक के हाथ में लग गई. घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया है. चलती सिटी बस पर फायरिंग की सूचना से शहर में हड़कंप मच गया वहीं, बस में अफरा तफरी मच गई। कोतवाली थानाधिकारी हरलाल मीणा ने बताया कि मंगलवार रात करीब साढ़े 8 रणथंभौर सर्किल के नजदीक मिनी बस में धमाके की सूचना मिली. मौके पर गए तो पुराने शहर निवासी इकरामुद्दीन के हाथ से खून आ रहा था. युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया. चिकित्सकों ने उसे जयपुर रेफर कर दिया।

### दुकान बंद कर लौट रहा था घर

फायरिंग में घायल इकरामुद्दीन बजरिया में नाई की दुकान चलाता है. हर दिन की भांति इकरामुद्दीन मंगलवार रात भी दुकान बंद कर सिटी बस से घर जा रहा था. तभी रणथंभौर सर्किल के नजदीक अज्ञात शख्स ने चलती सिटी बस पर फायर कर दिया. जोरदार धमाके की आवाज हुई. बस यात्री कुछ समझ पाते, इससे पहले बस में सवार इकरामुद्दीन के हाथ में गोली लग गई. यात्रियों को इकरामुद्दीन के हाथ से खून बहता दिखा. इससे यात्री व बस चालक घबरा गए. चालक ने सिटी बस यूनियन को जानकारी दी. यूनियन पदाधिकारियों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी. इस पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली. साथ ही घायल इकरामुद्दीन को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर कर दिया है. पुलिस इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है. फायरिंग से क्षेत्र में दहशत फैल गई।

# उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी आज टोंक आएंगी

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** प्रदेश की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी गुरुवार, 10 जुलाई को सुबह 10:30 बजे टोंक आएंगी। उनके विशिष्ट सहायक ललित कुमार से प्राप्त जानकारी के अनुसार उपमुख्यमंत्री सुबह 11 बजे संत श्री 1008 रामनिवास जी महाराज (रामस्नेही सम्प्रदाय) एवं संत श्री कोमल दास जी महाराज, अधिष्ठाता, श्री रामद्वारा टोंक के सानिध्य में कान्हड़ धाम, श्री रामद्वारा, पंचकुईया दरवाजा के पास पुरानी टोंक में गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी। इसके पश्चात सर्किट हाउस में दोपहर 12 बजे सार्वजनिक निर्माण विभाग, पर्यटन एवं महिला बाल विकास विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक लेंगी।

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने न्यूनतम बैलेंस शुल्क किया समाप्त

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख बैंकों में से एक बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने ग्राहकों को बड़ी राहत देते हुए बचत खातों पर लगने वाले न्यूनतम शेष राशि शुल्क को समाप्त कर दिया है। कार्यपालक निदेशक बैंक ऑफ बड़ौदा बीना वाहिद ने बताया कि यह निर्णय 1 जुलाई, 2025 से प्रभावी हो चुका है और इसका लाभ सभी सामान्य बचत खातों के ग्राहकों को मिलेगा। अब खाताधारकों को अपने खातों में न्यूनतम मासिक औसत शेषराशि बनाए न रखने पर कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा। उन्होंने बताया कि यह सुविधा प्रीमियम बचत खाता योजनाओं पर लागू नहीं होगी। उन्होंने इस निर्णय को ग्राहकों के हित में महत्वपूर्ण कदम बताया। न्यूनतम बैलेंस शुल्क हटाना, बैंक ऑफ बड़ौदा की ग्राहकों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमारा लक्ष्य सभी वर्गों को बैंकिंग की मुख्यधारा में शामिल करना और उन्हें सुलभ, समावेशी तथा मूल्य आधारित सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि इस फैसले से लाखों खाताधारकों को सीधा लाभ मिलेगा, विशेषकर ग्रामीण और निम्न आय वर्ग के ग्राहकों को, जो अक्सर न्यूनतम बैलेंस बनाए रखने में कठिनाई महसूस करते हैं।

# चित्तोडगढ डीपो की रोडवेज की बस में मिला अवैध डोडा पोस्त

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक रोडवेज की बस में रखे दो लावारीस बैगों में करीब 2 लाख 75 हजार रुपए की लागत का 18.233 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त जब्त किया है। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशानुसार अवैध मादक पदार्थो की रोकथाम को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजेन्द्रसिंह भाटी व डीवाईएसपी मृत्युन्जय मिश्रा के सुपर पर्यवेक्षण में पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने कार्यवाही करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित गुंसी चोकी के सामने नाकाबंदी के दौरान चित्तोडगढ डीपो की राजस्थान रोडवेज की बस की चैकिंग की गई। इस दौरान बस मे रखे दो लावारीस बैग में करीब 18.233 किलोग्राम डोडा पोस्त अवैध मादक पदार्थ मिला। जिसको जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि अवैध मादक पदार्थ की अनुमानित किमत करीब 2 लाख 75 हजार रूप है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करके अनुसंधान जारी किया है।

# भविष्य की उड़ान भेड़ोली विद्यालय को जनसहयोग से मिलेगा 5 लाख रुपए का विकास अनुदान

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिले में संचालित अभिनव कार्यक्रम भविष्य की उड़ान निरंतर सकारात्मक परिणाम दे रहा है। शिक्षा विभाग, ग्रामवासियों एवं भामाशाहों के सामूहिक प्रयास से भविष्य की उड़ान कार्यक्रम शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार एवं भौतिक विकास का सशक्त उदाहरण बन रहा है। इसी प्रेरणा से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भेड़ोली के स्टाफ एवं ग्रामवासियों ने मिलकर 2 लाख रुपए की राशि मुख्यमंत्री जनसहभागिता विद्यालय विकास योजना के तहत विद्यालय के आधारभूत ढांचे के विकास हेतु एकत्रित की है। यह राशि समग्र शिक्षा जिला कार्यालय को प्राप्त हो चुकी है। उक्त राशि का चेक जिला कलक्टर कानाराम को मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा एवं एडीपीसी दिनेश कुमार गुप्ता की उपस्थिति में विद्यालय के प्रधानाचार्य चिरंजी लाल मीणा ने द्वारा सुपर्द किया। कार्यक्रम अधिकारी समग्र शिक्षा हेमराज मीना ने बताया कि विद्यालय विकास हेतु जन सहयोग से एकत्रित 2 लाख रुपए के साथ राज्य सरकार द्वारा मुख्य मंत्री जन सहभागिता विद्यालय विकास योजनामद के रूप में 60 प्रतिशत अंशदान 3 लाख रुपए अतिरिक्त अनुदान के रूप में विद्यालय की मिलेंगे। इस प्रकार कुल 5 लाख रुपए की राशि विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति के माध्यम से विद्यालय में फर्नीचर क्रय, भवन मरम्मत, बाउंड्री वॉल निर्माण, विद्यालय सौंदर्यकरण सहित अन्य भौतिक विकास कार्यों में उपयोग की जाएगी।

# जिला परिषद में आयोजित साधारण सभा की बैठक महज खानापूर्ति-नेता प्रतिपक्ष

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली बोले अधिकारी जनहित के मुद्दों को सुलझाने के बजाय कन्नी काट रहे हैं । उन्होंने कहा कि जिला परिषद में आयोजित साधारण सभा की बैठक मजाक बनकर रह गई। जूली ने बोले लगता है जैसे यह बैठक जयपुर में आयोजित कर लेनी चाहिए थीए क्योंकि ज्यादातर अधिकारी यही बहाना बना रहे हैं। जो अधिकारी आए हैं, वे सभी जूनियर हैंए कोई भी सीनियर अधिकारी मौजूद नहीं है।उन्होंने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी से अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस भेजने के निर्देश दिए साथ ही उपस्थित अधिकारियों की हाजिरी भी दर्ज करवाई। उन्होंने कहा बैठक में जिला कलेक्टर,एसपी एवं नाही कोई वरिष्ठ अधिकारी है। अधिकारियों की अनुपस्थिति के के कारण आम जनता के काम नहीं हो पा रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि सीटीएच का सबने विरोध किया है। इसमें बड़े माफिया शामिल है जो कि षडयंत्र रचकर मिलीभगत से सीटीएच को बदलने का प्रयास कर रहे हैं जिसका विपक्ष जन आंदोलन बनाकर गांव गांव ढाणी ढाणी से लेकर दिगी तक विरोध करेगा। सरिस्का के मुद्दे को लेकर नेता प्रतिपक्ष व उनके साथ बड़ी संख्या में पार्षद बैठक का बहिष्कार कर सभागार से बाहर आ गए। जूली बोले 3 जिले बनने के बाद विश्व पटल पर अपनी विशेष पहचान रखने वाला सरिस्का अलवर की आय का प्रमुख स्रोत है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह की सरकार में वन्यजीवों को बचाने के लिए सेव द टाइगर मुहिम चलाई गई जिससे सरिस्का आबाद हुआ आज कुछ लोगों को हाथों में खेलकर यह लोग सरिस्का को बर्बाद करने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों की बात यहां सुनी नहीं जा रही हैए बोलने के लिए माइक बंद पड़े हैंएजनप्रतिनिधि यहां जनता की समस्याओं का समाधान करने के लिए आते हैं ना कि समोसा खाने। जूली ने कहा कि पांच जनप्रतिनिधियों को छोड़कर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया। यहां 49 पार्षद, 11 विधायक, सांसद व प्रधान हैं। लेकिन अधिकतर नहीं है। सरिस्का का नाश करने पर तुले हुए हैं। जूली ने ट्रिपिंग, अघोषित कटौती को लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि विधायक कोष से लाइन शिफ्टिंग का काम होना है जो पिछले लंबे अरसे से बंद पड़ा हुआ है। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों से कहा कि जल जीवन मिशन योजना के तहत कार्य धीमी गति चल रहा है जिसकी गति बढ़ाने की आवश्यकता है ताकि लोगों को सुचारू रूप से पेयजल उपलब्ध हो सके।

# सच्ची सहेली द्वारा प्रोजेक्ट शक्ति के तहत स्कूलों में चलाया जाएगा महामारी जागरूकता अभियान किशोर स्वास्थ्य पर दिया जायेगा ध्यान

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** दिल्ली स्थापित सच्ची सहेली अलवर जिले में प्रोजेक्ट शक्ति चला रहीं हैं। यह प्रोजेक्ट आरईसी लिमिटेड द्वारा फंड किया जा रहा है। जो एक सी एस आर इनिशिएटिव प्रोग्राम हैं। जो आरईसी लिमिटेड की मदद से पूरा किया जाएगा। जिला फील्ड कोऑर्डिनेटर अनिल कुमार ने बताया कि राजकीय विद्यालय में प्रोजेक्ट शक्ति के तहत कक्षा दृ 6 से 12 तक के विद्यार्थियो को मासिक धर्मए स्वास्थ्य और स्वच्छता स्कूल जागरूकता कार्यक्रम के प्रबंधन के बारे में जानकारी प्रदान की जानी है। अलवर जिले के सरकारी स्कूलों में छात्रों के लिए मासिक धर्म और किशोर स्वास्थ्य और स्वच्छता जागरूकता सत्र आयोजित किये जायेंगे। सच्ची सहेली द्वारा 30 चयनित स्कूलों में मासिक धर्म स्वास्थ्यए स्वच्छता और किशोर स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए कार्य किया जाएगा आरईसी लिमिटेड द्वारा समर्थित एक सीएसआर पहल के हिस्से के रूप में, सच्ची सहेली अलवर जिले में प्रोजेक्ट शक्ति शुरू कर रही है। इस पहल का उद्देश्य किशोरों . जिसमें छात्र और शिक्षक दोनों शामिल हैं . के बीच इंटरैक्टिव और आकर्षक गतिविधियों के माध्यम से मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में जागरूकता बढ़ाना और शिक्षा प्रदान करना है। जिला फील्ड कॉर्डिनेटर अनिल कुमार ने बताया कि आज किशोर स्वास्थ्य को लेकर यह समय कि जरूरत एवं मांग हैं। स्कूली बच्चों को इस ज्ञान की सख्त आवश्यकता है। व सामाजिक एवं धार्मिक भ्रांतियां तोड़ने भी सिखाया जायेगा। इस परियोजना में मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता तथा किशोर स्वास्थ्य पर लड़कियों और लड़कों दोनों के लिए जागरूकता सत्र और इंटरैक्टिव गतिविधियाँ। . शिक्षकों के साथ क्षमता निर्माण बातचीत। . पीरियड फेस्ट और पैड यात्रा जैसे जन जागरूकता कार्यक्रम, जहाँ छात्र मासिक धर्म के इर्द.गिर्द सकारात्मकए खुला और सहायक माहौल बनाने के लिए जागरूकता अभियान में शामिल होंगे।

# श्याम भारती महाराज की प्रतिमा को कराया नगर भ्रमण



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़( अलवर )।** कस्बे के अवधूत दत्त आश्रम में स्वामी श्याम भारती की प्रतिमा स्थापना के लिए बुधवार शाम को नगर भ्रमण कराया गया। महंत स्वामी अमन भारती महाराज की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रतिमा यात्रा स्टेशन मार्ग से शुरू होकर सराय बाजार, गोल मार्केट, चौपड़ बाजार होते हुए आगे बढ़ी। यात्रा गोविंद देव जी मंदिर, पुराना पुलिस थाना रोड और अनाज मंडी से होकर वापस अवधूत दत्त आश्रम पहुंची। मार्ग में समाजसेवियों और धर्मप्रेमियों ने पुष्प वर्षा कर प्रतिमा का स्वागत किया। यात्रा के दौरान भजनों की प्रस्तुति पर श्रद्धालु नृत्य करते रहे। गोविंद देव जी मंदिर के बाहर महंत दिलीप मुखर्जी ने स्वागत किया। पांच दिवसीय कार्यक्रम के चौथे दिन सुबह दुग्ध अभिषेक का आयोजन किया गया। रात 9 बजे सत्संग का आयोजन हुआ। आज सुबह 9ः15 बजे गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर गुरु पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वहीं कस्बे के समीपवर्ती माचाड़ी में नंगेश्वर धाम, गायत्री शक्तिपीठ, केशुला धाम, रामबाग और भोरंगी आश्रम में भी गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा।

# रोटरी क्लब ऑफअलवर की प्रथम महिला अध्यक्ष बबिता खंडेलवाल व कार्यकारिणी टीम हम ने ली शपथ

बढ़ता राजस्थान




**अलवर ( का.स. )।** रोटरी क्लब अलवर के 46 वें शपथ ग्रहण समारोह प्रेरणा में क्लब की प्रथम महिला अध्यक्ष बबिता खंडेलवाल, सचिव गषि मित्तल व कोषाध्यक्ष ललित अग्रवाल ने अपनी कार्यकारिणी टीम हम के साथ शपथ ली । शपथ ग्रहण समारोह प्रेरणा के मुख्य अतिथि वन एवं पर्यावरण मंत्री माननीय संजय शर्मा थे । कार्यक्रम की शुरुआत माननीय मंत्री संजय शर्मा, रोटरी डिस्ट्रीक्ट 3053 की प्रान्तपाल निशा शेखावत, पूर्व प्रान्तपाल क्रांति मेहता, राजकुमार भूतोरिया, हरीश गौड, पवन खंडेलवाल, आगामी प्रान्तपाल बृजमोहन अग्रवाल, अध्यक्ष बबिता खंडेलवाल, सचिव गषि मित्तल, पूर्व अध्यक्ष दीपक कट्टा, पूर्व सचिव मुकुंद गुप्ता, असिस्टेंट गवर्नर राजेश सिंघल पूर्व अध्यक्ष के.के.खण्डेलवाल, सुरेश गोयल, नीरज जैन, प्रमोद आर्य, मनीष जैन, ने दीप प्रज्वलन कर की। मंत्री संजय शर्मा ने रोटरी क्लब अलवर के सामाजिक क्षेत्र में विशेष योगदान का उल्लेख करते हुए कहा की रोटरी क्लब अलवर शिक्षा, पर्यावरण, महिला स्वास्थ्य, चिकित्सा आदि सभी क्षेत्रों में समय समय पर निःस्वार्थ सेवा के लिए तत्पर रहता है । क्लब की प्रथम महिला अध्यक्ष से सेवा के क्षेत्र में नए आयाम छूने की उम्मीद करते हुए मंत्री ने अध्यक्ष बबिता खंडेलवाल व कार्यकारणी को बधाई दी । रोटरी डिस्ट्रीक्ट 3053 की प्रथम महिला प्रान्तपाल निशा शेखावत ने अध्यक्ष बबिता खंडेलवाल को शपथ दिलाते हुए उम्मीद जताई कि रोटरी क्लब अलवर अधिक से अधिक सदस्यों को जोडेगा व गत वर्षों की तरह सेवा के क्षेत्र में अलग पहचान बनाएगा । अध्यक्ष बबिता खंडेलवाल ने शपथ ग्रहण करते हुए कहा कि वे स्वयं से ऊपर सेवा निष्ठा की भावना के साथ रोटरी अलवर को नई ऊंचाई पर ले जाएंगी, जल्दी ही आम जन के लिए मेडिकल इक्विप्मेंट बैंक की स्थापना की जाएगी, पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में समय समय पर वृक्षारोपण किया जाएगाए क्लब के सभी स्थाई सेवा प्रोजेक्टस को निरन्तर चलाया जाएगा। पूर्व प्रान्तपाल क्रांति मेहता ने सचिव गषि मित्तल को कार्य निष्ठा की शपथ दिलाई । पूर्व प्रान्तपाल राजकुमार भूतोरिया व आगामी प्रान्तपाल बृज मोहन अग्रवाल ने कार्यकारिणी सदस्यों कोषाध्यक्ष ललित अग्रवाल, पूर्व प्रान्तपाल पवन खंडेलवाल, पूर्व अध्यक्ष दीपक कट्टा, आगामी अध्यक्ष नीलू जैन, आशीष खंडेलवाल, निर्मल रस्तोगी, नरेंद्र हीरावत, बबिता अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र खुराना, आशुतोष शर्मा, पूर्व अध्यक्ष प्रमोद आर्य, सुनील गुप्ता, संजीव गुप्ता, कविता खंडेलवाल, राजेश खंडेलवाल, अशोक गुप्ता, पुनीत भाटिया व एस एन भार्गव को सच्ची निष्ठा व सेवा में तत्परता की शपथ दिलाई।

# जैन महाविद्यालय की एनओसी नहीं होने से परीक्षा परिणाम रोका, छात्राओं ने आक्रोश रैली निकाल कर उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन




बढ़ता राजस्थान

**तिजारा ( नि.स. )।** तिजारा में जैन महाविद्यालय की एनओसी जारी नहीं होने के कारण छात्राओं का परिक्षा परिणाम रोक दिया गया है, जिससे महाविद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं का भविष्य अंधकारमय हो गया है। महाविद्यालय मैनेजमेंट द्वारा छात्राओं को कुछ दिन का समय दिया गया था, लेकिन समय निकालने के बाद भी कोई परिणाम नहीं मिलने से नाराज छात्राओं ने जैन महाविद्यालय से सारे बाजार होते हुए उपखंड अधिकारी ऑफिस तक आक्रोश रैली निकाली एवं उपखंड अधिकारी तिजारा को ज्ञापन पेश कर शीघ्र परिणाम जारी कराने मांग की गई। जैन महाविद्यालय द्वारा बीएससी /बीकाम क्लासेज शुरू की गई थी, लेकिन औपचारिकता पूरी नहीं होने के कारण मामला अधरझूल में लटकता रहा जिसका परिणाम आज छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है। छात्राओं द्वारा बीएससी/बीकाम परिक्षा परिणाम रोके जाने के फलस्वरूप आक्रोश रैली निकाली गई बाद में उपखंड अधिकारी कार्यालय में पहुंच कर उपखंड अधिकारी से शीघ्र रोके गए परिणाम प्रस्तुत कर जारी कराने की मांग की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जैन महाविद्यालय की जमीन महाविद्यालय के नाम से नहीं हो कर जैन मंदिर के नाम चली आ रही है, राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक निजी महाविद्यालय को सक्षम स्तर से एनओसी प्राप्त कर महाविद्यालय चलाना होता है, लेकिन जैन महाविद्यालय द्वारा ऐसा नहीं करने के फलस्वरूप सीधे ही छात्राओं को एडमिशन दे दिए गए एवं परिक्षा भी दिलवा दी गई लेकिन परिक्षा परिणाम के समय एनओसी नहीं होने के कारण परिक्षा परिणाम रोक दिया गया, जिससे छात्राओं का भविष्य अंधकारमय हो गया है। अब ना तो छात्राए आगे पढ सकती है और ना ही उन्हें वर्तमान में मौजूदा स्टेटस की विधिक जानकारी हो पा रही है, अब छात्राओं के सामने असमंजस की स्थिति आ गई है करें तो क्या करें? ना आगे एडमिशन ले सकती है! क्योंकि जब तक परिणाम जारी नहीं होगा तो पास फेल का निश्चय कौन करेगा। दूसरी और विश्विद्यालय द्वारा जारी एडमिशन की तारीखों का समय धीरे-धीरे समाप्त होता जा रहा है। इस प्रकार छात्राओं का भविष्य अंधकारमय हो गया है! जैन महाविद्यालय प्रशासन मौन है कोई उचित कार्यवाही जो छात्र छात्राओं के हित में हो करने के लिए तैयार नहीं है। इस उत्पीड़न के परिणामस्वरूप छात्राओं ने आक्रोश रैली निकाली एवं उपखंड अधिकारी तिजारा से समाधान कराने की मांग की है।

# बच्चों के लिए वरदान राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम




बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग के अधीन चलने वाला राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम आज बच्चों को जीवन दान देकर वरदान साबित हो रहा है। खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी मालाखेड़ा डॉक्टर लोकेश मीणा ने बताया कि मालाखेड़ा टीम में कार्यरत डॉक्टर अनिल कुमार जैन एवं फार्मासिस्ट आशीष द्वारा विभिन्न सरकारी विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केदो पर स्क्रीनिंग कर गंभीर बीमारियों से ग्रसित बच्चों को उचित संस्थान पर रेफर किया गया एवं सीएमएचओ डॉक्टर योगेंद्र शर्मा, आरसीएचओ श्रीमती डॉक्टर मंजू शर्मा एवं एनडीएनओ डॉक्टर अरविंद कुमार के सहयोग से इस नवीन सत्र अप्रैल से अब तक तीन सर्जरी कराई गई है जहां पहले बलदेव बास की रूही नाम की बिटिया जो की सीएचडी (दिल में छेद) से परेशान थी जिसको अभी 4 जुलाई को इंडस हॉस्पिटल जयपुर में सर्जरी कराई गई और अब ब%ची धीरे-धीरे स्वस्थ हो रही है। दूसरा मामला कटोरी वाला तिबारा आंगनबाड़ी से उर्वशी नाम की बच्ची का है जहां कमर में गांठ थी जिसको टीम द्वारा चिन्हित करने के बाद बांगड़ अस्पताल जयपुर में मई माह में सफल पूर्वक सर्जरी कराई गई और तीसरा मामला पटेल नगर आंगनवाड़ी पर एक कटे होट और तालु के बच्चे का है जिसकी सर्जरी मई माह में अभिषेक हॉस्पिटल जयपुर में सर्जरी कराई गई और अब बच्चा पूरी तरह स्वस्थ है। जिला प्रजनन एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती मंजू शर्मा का यह कहना है अलवर जिले में प्रत्येक ब्लॉक एवं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम में काम कर रही है जो सरकारी विद्यालय एवं आंगनबाड़ी और मदरसा में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण कर गंभीर बीमारियों से ग्रसित बच्चों को उच्च संस्थान पर रेफर करती है जिससे बच्चों को समुचित उपचार मिलता है। इधर टीम में कार्यरत डॉक्टर अनिल कुमार जैन ने बताया कि इस पुनीत कार्य में लोगों के दर्द को समझ कर पीडित लोगों के दर्द को दूर करने का जो जिम्मा सरकार ने हमें दिया है वह हम पूरी तरह निभाते हैं और इस कार्य को करने में जो मन की प्रसन्नता मिलती है उसका कोई सानी नहीं।

# बेसहारा परिवार को तीन लाख चोबीस हजार रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** क्षेत्र के दुब्बी में लम्बी बीमारी के चलते गाजीराम मीणा की मौत के बाद आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार को सर्व समाज के सहयोग से आर्थिक संबल प्रदान किया गया है। सर्व समाज हैल्प टीम के सदस्य सुनील भाकरी प्रमोद सैनी सकट शैतान भाकरी ने बताया कि गाजीराम की मौत के बाद परिवार बेसहारा हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने व सर्व समाज हैल्प टीम के सदस्यों ने आर्थिक मदद के लिए एक मिशन गाजीराम मीना दुब्बी की शुरुआत की, जिसमें करीब 550 योगदान कर्ताओं के सहयोग से 3 लाख 24 हजार एक सो तेंतीस रुपए की राशि एकत्रित हुई, जिसे सर्व समाज हैल्प टीम के सदस्यों व स्थानीय ग्रामीणों ने गाजीराम की यादगार में एक फलदार वृक्ष लगाकर, पक्षियों के लिए एक परिंडा लगाकर तथा गाजीराम मीणा के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा सहयोग राशि पीड़ित परिवार को सौंप दी गई। पौधा बालाजी नर्सरी कोठी नारायणपुर द्वारा भेंट किया गया। ओमप्रकाश टीटी ने बताया कि उपस्थित ग्रामीण व मिशन से जुड़े सदस्यों ने यह निर्णय लिया गया कि कुल सहयोग मे से 3 लाख की पिडीत परिवार के नाम एफडी कराई जाएगी शेष 24133 रुपए घर खर्च के लिए दिए गए मिशन में सर्व समाज हैल्प टीम, राष्ट्रीय जनसेवा टीम, सर्व समाज नवयुवक सेवा टीम राजगढ के सदस्य ग्रामीण व मिशन से जुड़े सैकड़ों सदस्यों ने सक्रिय होकर सहयोग किया और सहयोग करवाया मिशन समापन पर कैलाश पटेल प्रमोद सैनी सकट सुनील भाकरी शैतान भाकरी महेंद्र गुर्जर हरिकिशन बाढ तारेश भाबला छोटेलाल भगत श्रीफुल खुशीराम धोल्याराम बदरी बब्बू एव पिडीत का परिवार ग्रामीण आदि उपस्थित रहे मिडिया को खबर प्रकाश भाबला दुब्बी ने दी।

## बिना मात्रा को शहर अलवर (पार्ट-1)



बढ़ता राजस्थान

राम-राम भाईलाओं, आज आपकू एक ऐसो शहर को दर्शन करवा रहा हूं ,जोकू पूरा देश में बिना मात्रा को शहर बोलो जावे। पूरा राजस्थान या शहर की जितनी मिट्टी पलीद हुई है शायद की कोई ओर सिटी की हुई होगी। एनसीआर नाम को स्पाटो भी यहीं का लोगन ने खायो है। बडा राजी हुआ जब पतो लगो कि अलवर कू एनसीआर में शामिल कियो है। मिठाई बांट रहया था,पटाखा फोड रहया था बाद में पतो लगयो कि एनसीआर को कछु फायदा तो मिलो नाय और फालतून का टैक्स और प्रतिबंध का स्पाटा खा बैठा। बड़ी-बड़ी ढींग मारबा की आदत तो मेरी है नाय सच कह रहा हूं मन कितनों भी राजी कर लो लेकिन यहां विदेशी पर्यटक तो आबा सू कतरावे,क्योंकि सडक पे चलते-चलते कद गाय सींग मार दे पतो नाय ,या सांड उठार फैंक दे जहां ते आयो बिना हवाई जहाज के पहुँच जावेगो। या मारे कोई आवे ही नाय दूसरी बात। यहां का दुकानदार भी घणा श्याणा हैं दिन में सड़क ढूंढर दिखा दो तो मैं मान जाऊं, अतिक्रमण तो काई अतिक्रमण को बाप पाल रखो है। इधर अफसर भी फुल कलाकार हर बार नत्थू की ठेली कूही ओंदी पटक ले जावें अतिक्रमण हटाबा का नाम पे। हां एक बात की रौनक है हमारा या शहर में,शाम होते ही दारून का ठेका देख्यो जरा ऐसो लगे कि सरकार चल ही अलवर का दम्म पे रही है। खैर बाकि दूसरा पार्ट में.......

**रूपक शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार**

# झोलाछाप डॉक्टर आमजन की जिंदगी से कर रहे खिलवाड़, बिना लाइसेंस चला रहे जाँच केंद्र

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़/ अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों का लंबा जाल फैला हुआ है वही विभाग भी इन पर कार्रवाई के नाम पर मौन बना हुआ क्षेत्र में जगह जगह यह डॉक्टर आमजन की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे है वही दूसरी और झोलाछाप डॉक्टर बन खुद के जाँच केंद्र भी खोले हुए है जिसमे यह मरीज की खून सहित कई प्रकार की जाँच करते है जो कि मरीज सहित आमजन की जिंदगी के साथ खिलवाड़ है गंभीर विषय तो यह है चिकत्सा विभाग को इनकी जानकारी होते हुए भी कार्रवाई नहीं होती। इसे चिकत्सा विभाग की लापरवाही कहे या मिलीभगत यह तो भविष्य के गर्भ मे है आखिर देखना यह है की चिकित्सा विभाग इन पर कब कार्रवाई करता है ।

**इनका कहना**

*पहले भी झोलाछाप की सूचना आई थी, यदि ऐसे अब भी संचालित है तो मैं दिखवाता हूं। जल्द है कार्रवाई करेंगे।*

***विशाल सिद्ध , खंड चिकत्सा अधिकारी राजगढ़***

## भिवाड़ी में सर्वसमाज के लोगों ने बैठक कर 13 जुलाई को महापंचायत का किया ऐलान

**भिवाड़ी ( नि.स. )।** धारूहेड़ा जल विवाद मामले में हरियाणा प्रशासन द्वारा बनाये जाने वाले रैंप का विरोध करने पर एक वकील को हरियाणा पुलिस द्वारा पकड़ कर ले जाने के मामले में बुधवार को सर्वसमाज समाज के लोगों ने बाबा मोहनराम मन्दिर में बैठक का आयोजन किया। सर्व समाज के लोगों ने भिवाड़ी के लोगों का साथ वहां के थाने व नगरपालिका द्वारा किये गये गलत व्यवहार की निन्दा की गई। हरियाणा के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा गया है और रविवार 13 जुलाई को रैंप स्थल पर महापंचायत करने का ऐलान किया गया।

## कोटा आहू-1 सौर आधारित सूक्ष्म सिंचाई परियोजना एवं बास्याहेडी लघु सिंचाई परियोजना के जल उपयोक्ता संगम के चुनाव निर्विरोध हुये

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( दामोदर सिंह )।** राजस्थान सिंचाई प्रणाली के प्रबन्ध में कृषकों की सहभागिता के तहत दिनांक 06.07.2025 को आहू-1 एवं दिनांक 20.06.2025 को बास्याहेडी जल उपयोक्ता संगम के सफलता पूर्वक निर्विरोध पूर्ण किये गये। चुनाव निर्वाचन अधिकारी एवं जल संसाधन उपखण्ड कनवास व उपखण्ड रामगंजमण्डी की देखरेख में हुयें। आहू-1 डब्लू यू ए रामगजमण्डी तहसील के अध्यक्ष के पद हेतु बसन्त लाल ग्राम बास्याहेडी एवं प्रादेशिक सदस्य के लिए भैरूलाल नागर ग्राम गादिया, देवलाल ग्राम अरण्याकलां, भवरलाल ग्राम बास्याहेडी एवं देवकरण ग्राम पायली चुने गये तथा बास्याहेडी डब्लू यू ए तहसील कनवास के अध्यक्ष के पद हेतु केसरी लाल अध्यक्ष चुने गये, प्रादेशिक सदस्य मदनलाल, उदयलाल, गोरूलाल एवं जीतमल चुने गयें।

## राजकीय महाविद्यालय कपासन में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का सहयोग एवं स्वागत किया

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को सहयोग के साथ स्वागत अभिनंदन किया गया। जानकारी अनुसार सुभाष चंद्र बोस राजकीय महाविद्यालय कपासन में प्रथम वर्ष की वरीयता सूची जारी होने के उपरांत महाविद्यालय में नव प्रवेश हेतु दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गयी है।इस दौरान छात्र नेता भरत जायसवाल एवं कार्यकर्ताओं द्वारा नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को दस्तावेज सत्यापन इत्यादि कार्य में सहयोग प्रदान किया गया।साथ ही नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत अभिनंदन किया गया। इस दौरान लक्ष्मण बैरवा,सुनिल गुर्जर,अनीश,रोहित, कृष्णा जाट,खुशबु,हर्षिता आदि छात्र-छात्रा उपस्थित रहे तथा नवप्रवेशित को सहयोग प्रदान किया गया।

## अंतराष्ट्रीय युवा विकास कॉन्क्लेव 4.0 का हुआ समापन

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( विनोद गौड़ )।** हाल ही में यूनाइटेड नेशन्स के सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स के लक्ष्योनुरूप दिव्या युवा मंच द्वारा चार दिवसीय चार से सात जुलाई 2025 तक चतुर्थ अंतराष्ट्रीय युवा विकास सम्मेलन का भारत की राजधानी दिल्ली के नजदीकी हरियाणा राज्य के सिरसा के ऐलनाबाद में सात देशों से आए प्रतिनिधियों की उपस्थिति में समापन हुआ । कॉन्क्लेव चेयरमैन सुभाष चौहान ने बताया कि सुभाष चौहान ने बताया कि राजस्थान हाड़ौती संभाग से विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित युवा डॉ नयन प्रकाश गांधी कई वर्षों से कारपोरेट युवा स्किलिंगअपस्किलिंग,सोशल डेवलेपमेंट क्षमता संवर्धन ,युवा मोटिवेशन ,युवा करियर प्रबंधन स्पेशलिस्ट ,विभिन्न सरकारी गैर सरकारी संस्थाओं की परियोजनाओं के अटूट प्रबंधन का नेतृत्व कर रहे है कांफ्रेंस कोऑर्डिनेटर समीक्षा ने बताया कि गांधी ने अपने मुख्य व्यक्तव्य में बताया कि भारत ही नहीं पूरे विश्व के लिए भारत की युवा पॉपुलेशन एक बहुउपयोगी ,बहुआयामी डेमोग्राफिक डिविडेंड के कारण भारत ही नहीं संपूर्ण विश्व की आर्थिक प्रगति और नवोन्मेष का आधार है ।गांधी को इस चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय युवा सम्मेलन में पद्म श्री अलंकृत भारत सरकार श्री गुरविंदर सिंह , भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व सांसद एवं एचएससीएफ़डीसी की चेयरपर्सन श्रीमती सुनीता दुग्गल ,दिव्य युवा मंच के प्रेसिडेंट सुभाष चौहान,स्थानीय ऐलनाबाद नगरपालिका चेयरमैन श्री राम सिंह सोलंकी,अंतरराष्ट्रीय लाइफ कोच मोटीवेटर बी .के.भारत भूषण एवं अनेकों गणमान्य की उपस्थिति में मोमेंटो ,शिल्ड एवं पगड़ी द्वारा सम्मानित किया गया ।एसडीएमसी अध्यक्ष का बयान, गरीब छात्रों के खिलाफ जब हमारे ब्यूरो कर्डिनेटर ने एसडीएमसी के अध्यक्ष नरेश शर्मा से बात की तो उनका कहना था कि यदि सुविधा चाहिए तो पैसा तो देना ही पड़ेगा। प्राइवेट स्कूल में जाने वाले वेटिंग में भी हाथ पैर जोड़ कर खड़े रहते हैं। मोटी रकम देकर भी अपने बच्चों को पढ़ाते हैं, वही सुविधा हम यहां पर दे रहे हैं। 4 हजार रूपए कोई बड़ी रकम नहीं है। इसमें हमने कौन सा गुनाह कर दिया। उधर, एसडीएमसी अध्यक्ष के इस बयान की कई अभिभावकों ने कड़ी निंदा की है। स्थानीय लोगों ने स्कूल प्रिंसीपल के अब तक कार्यकाल के विकास कार्यो और छात्रों की नामांकन संख्या की भी जांच की मांग की है।

## विकास कार्य के चलते कोटा स्टेशन के प्लेटफ़ॉर्म-3 पर 9 से 22 जुलाई तक 14 दिन का ब्लॉक

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** विश्वस्तरीय तर्ज पर कोटा स्टेशन का पुनर्विकास कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। यात्रियों की सुरक्षा एवं संरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस पुनर्विकास कार्य के लिए कोटा स्टेशन के प्लेटफ़ॉर्म संख्या 3 पर ब्लॉक लिया जा रहा है। यह 14 दिन का ब्लॉक दिनांक 09 जुलाई सुबह 08.00 बजे से 22 जुलाई, 2025 को रात 24.00 बजे तक रहेगा। ब्लॉक अवधि के दौरान कोटा स्टेशन के प्लेटफ़ॉर्म संख्या 3 से संचालित की जाने वाली यात्री गाड़ियों का संचालन प्लेटफ़ॉर्म 2 व 4 अथवा अन्य उपलब्ध प्लेटफ़ॉर्म से किया जाएगा।

ब्लॉक अवधि के दौरान शिफ्ट ट्रेनों का विवरण-

1. गाड़ी संख्या 61615 नागदा-कोटा मेमू एवं गाड़ी संख्या 61614 कोटा-घाटोली मेमू को ब्लॉक अवधि के दौरान प्लेटफ़ॉर्म संख्या 1 की बजाय प्लेटफ़ॉर्म 3 ए अथवा अन्य उपलब्ध प्लेटफ़ॉर्म पर शिफ्ट कर संचालित किया जाएगा।

2.गाड़ी संख्या 20982 आगरा-उदयपुर सिटी वन्देभारत एक्सप्रेस प्लेटफ़ॉर्म संख्या 2 की बजाय प्लेटफ़ॉर्म 1 अथवा अन्य उपलब्ध प्लेटफ़ॉर्म से संचालित होगी।

3.गाड़ी कोटा से प्रारम्भ व होकर जाने वाली अधिकांश मेमू अथवा सवारी ट्रेनों का संचालन प्लेटफ़ॉर्म संख्या 3 की बजाय प्लेटफ़ॉर्म 2 अथवा अन्य उपलब्ध प्लेटफ़ॉर्म से होगा।

4.गाड़ी 12963 हजरत निजामुद्दीन मेवाड़ एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 22983/84 कोटा-इंदौर-कोटा एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 19812 इटावा-कोटा एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 19815 मंदसौर-कोटा एवं गाड़ी संख्या 11603 कोटा-बीना मेमू व कुछ वाया कोटा वाली ट्रेने प्लेटफ़ॉर्म संख्या 3 की बजाय प्लेटफ़ॉर्म 4 अथवा अन्य उपलब्ध प्लेटफ़ॉर्म संख्या से संचालित की जाएगी।

5.कोटा टर्मिनेट होने वाली गाड़ी संख्या 12060 हजरत निजामुद्दीन-कोटा जनशताब्दी एक्सप्रेस

प्लेटफ़ॉर्म संख्या 2 की बजाय प्लेटफ़ॉर्म संख्या 4 पर प्रतिदिन ब्लॉक अवधि में आएगी।

इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि कार्य प्रगति के लिए अधोसंरचना कार्य किया जाना आवश्यक है। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए स्टेशन उद्घोषणा प्रणाली अनुदेश, स्टेशन सहयोग कार्यालय, एनटीईएस अथवा रेल मदद 139 से जानकारी प्राप्त कर यात्रा करें।

### कोटा में सरकारी स्कूल में विकास शुल्क के नाम पर लूट

# महात्मा गांधी राजकीय स्कूल में मनमानी वसूली, नर्सरी से 12वीं तक 2200 से 4225 तक वसूले जा रहे रुपए

### कोटा के सबसे बड़े सरकारी स्कूल की कार्यप्रणाली पर सवाल, जांच की उठी मांग



सुविधाओं के नाम पर विकास शुल्क वसूलने वाले स्कूल के चौक में लगा वाटर कूलर जिसमें पानी नहीं




बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के गृह क्षेत्र व राजस्थान की शिक्षा नगरी कोटा के सबसे बड़े सरकारी स्कूलों में से एक महात्मा गांधी राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल (मल्टीपरपज), गुमानपुरा इन दिनों गंभीर आरोपों की जद में है। स्कूल प्रशासन पर छात्रों से विकास शुल्क और अन्य मदों के नाम पर 2200 से लेकर 4225 रुपए तक की मनमानी वसूली करने का आरोप है। खास बात यह है कि यह स्कूल नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक संचालित है और यहां बड़ी संख्या में गरीब तबके के बच्चे पढ़ते हैं।

अभिभावकों का कहना है कि स्कूल में प्रवेश के समय किसी भी शुल्क का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया। अब स्कूल प्रशासन सुविधा और किताबों के नाम पर बच्चों से जबरन पैसे वसूल रहा है। अगर कोई छात्र शुल्क नहीं दे रहा तो उससे बार-बार कहा जा रहा है कि पहले पैसे दो, तभी किताबें मिलेंगी। कई बच्चों को कक्षा में खड़ा करके फीस भरने का दबाव भी डाला जा रहा है। स्कूल की एसडीएमसी समिति पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं, जो सर्व शिक्षा अभियान की मूल भावना के विपरीत काम कर रही है। समिति के अध्यक्ष नरेश शर्मा ने जब हमारे ब्यूरो कॉर्डिनेटर से बात की तो उन्होंने साफ कहा, अगर सुविधा चाहिए तो पैसा देना ही पड़ेगा। प्राइवेट स्कूल में लोग मोटी फीस देकर भी इंतजार करते हैं। हम भी वही सुविधा दे रहे हैं, इसमें गुनाह क्या है?

एसडीएमसी अध्यक्ष के इस बयान की अभिभावकों ने तीखी आलोचना की है। उनका कहना है कि अगर सरकारी स्कूल भी प्राइवेट की तरह व्यवहार करेंगे, तो गरीब कहां जाएंगे? उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय और शिक्षा मंत्री से इस पूरे मामले की स्वतंत्र जांच की मांग की है।

### स्कूल की जमीन पर चल रही पार्किंग, फिर भी छात्रों से वसूली

सूत्रों के अनुसार, स्कूल परिसर की एक बहुमूल्य जमीन को पिछली सरकार के कार्यकाल में दबाव में कोटा विकास प्राधिकरण (चष्ठ) को सौंपा गया था। वहां अब एक व्यावसायिक पार्किंग चलाई जा रही है जिससे आय हो रही है। इसके बावजूद स्कूल में मूलभूत सुविधाओं के नाम पर पैसे वसूले जा रहे हैं।

### राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर शिकायत, जयपुर में ज्ञापन की तैयारी

इस मामले में नाराज अभिभावकों ने राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई है। इसके अलावा मुख्यमंत्री कार्यालय को भी ज्ञापन भेजा गया है। अब जल्द ही शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को जयपुर में अभिभावकों का एक प्रतिनिधिमंडल ज्ञापन सौंपेगा। अभिभावकों ने बताया कि सरकारी स्कूलों में इस प्रकार की वसूली न केवल अभिभावकों की जेब पर बोझ है, बल्कि सर्व शिक्षा अभियान की मूल भावना के विपरीत भी है। यदि यह स्थिति जारी रही तो सरकारी शिक्षा प्रणाली पर से आमजन का भरोसा उठ जाएगा। इस मामले में निष्पक्ष जांच और जवाबदेही तय करने की जरूरत है।

### इनका कहना

-अगर सुविधा चाहिए तो पैसा देना ही पड़ेगा। हम वही सुविधा दे रहे हैं जो प्राइवेट स्कूल देते हैं। 4 हजार रुपए कोई बड़ी बात नहीं है।
- नरेश शर्मा, अध्यक्ष, एसडीएमसी, महात्मा गांधी राजकीय स्कूल गुमानपुरा

-हमें नहीं बताया गया था कि सरकारी स्कूल में भी इतना पैसा देना होगा। अब एडमिशन करवा दिया है, तो मजबूरी में चुप हैं।
- अभिभावक (नाम न छापने की शर्त पर)

-विकास शुल्क संबंधी सारी जानकारी सीजीएमसी की समिति को है यह काफी समय से चल रहा है छात्रों को सुविधा देने के लिए सीजीएमसी से यह प्रस्ताव पारित है

प्रिंसिपल राहुल शर्मा

## बंधा धर्मपुरा स्थित गौशाला का निरीक्षण कर कलक्टर ने दिए आवश्यक निर्देश

### पशु कल्याण की समस्त व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन, अनुदान के समुचित उपयोग पर भी दिया जोर

बढ़ता राजस्थान



कोटा (दामोदर सिंह)। कलक्टर पीयूष समारिया ने बुधवार को बंधा धर्मपुरा स्थित गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला में मौजूद पशुओं की संख्या, उनकी सेहत, रखरखाव, चारे की गुणवत्ता, टीकाकरण, इलाज तथा अन्य व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। कलक्टर ने पशुधन कल्याण को सर्वोपरि बताते हुए सभी संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

**पशुओं की संख्या, स्थिति और देखभाल की जानकारी**

निरीक्षण के दौरान कलक्टर ने गौशाला में मौजूद पशुओं की कुल संख्या और नस्लों के आधार पर की गई उनकी श्रेणीबद्ध व्यवस्था की जानकारी ली। गौशाला में लगभग 1900 पशु रखे गए हैं, जिन्हें बछड़ों, दुधारू गायों, बीमार पशुओं आदि के आधार पर अलग-अलग बाड़ों में रखा गया है। कलक्टर ने इन पशुओं की स्थिति, स्वास्थ्य और स्वच्छता की समीक्षा करते हुए उनके रखरखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए।

**चारे की गुणवत्ता, पानी व गर्मी से बचाव की व्यवस्था पर विशेष जोर**

कलक्टर समारिया ने पशुओं को दिए जा रहे चारे की गुणवत्ता और मात्रा की गहन समीक्षा की और निर्देश दिए कि चारा पोषक तत्वों से भरपूर होना चाहिए ताकि पशुओं की सेहत उत्तम बनी रहे। उन्होंने गर्मी से बचाव हेतु की गई छायादार व्यवस्था, पंखों आदि की कार्यक्षमता का भी निरीक्षण किया और कहा कि भीषण गर्मी में पशुओं के लिए शीतल छाया और पर्याप्त पानी की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित की जाए।

**बीमार पशुओं के लिए अलग व्यवस्था और चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली**

कलक्टर ने बीमार पशुओं को सामान्य पशुओं से अलग रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पशुओं के इलाज के लिए आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता, गौशाला में कार्यरत पशु चिकित्सक, कंपाउंडर तथा उनके नियमित आने की उपस्थिति रजिस्टर की भी जानकारी ली। टीकाकरण की अद्यतन स्थिति, बीमारी की रोकथाम और पशुओं की समय-समय पर स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था पर आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर निगम से उपायुक्त महेश गोयल, रिचा गौतम,अधिशासी अभियंता कुरैशी, गौशाला प्रभारी नवीन आनंद तथा गौशाला का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## मुख्य बाजार में दुकान से समान निकाल कर सड़क पर फेके, पुलिस कार्यवाही पर जताया संदेह

### हेड कांस्टेबल पर अपराधियों से मिली भगत का आरोप लगाते हुए उचित धाराओं में केस दर्ज करने तथा हेड कांस्टेबल के निलंबन की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

### 15 दिन के बाद आंदोलन की दी चेतावनी

बढ़ता राजस्थान




**लाखेरी ( विश्वनाथ शर्मा ) ।** शहर में दस ग्यारह दिन पूर्व कुछ महिलाओं के साथ आए तीन चार युवकों ने बॉटम में स्थित दुकान में तोड़ फोड़ की और दुकान में रखा सारा सामान सड़क पर फेक दिया। इस दौरान बीचबचाव करने आए लोगों को युवकों तथा महिलाओं के गुस्से का सामना करना पड़ा। युवकों तथा महिलाओं द्वारा दुकान का सामान बाहर फैंकने की घटना को दस ग्यारह दिन गुजर जाने के बाद भी पुलिस प्रशासन द्वारा आरोपियों से मिली भगत कर फौरी धाराओं में मुकदमा दर्ज करने से कलाल समाज में आक्रोश व्याप्त है। उक्त घटना से आक्रोशित होकर कलाल समाज के लोगो ने समाज अध्यक्ष ललित कुमार पारेता के नेतृत्व में सीएम भजन लाल के नाम उपखंड अधिकारी भावना सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि शहर के व्यस्ततम बाजार बाटम लेवल मे बैंक ऑफ बडौदा के सामने दुकानदार राजेश पारेता इलेक्ट्रिकल सामानों की दुकान संचालित करता है जिसके साथ 27 जुन को शहर की संतोष राजावत, मोना राजावत, अनिल, कालु व रघुवीर सहित अन्य लोगो ने आकर दुकानदार राजेश पारेता के साथ मारपीट कर दुकान से बाहर निकाल दिया तथा इसके बाद दुकान में जमकर तोड़ फोड़ की और सारा सामान सड़क पर फेकने का वीडियो सोशल मीडिया ग्रुप पर भी वायरल हो रहा है।

# केन्द्रीय श्रम संगठनों का संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में विरोध प्रदर्शन

### श्रम कोड सहित श्रमिकों की समस्याओं के संबंध में जिलाधीश महोदय को दिया ज्ञापन

.बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( दामोदर सिंह )।** केन्द्रीय श्रम संगठनों के संयुक्त मार्चो के संयोजक मुकेश गालव ने बताया कि देशभर के समस्त केंद्रीय संगठनों का राष्ट्रीय श्रमिक सम्मेलन नई दिल्ली में 18 मार्च 2025 को आयोजित किया गया था। इस सम्मेलन में पिछले वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा अपनाई गई आर्थिक, सामाजिक, श्रम संबंधी नीतियाँ, कार्यकलाप एवं श्रमिक, मध्यम वर्ग/गरीब जनता के मुद्दों को लगातार दरकिनार करने संबंधी प्रवृत्ति एवं विशेष रूप से श्रमिक विरोधी चार लेबर कोड लागू करने के केंद्र सरकार के निर्णय के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। सम्मेलन में एक घोषणापत्र पारित हुआ, जिसमें 20 मई 2025 को राष्ट्रव्यापी हड़ताल करने का निर्णय लिया गया था। इसके पश्चात पहलगाम में आतंकी हमला, निर्दोष 26 लोगों की दु:खद हत्या तथा उसके बाद की परिस्थितियों के मध्येनजर 20 मई 2025 की राष्ट्रव्यापी श्रमिक हड़ताल को स्थगित करने का निर्णय लिया गया।

केन्द्रीय श्रमिक संगठनों की मांग हैं कि रेलवे, बैंक, बीमा, बंदरगाह और गोदी आदि का निजीकरण रोका जाएं। स्वास्थ्य, बिजली, शिक्षा सेवाओं को सरकारी क्षेत्र में ही बनाए रखा जाएं। ठेका श्रमिकों को नियमित श्रमिकों के समान वेतन, भत्ते एवं अन्य सुविधाएं दी जाएं। समान काम के लिए समान वेतन सुनिश्चित किया जाए। रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाएं एवं नियमित रोजगार दिया जाएं। 8 घंटे से अधिक कार्य/ड्यूटी नहीं कराई जाएं, इसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित हो। न्यूनतम पेंशन राशि रु 9000/- प्रतिमाह तय की जाए। आँगनबाड़ी, आशा, मिड डे मील तथा आशा किरण आदि स्कीम वर्कर को श्रमिक का दर्जा प्रदान किया जाए। मनरेगा मे न्यूनतम मजदूरी मे वृद्धि के साथ-साथ, वर्ष मे कम से कम 200 दिन के रोजगार की गारंटी हो, सहित विभिन्न बकाया मांगों का शीघ्र निराकरण किया जाएं।

केन्द्रिय श्रम संगठनों के संयुक्त मार्चो के संयोजक मुकेश गालव के नेतृत्व में द्वारा आज दिनांक 09 जुलाई को जिलाधीश कार्यालय कोटा पर नारेबाजी की गई तथा श्रीमान प्रधानमंत्री महोदय के नाम जिलाधीश महोदय को ज्ञापन सौंपा गया। विरोध प्रदर्शन में इंटक के राजेश चौहान, हिन्द मजदूर सभा की राष्ट्रीय सचिव सुश्री चम्पा वर्मा, आरएमएसआरयू के प्रान्तीय अध्यक्ष राकेश गालव, बीमा के मंजीत सिंह वालिया, बैंक के ललित गुप्ता, सीटू के उमाशंकर, किसान नेता दूलीचंद बोरदा, वरि.कम्यूनिस्ट नेता महेन्द्र नेह, अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की पुष्पा खींची, शिक्षक संघ शेखावत के अशोक लोदवाल,जे.के.सिन्थेटिक्स के नेता हबीब खान, निर्माण मजदूर के रविन्द्र सिंह, आजाद हिन्द बिल्डिंग वर्कर्स यूनियन के नाथूलाल योगी, राकेश, पिंकी, रमेश, अजीत सहित सैंकड़ों की संख्या में श्रमिकगण उपस्थित रहे।

# गोवर्धन से लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को डंपर ने मारी टक्कर,12 घायल

## हादसे के वक्त कुछ लोग ट्रॉली में सो रहे थे, तभी पीछे से अज्ञात वाहन ने मारी टक्क र

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** गुरु पूर्णिमा व मुड़िया मेले को लेकर श्रद्धालु बड़ी संख्या में मध्यप्रदेश और राजस्थान से गोवर्धन पहुंच रहे है।

लेकिन असुरक्षित साधनों से यात्रा करना श्रद्धालुओं को मंहगा भी पड़ रहा है। एक ऐसा ही सड़क हादसा मंगलवार सुबह धौलपुर जिले की मध्यप्रदेश सीमा की आखिरी पुलिस चेकपोस्ट सागर पाड़ा पर घटा। जिसमें कुल 12 श्रद्धालु घायल हुए है। उनमें से 2 की गंभीर हालत को देखकर चिकित्सकों ने दोनों को हायर सेंटर रैफर कर दिया है।

सीओ सीटी मुनेश मीणा ने बताया कि मंगलवार की सुबह ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर कुछ दर्शनार्थी मध्यप्रदेश के मुरैना जिले की ओर जा रहे थे। राजस्थान सीमा की आखिरी पुलिस चेकपोस्ट सागर पाड़ा के पास श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से किसी बड़े अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिसके चलते ट्रैक्टर चालक अपना नियंत्रण खो बैठा और ट्रॉली सहित सड़क पर पलटा खा गया। सुबह बड़ा हादसा, दिन में डबल डेकर ट्रॉली में यात्रा करते दिखे श्रद्धालु... रविवार सुबह भीषण सड़क हादसे से भी धौलपुर पुलिस ने सबक नहीं लिया। श्रद्धालुओं से भरी ओवरलोड ट्रॉली नेशनल हाइवे 44 पर फर्राटा भरते नजर आई। ट्रॉली पर ज्यादा से ज्यादा लोगों को बैठाने के लिए देशी जुगाड़ का



भी सहारा लिया गया था। ट्रैक्टर की ट्रॉली पर एक लकड़ी का तख्त रखकर डबल डेकर बनाया गया था। जिसके नीचे भी श्रद्धालु बैठे थे और जुगाड़ कर लगाए गए तख्त पर भी लोग बैठे दिखाई दिए। बेरोकटोक गोवर्धन जाने वाले श्रद्धालु राजस्थान की सीमा को पार कर रहे है और अपनी जान के साथ सड़क पर चलने वाले अन्य वाहन चालकों की जान भी जोखिम डाल रहे है। जब हादसा हुआ, उस समय कुछ लोग ट्रैक्टर की ट्रॉली में सो रहे थे।

चीख-पुकार की आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए, पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को एंबुलेंस से बाड़ी रोड स्थित जिला चिकित्सालय भिजवाया। चिकित्सकों ने तत्काल सभी घायलों को इमरजेंसी में भर्ती कर उपचार शुरु कर दिया। जिसमें से शैलेन्द्र और शोभित नाम के श्रद्धालुओं की हालत नाजुक थी, उन्हें तत्काल चिकित्सकों ने हायर सेंटर रैफर कर दिया। बाकी अन्य घायलों का उपचार धौलपुर जिला चिकित्सालय में चल रहा है। घायल

होने वालों में सभी पुरुष है, जिनमें बुजुर्ग, महिलाएं व बच्चें शामिल है। घायलों होने वालों में जिरकूमत पत्नी तुलाराम शिवपुरी, देवीराम पुत्र चिरौंजीलाल निवासी मुरैना, मनीष पुत्र लखन राठौर निवासी मुरैना, रवि पुत्र बनवारी लाल निवासी मुरैना, मातादीन पुत्र बद्री निवासी मुरैना, गिरिजा राठौर पुत्र रामराज निवासी मुरैना, शीला पत्नी केदार निवासी मुरैना, ब्रजेश पुत्र भगवान सिंह निवासी मुरैना, अवधेश पुत्र वीरेंद्र निवासी मुरैना, गौरव पुत्र राजाराम निवासी मुरैना सामान्य रूप से घायल हैं। सभी लोग मध्यप्रदेश के रहने वाले थे। जिनका जिला चिकित्सालय धौलपुर में उपचार चल रहा है। 2 लोगों को छोड़कर सभी खतरे से बाहर है।

## कृषि विकास की योजनाओं में ग्रामीणों की सहभागिता जरूरी

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** कृषि स्नातक की उपाधि लेने के बाद विद्यार्थियों को ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न भूमिकाओं में काम करना होता है, इसलिए विद्यार्थियों को ग्रामीण मनोविज्ञान से परिचित होना आवश्यक है। यह कहना है कृषि महाविद्यालय भुसावर के डीन डॉ. उदय भान सिंह का। डा उदयभान सिंह कृषि स्नातक विद्यार्थियों को ग्रामीण उद्यमिता कृषि विकास योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि तकनीकी एवं ग्रामीण विकास में विद्यार्थियों को किसानों की सहभागिता के साथ काम करने के तरीका बतला रहे थे ! डा सिंह ने कहा कि कृषि विद्यार्थी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने वाले अन्य व्यक्तियों को ग्रामीण परंपराये, संस्कृति, त्यौहार, रहन-सहन, भाषा, वहॉ की कहावत व लोकोक्तियाँ आदि का ज्ञान होना आवश्यक है। ग्रामीण विकास की योजनाओ में ग्रामीणों की सहभगिता होनी चाहिए । सहभागी ग्रामीण आकलन विधि द्वारा ग्रामीणों की खेती सम्बन्धी विभिन्न समस्याओं एवं उनके समाधान का सांचा तैयार करना चाहिए । योजना की क्रियान्वति में किसान का सम्मान व सहभागिता जरूरी है । प्रजातांत्रिक व्यवस्था में कृषि अधिकारियों को किसान सेवक के रूप में काम करना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. राहुल कुमार, डॉ. एस. एल. यादव व डॉ. मोहित कुमार सहित कृषि विद्यार्थी उपस्थित रहे।
07

## राजसमंद विधानसभा क्षेत्र के 50 बीएलओ का प्रशिक्षण आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द ( सुरेश बागोरा )।** भारत निर्वाचन आयोग एवं निर्वाचन विभाग, राजस्थान के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र राजसमन्द-175 के समस्त बीएलओ का 50 के बैच में प्रशिक्षण निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बृजेश गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बीएलओ को आगामी दिनों में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जाने वाले स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान मतदाता सूची से संबंधित सभी प्रकार के फॉर्म जैसे फॉर्म 6 - नाम जोड़ने के लिए, फॉर्म 6क - प्रवासी भारतीयों के लिए, फॉर्म 7 - मृतक अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के लिए, फॉर्म 8 - किसी भी प्रकार के संशोधन, एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरण, डुप्लीकेट ईपिक कार्ड जारी करने तथा दिव्यांगता अपडेट करने के लिए आवश्यक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बीएलओ के कर्तव्यों को समझाने के लिए रोल प्ले के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। तीसरे एवं अंतिम सत्र में बीएलओ ऐप के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, जिसमें यह बताया गया कि मतदान केंद्र पर उपलब्ध न्यूनतम सुविधाओं को कैसे अपडेट करें, चेकलिस्ट में दर्ज फॉर्मों का सत्यापन कैसे करें और समस्त फॉर्म कैसे भरें। इस प्रकार बीएलओ साहिबान के प्रथम बैच का प्रशिक्षण आज सम्पन्न हुआ। इस दौरान मास्टर ट्रेनर लक्ष्मी नारायण पालीवाल एवं रमेश चंद्र राणा द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## ओवरलोडिंग पर सख्त कार्रवाई: 130 वाहनों की आरसी निलंबित, बकाया कर वाले होंगे ब्लैकलिस्ट

बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द ( सुरेश बागोरा )।** जिला परिवहन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा ओवरलोडिंग पर नियंत्रण एवं सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिले में ओवरलोडिंग से संबंधित ई-चालान वाले कुल 130 पंजीकृत भार वाहनों की पंजीयन प्रमाण-पत्र (आरसी) निलंबित करने की कार्रवाई की जा चुकी है। इन वाहनों का पंजीकरण वाहन पोर्टल पर नियमानुसार निलंबित कर दिया गया है।उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में ऐसे सभी वाहनों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी, जिन पर ऑनलाइन चालान लंबित हैं या कर बकाया है। इन वाहनों को ब्लैकलिस्ट करते हुए उनकी आरसी भी निलंबित की जाएगी। परिवहन विभाग की उड़नदस्ते टीम द्वारा जिलेभर में लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। ऐसे वाहन जिन पर ई-चालान लंबित हैं, टैक्स बकाया है या कोई अन्य अनियमितता पाई जाती है, उन्हें मौके पर ही जब्त (सीज) किया जा रहा है। डीटीओ श्री सिंह ने वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे समय पर अपने चालान एवं कर का भुगतान करें तथा ओवरलोडिंग से बचें, अन्यथा नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पॉश एक्ट का उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं को सुरक्षित माहौल देना है- सुरेश प्रकाश भट्ट

### कार्यस्थल पर हो उत्पीड़न तो आवाज उठाएं महिलाएं- रेखा यादव, पॉश एक्ट के संबंध में विधिक जागरूकता शिविर का किया आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश अरुण कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत सुरेश प्रकाश भट्ट एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश रेखा यादव द्वारा एडीआर परिसर में कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न पॉश एक्ट के संबंध में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। जिसमे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम एवं पॉश एक्ट के बारे में जानकारी दी।

अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत ने कर्मचारियों को बताया कि पॉश एक्ट का उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न को रोककर महिलाओं को कार्यस्थल पर सुरक्षित, गरिमापूर्ण, उत्पीड़न मुक्त वातावरण उपलब्ध करवाना है। किसी विभाग, संगठन, संस्था, कार्यालय, कम्पनी, अस्पताल तथा संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के अन्य कार्यस्थलों पर छेड़छाड़, अनुचित शारीरिक स्पर्श, अश्लील मौखिक टिप्पणी की शिकार महिलाओं की सुरक्षा के लिए पॉश एक्ट को लागू किया गया है।

## धौलपुर रेलवे स्टेशन के घटिया निर्माण कार्य पर सांसद नाराज: निरीक्षण में नहीं पहुंचा कोई रेलवे अधिकारी, जांच के लिए कमेटी बनेगी

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर-करौली सांसद भजनलाल जाटव ने धौलपुर रेलवे स्टेशन का दौरा किया। अमृत योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान कोई रेलवे अधिकारी मौजूद नहीं था। इस पर सांसद ने नाराजगी जताई। सांसद ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि घटिया सामान का इस्तेमाल किया जा रहा है। निर्माण कार्य की मॉनिटरिंग भी नहीं हो रही है। इससे भविष्य में यात्रियों को परेशानी हो सकती है। रेल लाइन विस्तार की योजना पर सांसद ने जानकारी दी। पहले चरण में धौलपुर से सरमथुरा तक



रेल लाइन बिछाई जा रही है। दूसरे चरण में सरमथुरा से करौली होते हुए गंगापुर तक लाइन बनेगी। इसकी डीपीआर केंद्र सरकार को भेजी जा चुकी है।

करौली में विकास कार्यों की भी जानकारी दी गई। नेशनल हाईवे के लिए 300 करोड़ रुपए के बाईपास की मंजूरी मिल चुकी है। धौलपुर जिले के कांग्रेस सेवा दल की जिला प्रभारी रोशनी शिवहरे ने बताया की काफी महीनो से बाड़ी उपखंड और बाड़ी रोड पर निभी के ताल के पास सड़क क्षतिग्रस्त हुई पडी है बाड़ी के पूर्व सरपंच बालकिशन ने ज्ञापन देकर धौलपुर करौली संसद को मामले की जानकारी दी और भी कई मामले भी सामने आए इसमें जिले के पदाधिकारी। कांग्रेस जिला अध्यक्ष साकेत बिहारी शर्मा दिनेश जैन शिबू लोधा लोकेंद्र बनवारी लाल जाटव रामहेत कुशवाह समृद्धि दीक्षित शबनम खान महिला जिला अध्यक्ष वैजयंती जाटव पिंकी नईम खान मंडल अध्यक्ष साइना खान मौजूद रहे धौलपुर सांसद ने कहा

इसके लिए नया प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

## बसेड़ी में बस स्टैंड की मांग: सैकड़ों लोगों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, यात्रियों को खुले में करना पड़ता है बसों का इंतजार

बढ़ता राजस्थान

बसेड़ी (राजू शर्मा)। धौलपुर के बसेड़ी में बस स्टैंड की मांग को लेकर क्षेत्रवासियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। स्थानीय निवासी रामबली शर्मा ने बताया कि बसेड़ी क्षेत्र में बस स्टैंड नहीं होने से आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जगनेर रोड पर रोडवेज बसें खड़ी होकर सवारियां बैठाती हैं। बसों को सड़क पर ही बैक करना पड़ता है, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। लोकेश पाराशर के अनुसार यात्रियों को सर्दी, गर्मी और बारिश में खुले में बसों का इंतजार करना पड़ता है।ज्ञापन देने वालों में रामबली शर्मा, अश्वनी पाराशर, लोकेश पाराशर, रोहित शर्मा, दीपेंद्र परमार, प्रवीण शाक्य, धीरज बंसल, राजू कुशवाह, आशिक खान, टीकम सिंह, मुनेंद्र परमार, राजेंद्र पाराशर, गिर्राज परमार, भानु प्रताप परमार, सुग्रीव सिंह, अभिषेक और महेश सहित सैकड़ों क्षेत्रवासी मौजूद थे।

## कुएं में मिला विवाहित का शव, परिजनों ने लगाये दहेज के लिए बेटी की हत्या के आरोप

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** भुसावर थाना क्षेत्र के बल्लभगढ़ पुलिस चौकी अधीन गोविंदपुरा गांव में 9 जुलाई 2025 बुधवार को कुएं में 28 वर्षीय विवाहिता का शब मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर भुसावर थाना पुलिस एवं बल्लभगढ़ चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से शव को कुएं से निकला गया। अमृत का की पहचान शिव कुमारी पत्नी राहुल जाटव के रूप में हुई पुलिस द्वारा सबको भुसावर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखवाया गया। एफएसएल की टीम द्वारा साक्षी जुटाए गए। भुसावर थाना अधिकारी नरेश शर्मा के अनुसार प्यार पक्ष द्वारा ससुराल वालों पर बेटी की दहेज हत्या के आरोप लगाए गए उनकी शिकायत पर मेडिकल बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम करवाया जाकर शव सोपा गया।



## राज्य कर्मचारियों की वेतन विसंगति दूर कर 7,14, 21 व 27 वर्षीय सेवा पर मिले चयनित वेतनमान

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** राज्य कर्मचारियों के लिए 8 वें वेतन आयोग के गठन एवं पीएफआरडीए अधिनियम को निरस्त कर राज्य कर्मचारियों के एनपीएस के जमा 53 हजार करोड़ की जमा राशि को वापस जीपीएफ खातों में जमा करा कर पुरानी पेंशन स्कीम को यथावत रखने की मांग को लेकर

अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के राज्य व्यापी आंदोलन के तहत बुधवार को महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा के नेतृत्व में नर्सेज, शिक्षक संघ, कृषि, आयुर्वेद, ग्राम विकास अधिकारी, वन विभाग,कानूनगो ,पटवारी, कंप्यूटर अधीनस्थ संवर्ग आदि संघों के पदाधिकारियों ने जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के नाम एडीएम को 11 सूत्री मांग पत्र



सौंपा। संघ के महामंत्री रविंद्र सिंह त्यागी ने बताया कि इससे पूर्व कर्मचारियों की हुई सभा को राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष,हरीसिंह गुर्जर

नर्सेज एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष हरीशंकर शर्मा , जिला मंत्री हरेंद्र तोमर,छोटी बाई राजपूत, शेलेम्मा पीजी, कृषि पर्यवेक्षक संघ के जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार,जिला मंत्री होरीलाल ,आयुर्वेद नर्सेज से श्रीराम गोस्वामी, ग्राम विकास अधिकारी संघ के प्रदेश मंत्री कृष्ण कुमार तोमर ,जिला अध्यक्ष श्रीमान सिंह गुर्जर, राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के जिला अध्यक्ष विशाल गिरी गोस्वामी, राजस्थान कंप्यूटर अधीनस्थ कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष विकास शर्मा, आदि कर्मचारी नेताओं ने संबोधित करते राज्य में सभी विभागों में पारदर्शी तबादला नीति लागू कर शिक्षकों सहित सभी विभागों में जल्द स्थानांतरण शुरू करने,

राज्य कर्मचारियों के बुढ़ापे के सहारे के रूप में लागू पुरानी पेंशन को यथावत रखने की गारंटी तथा राज्य कर्मचारियों के 53 हजार करोड रुपए को जीपीएफ खाते में जमा करने की मांग की।

## दो अवैध देसी कट्टा व 06 जिंदा कारतूस सहित चार गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** भुसावर थाना अधिकारी नरेश शर्मा द्वारा उच्च अधिकारियों के निर्देश पर अवैध हथियार रखने वाले अपराधियों के विरुद्ध प्रभावित कार्रवाई करने हेतु थाने की दो टीमों का गठन किया गया। सहायक उप निरीक्षक ओमप्रकाश की टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर भुसावर बाई पास नगर पालिका गेट के पास से अखिलेश पुत्र मोहन सिंह निवासी मांगरैन थाना बयाना सदर की तलाशी पर एक देसी कट्टा 315 बोर व पेट की जेब में एक जिंदा कारतूस 315 बोर कारतूस बरामद हुआ! उसके साथी ललित तिवारी पुत्र रामबाबू जाति ब्राह्मण उम्र 21 निवासी गढी ब्राह्मण थाना भुसावर की पेट की जेब से दो जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुए । दूसरी टीम में सहायक उप निरीक्षक साहब सिंह द्वारा मुखबिर की सूचना पर बाईपास कस्बा भुसावर से सत्येंद्र उर्फ प्रदीप पुत्र रामवीर चौधरी 23 थाना बयाना सदर की तलाशी पर एक देसी कट्टा 315 बोर व पेट की जेब से एक जिंदा कारतूस 315 बोर, साथी अनिल पुत्र ओमप्रकाश जाति जाट 22 साल निवासी मागरैन थाना बयाना सदर की जेब से दो राउंड जिंदा कारतूस 315 बोर मिले । आरोपियों से पूछताछ की जाकर दो अलग-अलग मुकदमा दर्ज किये जाकर चारों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।



## आरी तसीमों को जोड़ने वाला मार्ग 12 महीने पानी में डूबा रहता है, बच्चे व मरीज परेशान

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** जिला मुख्यालय पर भाजपा की संगठन आत्मक बैठक में भाग लेने के लिए पहुंचे प्रदेश के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम को नुनहेरा पंचायत से पंचायत समिति सदस्य दीप सिंह कुशवाह के द्वारा तसीमों आरी के मध्य पार्वती नदी पर कई पंचायतों के लोगों के आवागमन के लिए रपट निर्माण कराए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया है कि ग्राम आरी की मढईया से तसीमों की दूरी मात्र 1 कि.मी. है। जिसके बीच में पार्वती नदी बहती है। नदी में गढ़ी चटोला के पास 10 वर्ष पहले एनीकट बनने से आरी तसीमों को जोड़ने वाला रास्ता 12 महीने पानी में डूबा रहता है। जिससे निकलने में स्कूली बच्चे, मरीज ग्राम वासियों



को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग रा महीने पानी में डूबा रहता है इससे प्रत्येक समय रास्ता पार करते समय हादसे का खतरा बना रहता है। सरकार से रपट बनाने की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया है ग्रामीणों के द्वारा जान को जोखिम में डाल कर ट्यूब खटोला पर बैठकर नदी पार करनी पड़ रही है। जिससे कई बार हादसा भी हो चुका है। बच्चों को स्कूल, मरीजों को हॉस्पिटल और क्षेत्र के लोगों को तसीमों बाजार से सामान की खरीदारी के लिए रोजाना ट्यूब खटोले पर बैठकर जाना पड़ रहा है ऐसे में स्कूल जाने वाले बच्चों एवं स्थानीय लोगों की जान जोखिम बनी रहती है। रास्ते से ग्राम आरी, मढईया, भूरा का पुरा, पंछी का पुरा, मठगोस्वामी, रामचरन का पुरा, बघेला का पुरा, नुनहेरा, बरूअर का पुरा, नीमखेड़ा, पाय का पुरा, बिलौनी, गुरर्जा, कोलूआ, डोयले का पुरा, मठ, आदि गाँव के लोगों का सम्पर्क तसीमों से जुड़ा हुआ है।

## जिंक कौशल रेलमगरा में जनरल ड्यूटी असिस्टेंट बैच का भव्य दीक्षांत समारोह सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

राजसमन्द (सुरेश बागोरा)। नाबार्ड के सहयोग से संचालित जिंक कौशल रेलमगरा संस्थान में जनरल ड्यूटी असिस्टेंट बैच का भव्य दीक्षांत एवं प्रमाण-पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। यह अवसर प्रशिक्षुओं के लिए गर्व का क्षण रहा, वहीं संस्थान व सहयोगी संस्थाओं के लिए उपलब्धियों से भरा दिन सिद्ध हुआ।समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आशीष जैन, जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड राजसमन्द तथा शजॉय, नाबार्ड, जयपुर ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथियों में प्रेमशंकर जींगर, लीड बैंक मैनेजर, राजसमन्द, राधिका खेरिया, हिंदुस्तान जिंक, दरिबा की सीएसआर टीम से चिन्मय जैन, जोनल हेड, अंबुजा फाउंडेशन तथा गौरव बी. शर्मा, जावर सेंटर इंचार्ज उपस्थित रहे।समारोह की अध्यक्षता अंकुश जैन, संस्था प्रधान, जिंक कौशल रेलमगरा द्वारा की गई। कार्यक्रम में बैंक अधिकारियों, हिंदुस्तान जिंक सीएसआर टीम, प्रशिक्षकों एवं प्रशिक्षुओं के अभिभावकों की भी बड़ी संख्या में भागीदारी रही, जिससे आयोजन का वातावरण अत्यंत प्रेरणादायक बन गया।मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट जनों ने प्रशिक्षुओं को कौशल




विकास, आत्मनिर्भरता एवं रोजगार के महत्व पर प्रेरणादायक संदेश दिए तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके प्रशिक्षुओं ने मंच से अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि नाबार्ड व जिंक कौशल रेलमगरा की पहल से उन्हें न केवल तकनीकी कौशल प्राप्त हुआ, बल्कि रोजगार के ठोस अवसर भी सुलभ हुए हैं। प्रशिक्षण ने उनके जीवन को नई दिशा दी है।प्रशिक्षुओं की उल्लेखनीय प्लेसमेंट उपलब्धियों में जीबीएच अमेरिकन हॉस्पिटल, उदयपुर, स्टर्लिंग हॉस्पिटल, बड़ौदा, एवं एपिक हॉस्पिटल, अहमदाबाद में 13,000 से 22,000 मासिक वेतनमान पर नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है। यह सफलता जिंक कौशल रेलमगरा की प्रशिक्षण गुणवत्ता, प्लेसमेंट टीम के सतत प्रयासों एवं उद्योग जगत से सशक्त जुड़ाव का प्रतिफल है।समारोह के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को विशेष सम्मान प्रदान किया गया तथा एक मानवीय पहल के रूप में सभी अभिभावकों को शुभकामना पत्र भेंट किए गए, जिससे परिजनों के बीच गौरव व उत्साह का वातावरण बना।

# सीटू यूनियन ने श्रम विरोधी नीतियों के विरुद्ध प्रदर्शन करते हुए सीटीजन चार्टर लागू करने की उठाई मांग

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( संजय जैन )।** देश में कार्यरत ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर रावतभाटा राजस्थान साइट पर मान्यता प्राप्त यूनियन सीटू ने राष्ट्रीय स्तर की 17 सूत्रीय मांग पर एवं स्थानीय स्तर के 15 मुद्दों पर केंद्र सरकार एवं रा रा साइट प्रबंधन की नीतियों के विरुद्ध 09/07/2025 को संयंत्र स्थल पर स्थित प्रथम बेरिएर पर सुबह 08 बजे से 10 बजे तक प्रदर्शन किया, जिसमे बड़ी संख्या में कर्मचारी साथियों ने भाग लिया7 उक्त प्रदर्शन से पूर्व 08/07/2025 को सहायक श्रम आयुक्त (के), कोटा के कार्यालय में सीटू यूनियन एवं प्रबंधन के स्थानीय मुद्दों पर समझौता वार्ता आयोजित हुई, जिसमे प्रबंधन द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिए जाने के कारण यूनियन ने 09/07/2025 को विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया7। कर्मचारियों की सभा को सम्बोधित करते हुए महासचिव बी एल मीणा ने राष्ट्रीय मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए बताया की केंद्र सरकार ने कोविड के दौरान संसद में 44 श्रम कानूनों को कमजोर करने के लिए 04 न्यू लेबर कोड बिल पास करवा लिए हैं । जिसे आज तक देश में कार्यरत ट्रेड यूनियनों के भारी विरोध के कारण लागू नही करा पाई है। बी एल मीणा ने 04 श्रम संहिता लागू होने पर इसके दुष्परिणाम के बारे में विस्तार से बताते हुए बताया कि इसके लागू होने से न केवल कर्मचारियों के काम के घंटे बढ़ जायेंगे साथ ही कर्मचारियों द्वारा ट्रेड यूनियन गठित करने के अधिकार पर भी कुठाराघात होगा, जो कि सीधे सीधे पूंजीवाद का पोषक एवं मजदूरों के हितों का शोषक है। बी एल मीणा ने यह भी बताया की नयी श्रम संहिता, उद्योगपतियों को श्रमिको के शोषण की खुली छूट देती हैं। बी एल मीणा ने सहायक श्रम आयुक्त(केन्द्रीय), कोटा के समक्ष हुई समझौता वार्ता की जानकारी देते हुए बताया कि कामरेड संजय संगर बनाम एन पी सी आई एल के मामले में माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर द्वारा सेवानिवृत्ति के समय में रिकवरी हेतु , डी ओ पी टी के आदेश की अनुपालन की व्यवस्था दिए जाने के बावजूद प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की वर्षो पुरानी अनुपस्थिति का विवरण कटौती हेतु उन्हें थमाया जा रहा है जो कि विधि विरुद्ध है। इसके साथ चिकित्सालय में



कार्यरत स्टाफ के हॉस्पिटल पेशेंट केयर अलाउंस की रिकवरी के एकतरफा आदेश पर रोक लगाए जाने की मांग की है 7 साथ ही यह मांग भी की है कि सेवा के दौरान दिवंगत कर्मचारियों के परिजनों को अंत्येष्टि हेतु तुरंत सहायता के रूप में प्रबंधन द्वारा 9000 रुपये की राशि प्रदान की जाती है जबकि ईएसआई एक्ट के अंतर्गत ही उक्त राशि में संशोधन करके 15000 रुपये किया है उसे लागू किया जाए । आम सभा का संचालन करते हुए यूनियन के उपाध्यक्ष गजेन्द्र राव ने स्थानीय मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्षों से संयंत्र स्थल के संचालन के पश्चात् आज तक भी प्रबंधन ने श्रम कल्याण अधिकारी की विधिवत नियुक्ति नहीं की है और ना ही कार्यरत महिला कर्मचारियों के बच्चों के लिए क्रेच की व्यवस्था की है जोकि फैक्ट्री एक्ट 1948 के विरुद्ध है। आम सभा को यूनियन के उपाध्यक्ष युवराज पाटिल, सांवर सिंह, विकास शर्मा, शम्भू लाल धाकड़, सद्धाम हुसैन, घनश्याम नागर आदि ने भी संबोधित करते हुए कर्मचारियों से एकजुट रहने एवं शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने का सन्देश दिया।

# शिक्षक संघ शेखावत की अगुवाई में जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा




## समस्याओं का निस्तारण नहीं होने पर प्रदेशभर में उग्र आंदोलन होगा

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत की अगुवाई में बुधवार को शिक्षको द्वारा जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर मुख्य सचिव के नाम जिला कलेक्टर चितौड़गढ़ कार्यालय को ज्ञापन सौंपा गया। राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के चित्तौड़गढ़ जिला अध्यक्ष जयपाल बुरड़क ने बताया कि शिक्षको के नीतिगत स्थानांतरण करने,लंबित डीपीसी पूर्ण करने, नई शिक्षा नीति 2020 की समीक्षा,शिक्षकों को बीएलओ सहित समस्त गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करना, पीएफआरडीए बिल रद्द कर राज्य कर्मचारियों के एनपीएस में जमा 50 हजार करोड़ रुपये वापस करने, संविदा भर्ती बंद कर प्रदेशभर में रिक्त एक लाख पदों पर नियमित भर्ती, पीडी मद का बजट एकमुश्त जारी करने, पंचायतीराज शिक्षको के स्थाईकरण के अधिकार जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा मुख्यालय को दिये जाने सहित शिक्षक वर्ग शिक्षकों की विभिन्न मांगो को सरकार द्वारा निरंतर नजरंदाज किया जा रहा है। जिससे शिक्षकों में असंतोष व्याप्त है। साथ ही सरकार समय पर शिक्षकों की उचित मांगो का निस्तारण करे।अन्यथा संगठन 5 अगस्त 2025 से प्रदेशभर में उग्र आंदोलन के लिए विवश होगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी सरकार की होगी। इस अवसर पर जिला संयुक्त मंत्री प्रदीप चौधरी,जिला कोषाध्यक्ष विकास जांगिड़, जिला उपाध्यक्ष सुनील यादव, निंबाहेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष सचिन मान, प्रमोद जांगिड़, श्रीराम, विमलेश सिहाग, विजय जांगिड़, रामगोपाल, शोभाग मीणा आदि शिक्षक एवं शिक्षक संघ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# हरिशेवा उदासीन आश्रम में गुरु पूर्णिमा पर होंगे भक्ति भाव से परिपूर्ण आयोजन, सायंकाल भंडारा भी होगा

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाडा, ( अमित शर्मा )।** गुरु पूर्णिमा पर्व के शुभ अवसर पर हरिशेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में इस वर्ष भी श्रद्धा, भक्ति और आस्था से ओतप्रोत आयोजन किया जाएगा। 10 जुलाई 2025, गुरुवार को यह पर्व महामण्डलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के पावन सान्निध्य में आश्रम परिसर में पारंपरिक रूप से मनाया जाएगा। पर्व की शुरुआत प्रात:काल सतगुरुओं की मूर्तियों, समाधि स्थलों, चरण पादुका, छड़ी साहब और अन्य पावन प्रतीकों की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना से होगी। पूजन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्वामी हंसराम जी स्वयं संपन्न करेंगे। इसके पश्चात आश्रम के संत, ब्रह्मचारी, श्रद्धालु शिष्य और संगतजन महामण्डलेश्वर जी का पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। पूजन उपरांत प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा। स्वामी हंसराम जी ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पर्व गुरु के प्रति श्रद्धा, सम्मान और आभार प्रकट करने का विशेष दिन है। 'गु' का अर्थ अंधकार और 'रु' का अर्थ प्रकाश होता है, अत: गुरु वह दिव्य शक्ति हैं जो अज्ञान के अंधकार को मिटाकर ज्ञान का आलोक फैलाते हैं। सायंकाल 5.30 बजे से 8.30 बजे तक सत्संग सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसमें गुरु पूर्णिमा सत्संग के साथ-साथ सतगुरु बाबा शेवाराम साहिब जी के मासिक प्राकट्य उत्सव का आयोजन भी शामिल होगा। इस अवसर पर भजन-कीर्तन, प्रवचन और गुरुवाणी का श्रवण किया जाएगा। सत्संग के पश्चात विशाल भंडारा प्रसादी का आयोजन होगा, जिसमें स्थानीय भक्तों के साथ दूर-दराज से आए श्रद्धालु भी भाग लेंगे।

# एसीबी की बड़ी कार्रवाई : सरपंच व ई-मित्र संचालक 24 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा, ( अमित शर्मा )।** भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) भीलवाड़ा ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए जहाजपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत इटुण्डा में सरपंच अन्नू सिंह और ई-मित्र संचालक को 24,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा। यह कार्रवाई ग्राम पंचायत कार्यालय परिसर में उस समय हुई जब दोनों आरोपी एक ठेकेदार से भुगतान पास कराने की एवज में रिश्वत ले रहे थे। सूत्रों के अनुसार, एसीबी को पहले ही शिकायत मिली थी कि ग्राम पंचायत में सफाई कार्यों के बिल पास करवाने के बदले सरपंच और ई-मित्र संचालक द्वारा 24 हजार रुपये की मांग की जा रही है। शिकायत की जांच कर पुष्टि होने के बाद एसीबी ने कार्रवाई की योजना बनाई और बुधवार को जाल बिछाकर दोनों को रिश्वत लेते हुए दबोच लिया। यह कार्रवाई एसीबी के डीएसपी पारस मल के नेतृत्व में की गई। टीम ने मौके से रिश्वत की राशि भी जब्त कर ली है। दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह राशि ग्राम पंचायत में हुए सफाई कार्यों के भुगतान को पास कराने के लिए ली जा रही थी। डीएसपी पारस मल ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकरण में यदि अन्य अधिकारी या कर्मचारी शामिल पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। गिरफ्तारी की खबर फैलते ही हनुमान नगर और आसपास के इलाकों में हलचल मच गई। गांव में इस कार्रवाई को लेकर दिनभर चर्चा बनी रही। ग्रामीणों ने एसीबी की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की कार्रवाइयों से पंचायतों में फैले भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी और जनहित में पारदर्शिता बढ़ेगी।

# रणथम्भौर दुर्ग में अब पहुंचा टाइगर गणेश

## वन विभाग ने श्रद्धालुओं की रोका प्रवेश, दीवार सही करवाने की लोगों ने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** रणथम्भौर स्थित दुर्ग में बुधवार को फिर टाइगर मूवमेंट लगातार बना रहा। गौरतलब है कि यहां पिछले माह के अंतिम सप्ताह में भी यहां टाइगर मूवमेंट देखा गया था। जिसके बाद इस माह के पहले सप्ताह में प्रवेश शुरू किया गया था। दो-तीन दिन बाद प्रवेश शुरू रहने के बाद फिर से बुधवार को त्रिनेत्र गणेश के श्रद्धालुओं को प्रवेश से रोक दिया गया। रणथंभौर टाइगर रिजर्व के रेंज ऑफ टाइगर प्रोजेक्ट रेंजर के अश्वनी प्रताप सिंह ने बताया कि बुधवार सुबह दुर्ग में टी—120 गणेश के आने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम दुर्ग में पहुंची। टीम को यहां टाइगर टी-120 गणेश का मूवमेंट नजर आया। जिसके चलते एतिहात के तौर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। टाइगर का मूवमेंट जंगल की ओर होने के बाद फिर से यहां पर श्रद्धालुओं के लिए दर्शन की अनुमति दी जाएगी।

# 23 जुलाई को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निम्बाहेड़ा में प्रस्तावित दौरे की तैयारियों के संदर्भ में विधायक कृपलानी ने ली बैठक

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** राजस्थान सरकार के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 23 जुलाई को निम्बाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र के संभावित एक दिवसीय दौरे के मद्देनजर 9 जुलाई, बुधवार को पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने छोटीसादड़ी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में विधायक कृपलानी ने छोटीसादड़ी उपखण्ड अधिकारी यतीन्द्र पोरवाल एवं पंस. विकास अधिकारी दिनेश कुमार मेघवाल सहित छोटीसादड़ी क्षेत्र के सार्वजनिक निर्माण विभाग, पंचायत राज विभाग, कृषि विभाग, सिंचाई विभाग, नगर पालिका, चिकित्सा विभाग, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, शिक्षा विभाग, वन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, तहसील विभाग सहित ब्लॉक स्तरीय विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारीगणों से चर्चा कर विभाग वाइज विकास कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर विधायक कृपलानी ने उपस्थित समस्त विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 23 जुलाई के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक कृपलानी ने क्षेत्र के प्रमुख प्रस्तावित विकास कार्यों को लेकर भी संवाद किया। पंचायत समिति छोटीसादड़ी के वीसी सभागार में आयोजित बैठक में विधायक कृपलानी के साथ पूर्व विधायक अशोक नवलखा, प्रतापगढ़ भाजपा जिलाध्यक्ष महावीर सिंह कृष्णावत, छोटीसादड़ी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल, भाजपा नगर अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, भाजपा पूर्वी मण्डल अध्यक्ष विक्रम कुमावत, भाजपा पश्चिम मण्डल अध्यक्ष लोकेश धाकड़, छोटीसादड़ी भाजपा नगर महामंत्री अजीत दुग्गड़, निम्बाहेड़ा भाजपा नगर महामंत्री देवकरण समदानी, पूर्व नगर अध्यक्ष रामचंद्र माली, पूर्व ग्रामीण मण्डल महामंत्री वरदीचंद धाकड़ आदि मौजूद रहे।

# मानसून में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सीएमएचओ ने दिए निर्देश, गुलाबपुरा और हुरड़ा केंद्रों का किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा, ( अमित शर्मा )।** जिले में मानसून के दौरान आमजन को समय पर गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित एवं सम्मानजनक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी. पी. गोस्वामी ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुलाबपुरा और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हुरड़ा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सा संस्थानों में स्वच्छता, सेवाओं की गुणवत्ता, प्रचार सामग्री और उपलब्ध संसाधनों का गहन मूल्यांकन किया। गुलाबपुरा सीएचसी के निरीक्षण के दौरान डॉ. गोस्वामी ने लेबर रूम, जननी वार्ड, सामान्य वार्ड, ऑपरेशन थिएटर और ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट की व्यवस्थाओं की विस्तार से



समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों में स्वास्थ्य जागरूकता सामग्री को उचित स्थानों पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए ताकि मरीजों और परिजनों को जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सके। सीएमएचओ ने ऑपरेशन थिएटर को जल्द से जल्द क्रियाशील करते हुए सिजेरियन डिलीवरी सेवाएं प्रारंभ करने के निर्देश दिए, जिससे स्थानीय महिलाओं को बेहतर मातृत्व सेवाएं मिल सकें। इसके अतिरिक्त, सीएचसी परिसर में जलभराव की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए नगरपालिका को जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान डॉ. विजय सिंह राठौड़, डॉ. बुधराज रायका, बीपीओ चंद्रशेखर सहित अन्य अधिकारी एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। डॉ. गोस्वामी ने चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि मानसून के मौसम में बीमारियों के फैलाव को देखते हुए सभी स्वास्थ्य इकाइयों को चुस्त-दुरुस्त रहना होगा और मरीजों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध करानी होंगी।

# गिव अप अभियान के सम्बन्ध में बैठक हुई आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**बून्दी ( अनन्त दाधीच )।** गिव अप अभियान की बैठक का आयोजन बुधवार को उपखण्ड अधिकारी बून्दी एच.डी. सिंह की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में उपखण्ड अधिकारी ने निर्देश दिये कि अपात्रता की श्रेणी में आ रहे सभी खाद्य सुरक्षा लाभार्थियों को योजना का स्वेच्छा से लाभ छोड़ने के लिये प्रोत्साहित किया जावें और उनके आवेदन जिला रसद कार्यालय में भिजवायें या ऑनलाइन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करें। जो उपभोक्ता खाद्य सुरक्षा योजना में अपात्र हैं और फिर भी योजना का लाभ नहीं छोड़ रहा हैं, ऐसे लोगों की पात्रता की जांच करने तथा अपात्र पाये जाने पर नाम हटाकर खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत वसूली की कार्यवाही करने के निर्देश दिये। आगामी सात दिवस में उक्त लोगों के चिन्हीकरण के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला रसद अधिकारी शिवजीराम जाट ने बताया कि खाद्य सुरक्षा योजना की निष्कासन श्रेणी के अनुसार ऐसे परिवार जिनमें कोई एक आयकर दाता हैं, सरकारी/ अर्द्धसरकारी/ स्वायतशाषी संस्थाओं में नियमित कर्मचारी हैं या एक लाख रूपये सालाना से अधिक पेंशन प्राप्त करता हैं, जिस परिवार के स्वामित्व में लघु कृषक की सीमा से अधिक कृषि भूमि हैं, जिस परिवार के ग्रामीण क्षेत्र में 2000 वर्गफीट से बड़ा व शहरी क्षेत्र में 1000 वर्गफीट से बडा मकान हैं, जिनके पास चार पहिया वाहन हैं (ट्रैक्टर एवं वाणिज्यिक वाहन को छोड़कर) ऐसे परिवार खाद्य सुरक्षा योजना की अपात्रता की श्रेणी में आते हैं। यदि ऐसे लोग अपात्र होने के बाद भी गेहूं का लाभ स्वेच्छा से नहीं छोड़ते हैं, तो इनकी जाँच करवाकर वसूली की विधिक कार्यवाही की जावेगी। बैठक में विकास अधिकारी बून्दी मनोज कुमार जैन, तहसीलदार बून्दी अर्जुन लाल मीणा, तहसीलदार रायथल प्रकाश चन्द मीणा, प्रवर्तन अधिकारी महकरण सिंह एवं उपखंड बूंदी के सभी ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी व राशन डीलर उपस्थित रहें।

# बीएलओ का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 7 जुलाई से शुरू, रोल प्ले और केस स्टडी से होगा व्यावहारिक अभ्यास

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा, ( अमित शर्मा )।** निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार समस्त विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों पर नियुक्त समस्त बूथ लेवल अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण 03 से 17 जुलाई 2025 के मध्य आयोजित किया जाना है। जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में भीलवाड़ा के समस्त विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केन्द्रों पर नियुक्त समस्त बूथ लेवल अधिकारियों का संबंधित विधानसभा स्तर पर ही 07 जुलाई से 50-50 के बैच में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। बीएलओ के प्रशिक्षण शिविर में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा बूथ लेवल अधिकारियों को मतदाता सूची से सम्बन्धित कानूनी प्रावधान, मतदाता सूची में नाम जोडने, हटाने तथा मतदाता सूची में विद्यमान प्रविष्टियों में संशोधन के लिए भरे जाने वाले आवेदनों को भरने की प्रक्रिया, भारत निर्वाचन आयोग के वोटर्स पोर्टल तथा वोटर्स हेल्पलाइन एप्प द्वारा ऑनलाइन फार्म भरने की प्रक्रिया के सम्बन्ध विस्तार से जानकारी दी जा रही है। बीएलओ के प्रशिक्षण को रोचक एवं प्रभावी बनाने के लिए प्रशिक्षण के दौरान



ही बीएलओ के छोटे-छोटे समूह बनाये जाकर रोल प्ले एवं केस स्टडी के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्यक्रम शीघ्र ही प्रारंभ होने वाला है। इस पुनरीक्षण कार्यक्रम में बूथ लेवल अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बन्ध में भारत निर्वाचन आयोग एवं निर्वाचन विभाग राजस्थान से दिशा निर्देश प्राप्त होने पर बूथ लेवल अधिकारियों को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान की जाने वाली गतिविधियों के सम्बन्ध में विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

# विधायक ने मालनमासी बालाजी में सार्वजनिक चौक का लोकार्पण किया

बढ़ता राजस्थान



**बून्दी ( अनन्त दाधीच )।** विधायक हरिमोहन शर्मा ने मालनमासी बालाजी की बावड़ी के सामने स्थित सार्वजनिक स्थान पर चौक निर्माण हेतु 5 लाख रूपये की अनुशंसा की थी जिसका निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात आज लोकार्पण किया गया! साथ ही शर्मा ने बताया कि मालनमासी बालाजी स्थित बावड़ी में पूर्ववर्ती सरकार द्वारा राजस्थान की विभिन्न बावड़ियों हेतु लगभग 10 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई थी जिसके अंतर्गत मेरे प्रयास से इस बावड़ी हेतु भी लगभग एक करोड़ की राशि स्वीकृत की गई थी। मालनमासी समिति के अध्यक्ष श्री नारायण सुमन ने विधायक हरिमोहन शर्मा का स्वागत सत्कार कर, धन्यवाद आभार जताया। लोकार्पण कार्यक्रम में बूंदी विधायक ने संबोधन में कहा कि मालनमासी बूंदी शहर सहित बूंदी जिले के आस्था का केंद्र है! हजारों श्रद्धालु प्रतिदिन मालन मासी मन्दिर में दर्शन करने आते हैं। भविष्य में भी इस स्थान हेतु आवश्यकता अनुसार विधायक कोष से राशि दी जाएगी। विधायक कोष का पैसा जनता का है जो जनता के लिए समर्पित है! साथ ही मेरा प्रयास है कि बूंदी शहर के धार्मिक स्थलों से जुड़ी समस्या का समाधान किया जाए! इस हेतु मैंने विधायक को से मांधाता बालाजी में पेयजल को पानी पहुंचाने हेतु 8.30 लाख रुपए और चामुंडा माता व्यू प्वाइंट में पानी की समस्या समाधान हेतु ट्यूबवेल और पानी की टंकी के 10 लाख रुपए की अनुशंसा की गई है जिसकी वित्तीय स्वीकृति आ गई है और जिसके टेंडर वन विभाग द्वारा लगा दिए गए हैं जल्दी उनका भी निर्माण कार्य पूर्ण होगा।

# बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर एवं मुस्लिम समाज के खिलाफ अभद्र अपमानजनक भड़काऊ पोस्ट डालने वाले कमल शर्मा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( प्रकाश खत्री )।** संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के एवं मुस्लिम समाज के लिए सोशल मीडिया पर कमल भटनागर निंबाहेड़ा द्वारा अभद्र अपमानजनक एवं भड़काऊ पोस्ट डालने पर विनय डागर निंबाहेड़ा द्वारा निंबाहेड़ा कोतवाली पुलिस थाना में कमल भटनागर के खिलाफ दिनांक 8 जुलाई 2025 को रिपोर्ट पेश की जिस पर पुलिस प्रशासन द्वारा तुरंत कार्यवाही करते हुए कमल भटनागर को गिरफ्तार कर लिया गया। उपरोक्त घटनाक्रम को लेकर कार्यवाही करने हेतु आज संजय शर्मा सर्किल इंस्पेक्टर सदर थाना निंबाहेड़ा से प्रतिनिधि मंडल मिला प्रतिनिधि मंडल में बिहारी लाल सोलंकी( पूर्व पार्षद) प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद, रामचंद्र बामनिया (पूर्व पार्षद) प्रदेश महासचिव एवं जिला अध्यक्ष मेघवाल समाज सुधार सोसाइटी रजिस्टर्ड, प्रकाश मेघवाल.पूर्व जिला अध्यक्ष भीम आर्मी, संपत राठौर, प्रदेश उपाध्यक्ष सफाई मजदूर कांग्रेस, राजेश गुशर, नगर अध्यक्ष सफाई मजदूर कांग्रेस नगर पालिका, राजेश रति ,नगर अध्यक्ष सफाई मजदूर कांग्रेस, गणेश डामोर पूर्व अध्यक्ष, राजेश छत्रपति पूर्व अध्यक्ष सफाई मजदूर कांग्रेस नगर पालिका आदि मिले और कमल भटनागर के खिलाफ कार्यवाही की मांग की जिस पर संजय शर्मा सर्किल इंस्पेक्टर द्वारा बताया कि कमल शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया है नियमाअनुसार कार्यवाही की जाएगी सभी को आश्वस्त किया। सौहार्दपूर्वक पूर्वक वार्तालाप हुई ज्ञान प्रकाश पुलिस कांस्टेबल भी उपस्थित थे।

"सफल व्यक्ति वह है जो खुद पर फेंकी गई ईंटों से मजबूत नीव बना ले "
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# यारलंग टैंगपो प्रोजेक्ट के जरिए आधे भारत को डुबाने वाला है चीन? टिक-टिक करता वॉटर बम कभी भी फट सकता है

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** खांडू ने ज़ोर देकर कहा कि अगर चीन अंतरराष्ट्रीय जल-बंटवारे समझौतों पर हस्ताक्षर करता, तो इस बांध के संभावित लाभ हो सकते थे, जैसे अरुणाचल प्रदेश, असम और यहाँ तक कि बांग्लादेश में मानसूनी बाढ़ को रोकना। लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे समझौतों के बिना, जोखिम गंभीर हैं। खांडू ने पूर्वोत्तर की आबादी की कमज़ोरियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मान लीजिए कि बांध बन जाता है और वे अचानक पानी छोड़ देते हैं, तो हमारा पूरा सियांग क्षेत्र नष्ट हो जाएगा। आदि जनजाति जैसे समुदाय ज़मीन, संपत्ति और यहाँ तक कि जान भी गँवा देंगे।अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने भारत की सीमा के ठीक पार ब्रह्मपुत्र के नाम से जानी जाने वाली यारलुंग त्सांगपो नदी पर



बन रही चीन की विशाल जलविद्युत परियोजना को लेकर कड़ी चेतावनी जारी की है। इसे टिक-टिक करता पानी का बम बताते हुए खांडू ने कहा कि यह परियोजना निचले इलाकों, खासकर अरुणाचल प्रदेश और असम में रहने वाले लोगों के अस्तित्व के लिए खतरा पैदा कर सकती है। खांडू ने कहा कि चीन द्वारा किसी भी अंतर्राष्ट्रीय जल-बंटवारा संधि का हिस्सा बनने से इनकार करना इस परियोजना को और भी चिंताजनक बनाता है। उन्होंने कहा कि मुद्दा यह है कि चीन पर भरोसा नहीं किया जा सकता। कोई नहीं जानता कि वे क्या कर सकते हैं। इससे हमारी जनजातियों और हमारी आजीविका पर अस्तित्व का खतरा मंडरा रहा है। यह काफी गंभीर है क्योंकि चीन इसका इस्तेमाल एक तरह के वाटर बम के रूप में भी कर सकता है।

खांडू ने ज़ोर देकर कहा कि अगर चीन अंतरराष्ट्रीय जल-बंटवारे समझौतों पर हस्ताक्षर करता, तो इस बांध के संभावित लाभ हो सकते थे, जैसे अरुणाचल प्रदेश, असम और यहाँ तक कि बांग्लादेश में मानसूनी बाढ़ को रोकना। लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे समझौतों के बिना, जोखिम गंभीर हैं। खांडू ने पूर्वोत्तर की आबादी की कमज़ोरियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मान लीजिए कि बांध बन जाता है और वे अचानक पानी छोड़ देते हैं, तो हमारा पूरा सियांग क्षेत्र नष्ट हो जाएगा। आदि जनजाति जैसे समुदाय ज़मीन, संपत्ति और यहाँ तक कि जान भी गँवा देंगे।

### भारत की प्रति-परियोजना का उद्देश्य जल सुरक्षा की रक्षा करना है

खांडू ने कहा कि जोखिमों को कम करने के लिए, अरुणाचल सरकार ने केंद्र के साथ मिलकर सियांग अपर बहुउद्देशीय परियोजना शुरू की है। उन्होंने कहा कि यह एक रक्षात्मक उपाय के रूप में काम करेगा और हमारी जल आवश्यकताओं की सुरक्षा करेगा। उन्होंने आगे कहा कि यदि भारतीय परियोजना समय पर पूरी हो जाती है, तो जल भंडारण और बाढ़ नियंत्रण में आत्मनिर्भरता सुनिश्चित होगी। उन्होंने दोहराया कि चीन ने नदी के अपने हिस्से में निर्माण शुरू कर दिया है या शुरू करने वाला है, लेकिन भारत के साथ कोई अपडेट या डेटा साझा नहीं किया। उन्होंने चेतावनी दी, लंबे समय में यदि बांध पूरा हो जाता है, तो हमारी सियांग और ब्रह्मपुत्र नदियाँ काफी हद तक सूख सकती हैं।

## बलरामपुर में एक जल्लाद को गिरफ्तार किया है... छांगुर बाबा के खिलाफ ऐक्शन पर बोले सीएम योगी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आजमगढ़ में एक पेड़ मां के नाम के तहत एक मेगा अभियान को संबोधित करते हुए कहा कि हमने बलरामपुर में एक जल्लाद को गिरफ्तार किया, जो हिंदू बहन-बेटियों की इज्जत के साथ खिलवाड़ करता था। उन्होंने सौफ तौर पर कहा कि हम समाज को टूटने नहीं देंगे और राष्ट्र-विरोधी, असामाजिक तत्वों को भी नष्ट करेंगे; साथ ही धरती माता की रक्षा भी करेंगे।उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में धर्मांतरण रैकेट चलाने वाले जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा के खिलाफ ऐक्शन पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने आजमगढ़ में बड़ा बयान दिया है। आजमगढ़ में %एक पेड़ मां के नाम% के तहत एक मेगा अभियान को संबोधित करते हुए कहा कि हमने बलरामपुर में एक जल्लाद को गिरफ्तार किया, जो हिंदू बहन-बेटियों की इज्जत के साथ खिलवाड़ करता था। उन्होंने सौफ तौर पर कहा कि हम समाज को टूटने नहीं देंगे और राष्ट्र-विरोधी, असामाजिक तत्वों को भी नष्ट करेंगे; साथ ही धरती माता की रक्षा भी करेंगे।



आपको बका दें कि जिला प्रशासन और पुलिस ने धर्मांतरण रैकेट के कथित सरगना के अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की अपनी कार्रवाई बुधवार को जारी रखी। जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा नामक इस सरगना को हाल ही में उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ते ने गिरफ्तार किया था। इससे पहले अयोध्या में योगी आदित्यनाथ ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत बुधवार को सरयू नदी के किनारे त्रिवेणी वाटिका में बरगद, नीम और पीपल के पौधे लगाकर इसे भगवान श्रीराम, धरती माता और जन्मदायिनी माता को समर्पित किया।

## सीएम रेखा गुप्ता के सरकारी आवास का नहीं होगा रेनोवेशन, 60 लाख का टेंडर रद्द



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रस्तावित पुनर्निर्माण में व्यापक विद्युत फिटिंग शामिल थी – इनमें 14 एयर कंडीशनर, कई टेलीविजन और अन्य विद्युत फिटिंग शामिल थीं, जिनका उद्देश्य सीएम के आधिकारिक आवास को उन्नत करना था। दिल्ली सरकार ने कुछ प्रशासनिक कारणों से मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के आधिकारिक आवास के लिए 60 लाख रुपये के नवीनीकरण के टेंडर को रद्द कर दिया। सीएम गुप्ता को लोक निर्माण विभाग द्वारा राज निवास मार्ग पर दो बंगले आवंटित किए गए थे – एक उनके आवास के लिए और दूसरा कैंप कार्यालय के लिए। उन्होंने पिछले हफ़्ते अपने कैंप कार्यालय का उद्घाटन किया था। प्रस्तावित पुनर्निर्माण में व्यापक विद्युत फिटिंग शामिल थी – इनमें 14 एयर कंडीशनर, कई टेलीविजन और अन्य विद्युत फिटिंग शामिल थीं, जिनका उद्देश्य सीएम के आधिकारिक आवास को उन्नत करना था।

फरवरी के चुनावों में भाजपा की शानदार जीत के बाद पहली बार विधायक बनीं और मुख्यमंत्री पद के लिए आश्चर्यजनक रूप से चुनी गईं गुप्ता को आधिकारिक आवास के रूप में बंगला आवंटित होने में लगभग 100 दिन लग गए। आखिरकार जून की शुरुआत में आवंटन हुआ; दिल्ली के सिविल लाइंस इलाके में राज निवास मार्ग पर स्थित आस-पास की संपत्तियाँ गुप्ता को उनके मुख्यमंत्री कार्यकाल की अवधि के लिए दे दी गईं।

गुप्ता ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सिविल लाइंस स्थित बंगले में रहने से इनकार कर दिया था, क्योंकि यह आम आदमी पार्टी के मुखिया पर भाजपा के हमले का केंद्र बिंदु बन गया था। भाजपा ने इस घर को %शीशमहल% करार दिया था और केजरीवाल पर करदाताओं के करोड़ों रुपये भव्य नवीनीकरण पर खर्च करने का आरोप लगाया था।

# राजस्थान में छात्रसंघ चुनाव बहाली की मांग:आरयू में छात्रों का प्रदर्शन

### नेताओं के कट-आउट के साथ निकाली रैली, बोले- मांग नहीं मानी तो करेंगे आंदोलन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** राजस्थान में छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर युवाओं का आंदोलन बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में राजस्थान यूनिवर्सिटी( आरयू) में बुधवार को अनोखा प्रदर्शन किया गया। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत समेत छात्र राजनीति से मुख्य धारा की राजनीति में आने वाले राजनेताओं के कट-आउट के साथ छात्रों ने चुनाव बहाली की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

**छात्र नेता बोले- सरकार से चुनाव कराने की मांग**

चुनाव की मांग को लेकर पिछले 2 साल से आंदोलन कर रहे छात्र नेता शुभम रेवाड़ ने




कहा कि सरकार किसी भी योजना को तब बंद करती है, जब उसके नतीजे नहीं निकल रहे हो। प्रदेश सरकार ने यह माना था कि छात्र संघ चुनाव का कोई नतीजा नहीं निकल रहा है। लेकिन आज हम राजस्थान के नेताओं के कट-आउट के साथ प्रदर्शन कर रहे हैं, जो छात्र संघ चुनाव से निकले है। आज भी अगर विधानसभा और संसद में युवाओं की कोई बात या मुद्दा आता है। तो यह सभी वह लोग हैं, जो हमारी मांग उठाते हैं। यह सभी लोग देश की दशा और दिशा दोनों में अपना अहम योगदान रखते हैं। इसलिए आज हम सभी लोग इन पूर्व छात्र नेताओं के जरिए सरकार से चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं। शुभम ने कहा कि मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि अगर शरीर के किसी अंग में चोट लगती है, तो उसे अंग का इलाज किया जाता है, न की पूरे शरीर का इलाज किया जाता है। ऐसे ही अगर छात्र संघ चुनाव को लेकर सरकार को किसी तरह की समस्या है, तो उन्हें उस समस्या का समाधान निकलना चाहिए।

लेकिन, यह तरीका ठीक नहीं की सरकार छात्रसंघ चुनाव का आयोजन ही बंद कर दे। आज हमने शांतिप्रिय तरीके से प्रदर्शन कर अपनी जायज मांग को यूनिवर्सिटी प्रशासन और सरकार तक पहुंचाने की कोशिश की है। लेकिन अगर इसके बाद भी सरकार ने हमारी मांग को पूरा कर छात्र संघ चुनाव बहाल नहीं किए।

## एलजी की रुकावटों के बावजूद हमने किए बहुत काम, केजरीवाल बोले- मेरे को तो मिलना चाहिए नोबेल प्राइज

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केजरीवाल ने कहा कि 26 नवंबर 2012 को जब आम आदमी पार्टी का रजिस्ट्रेशन हुआ तो सभी मीडिया वालों ने कहा कि इनकी जमानत ज़ब्त हो जाएगी। लेकिन एक साल बाद चुनाव में 28 सीट आई और हमारी सरकार बन गई। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने यह कहकर एक नई राजनीतिक बहस छेड़ दी है कि वे शासन और प्रशासन के लिए नोबेल पुरस्कार के हकदार हैं। पंजाब के मोहाली में एक जनसभा को संबोधित करते हुए



केजरीवाल ने कहा कि जब तक हमारी सरकार दिल्ली में सत्ता में थी, तब तक हमें काम करने की अनुमति नहीं दी गई, फिर भी हमने काम किया। मुझे लगता है कि मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान मैंने दिल्ली में जितना काम किया है, उसके लिए मुझे शासन और प्रशासन का नोबेल पुरस्कार मिलना चाहिए।

केजरीवाल लंबे समय से दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना पर राष्ट्रीय राजधानी में आप के प्रयासों को पटरी से उतारने के लिए केंद्र सरकार के निर्देशों पर काम करने का आरोप लगाते रहे हैं। उन्होंने अपना आरोप दोहराया कि भाजपा ने आप द्वारा शुरू की गई पहलों को सक्रिय रूप से विफल करने के लिए नगर निगम का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि आप ने इतनी कठिनाइयों का सामना करते हुए दिल्ली में मोहल्ला क्लीनिक बनाए।

## मस्क की कंपनी को भारत में सभी मंजूरियां मिलीं- हाईस्पीड सैटेलाइट इंटरनेट देगी स्टारलिंक

### दावा- दूरदराज के इलाकों में भी नेटवर्क मिलेगा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर सैटेलाइट को सिग्नल भेजता है। सिग्नल सैटेलाइट से टकराकर वापस आता है, जिसे डिश कैप्चर करती है। डिश यूजर्स के मॉडेम से जुड़ा होता है, जो कंप्यूटर सहित अन्य डिवाइस को इंटरनेट प्रोवाइड करता है। -इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर सैटेलाइट को सिग्नल भेजता है। सिग्नल सैटेलाइट से टकराकर वापस आता है, जिसे डिश कैप्चर करती है। डिश यूजर्स के मॉडेम से जुड़ा होता है, जो कंप्यूटर सहित अन्य डिवाइस को इंटरनेट प्रोवाइड करता है।इलॉन मस्क की कंपनी स्टारलिंक को भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस शुरू करने का आखिरी रेगुलेटरी अप्रूवल मिल गया है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से ये जानकारी दी।स्टारलिंक तीसरी कंपनी है, जिसे भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस ऑपरेट करने का लाइसेंस मिला है। इससे पहले वनवेब और रिलायंस जियो को मंजूरी मिली थी।

सवाल 1- स्टारलिंक क्या है और ये खास क्यों है?





जवाब--स्टारलिंक, स्पेसएक्स का प्रोजेक्ट है, जो सैटेलाइट्स के जरिए हाई-स्पीड इंटरनेट देता है। इसके सैटेलाइट्स पृथ्वी के करीब घूमते हैं, जिससे इंटरनेट तेज और स्मूथ चलता है। ये खासकर उन इलाकों के लिए फायदेमंद है, जहां आम इंटरनेट नहीं पहुंचता- जैसे गांव या पहाड़।

सवाल 2- स्टारलिंक को लाइसेंस मिलने में इतना वक्त क्यों लगा?

जवाब- स्टारलिंक भारत में एंट्री के लिए 2022 से कोशिश कर रही थी, लेकिन सिक्योरिटी चिंताओं की वजह से देरी हुई। भारत सरकार ने डेटा सिक्योरिटी और कॉल इंटरसेप्शन जैसी शर्तें रखी थीं।

स्टारलिंक ने इन शर्तों को माना और मई 2025 में उसे लेटर ऑफ इंटेंट मिलने के बाद टेलिकॉम डिपार्टमेंट का लाइसेंस मिला। अब उसे आखिरी रेगुलेटरी अप्रूवल यानी, इंडियन नेशनल स्पेस प्रमोशन एंड ऑथराइजेशन सेंटर का अप्रूवल भी मिल गया है।

सवाल 3- अब स्टारलिंक को सर्विस शुरू करने के लिए और क्या करना होगा?

जवाब- लाइसेंस मिलने के बाद स्टारलिंक को अब सरकार से स्पेक्ट्रम हासिल करना होगा। भारत में ग्राउंड इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करना होगा।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# पनडुब्बियां ठप, डॉकयार्ड में जंग खाते जहाज, ऑपरेशन सिंदूर की चोट से अब तक नहीं उबर पाई पाकिस्तानी नेवी

बढ़ता राजस्थान

**इस्लामाबाद ( एजेंसी )।** भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू चलाया तो हिंद की सेना ने न केवल हवाई और ज़मीनी हमले का समर्थन किया, बल्कि अरब सागर को भी घेर लिया। भारतीय नौसेना के कैरियर बैटल ग्रुप ने पाकिस्तान के हवाई और समुद्री तत्वों के लिए एक तरह से नो-एक्सेस ज़ोन बना दिया। मिग-29के. विमानों ने ऊपर से गश्त की। ऑपरेशन सिंदूर के कुछ सप्ताह बाद भी पाकिस्तान की नौसेना अपने ही समुद्र से गायब है। पाक नौसेना आज पूरी तरह से अस्त-व्यस्त है, जो खस्ताहाल युद्धपोतों, विफल चीनी तकनीक, खोखली पनडुब्बी शाखा और गिरते मनोबल से ग्रसित नजर आ रही है। जब भारत की नौसेना अटैकिंग मोड में नजर आया और गहरे समुद्र में निगरानी करने तक



का पूरा प्रभुत्व दिखाया, तब पाकिस्तान का नौसैनिक बेड़ा दूर दूर तक नजर नहीं आया।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद, पाकिस्तानी नौसेना दहशत में है?

भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू चलाया तो हिंद की सेना ने न केवल हवाई और ज़मीनी हमले का समर्थन किया, बल्कि अरब सागर को भी घेर लिया। भारतीय नौसेना के कैरियर बैटल ग्रुप ने पाकिस्तान के हवाई और समुद्री तत्वों के लिए एक तरह से नो-एक्सेस ज़ोन बना दिया। मिग-29के. विमानों ने ऊपर से गश्त की। स्टील्थ फ्रिगेट्स ने रडार साइलेंस लागू किया। कराची बंदरगाह पर नज़र रखी जा रही थी और पाकिस्तानी नौसेना तो मानो इसे देखकर अंडरग्राउंड हो गई हो। ऑपरेशन के दौरान या बाद में एक भी लड़ाकू जहाज ने भारत के प्रभुत्व को चुनौती नहीं दी। पाकिस्तान के प्रमुख युद्धपोत हफ़्तों से कराची से बाहर नहीं निकले हैं। जब भारत ने अपने मिसाइल परीक्षणों और समुद्र से की गई उड़ानों को सार्वजनिक किया, तब भी इस्लामाबाद तैयारी का दिखावा करने के लिए छेड़छाड़ की गई तस्वीरों का इस्तेमाल करते हुए भी तस्वीरों को मैनेज करने के लिए संघर्ष कर रहा था। एक वायरल तस्वीर एडिट की हुई निकली, जिसमें एक मिसाइल लॉन्च दिखाया गया था जो कभी हुआ ही नहीं।

### पाकिस्तान के युद्धपोत खस्ता हाल में पड़े

इस संकट की जड़ में पाकिस्तान का खस्ताहाल बेड़ा है। उसकी नौसेना की रीढ़ अभी भी 1990 के दशक में हासिल किए गए ब्रिटिश मूल के टाइप-21 फ्रिगेट हैं। अपनी सेवा अवधि से बहुत पहले ही ये जहाज अब लगातार महंगे रखरखाव की मांग करते हैं और इनके स्पेयर पार्ट्स या तो अनुपलब्ध हैं या पुराने हो चुके हैं। इसके अलावा, 2021 और 2023 के बीच वितरित किए गए नए चीनी टाइप-054 फ्रिगेट भी हैं, जिन्हें पाकिस्तान के नौसैनिक आधुनिकीकरण का प्रतीक माना जाता था। लेकिन वे भी रडार की गड़बड़ियों, प्रणोदन विफलताओं और न ठीक हो सकने वाली खामियों से ग्रस्त होकर सूखी गोदी में वापस आ गए हैं। कराची शिपयार्ड, जो पहले से ही बोझ तले दबा हुआ है, के पास इनकी मरम्मत के लिए डायग्नोस्टिक सिस्टम या सॉफ्टवेयर का अभाव है। चीनी इंजीनियरों को शामिल करने के प्रयास लागत और तकनीकी हस्तांतरण के मुद्दों के कारण रुक गए हैं। नतीजा? गश्त के लिए बनाए गए जहाज अब घाटों की शोभा बढ़ा रहे हैं। भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद से इनमें से एक भी चीनी फ्रिगेट सक्रिय अभियानों में नहीं रहा है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार